मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.3 | 27.6 |
| जमशेदपुर | 35.5 | 27.2 |
| डालटनगंज | 29.4 | 25.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 01 अगस्त 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 114 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### झारखंड विधानसभा में 8 घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा : सदन में धरना देने की जिद पर अड़े भाजपा विधायकों पर देर रात हुआ एक्शन

# पहले बत्ती गुल, फिर मार्शल ने जबरन बाहर निकाला

- बोले भानु प्रताप शाही–हम रात भर विस परिसर में ही रहेंगे, मार्शल आउट के बाद भी हमारे हौसले ठंडे नहीं पड़े हैं
- **जब तक राज्य के युवाओं के साथ न्याय नहीं होगा, भाजपा के विधायक रुकेंगे नहीं**

**कौशल/शुभम। रांची**

विधानसभा में बुधवार को हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ. सदन के वेल में धरना दे रहे विधायकों को करीब 8 घंटे बाद देर रात 10.15 बजे मार्शल ने सदन से बाहर निकाल दिया. सभी विधायक विस परिसर में ही धरने पर बैठ गए. उनका कहना था कि सीएम के जवाब देने तक हम यहीं जमे रहेंगे.

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही और विरंची नारायण ने आरोप लगाया कि स्पीकर ने मार्शल आउट करवाया है. लेकिन हम पूरी रात यहीं पर रहेंगे. मार्शल आउट के बाद भी हमारे हौसले बुलंद हैं. सीएम वादा पूरा करें वरना जनता से माफी मांगें. हमारी यही मांग है. भाजपा 15 मुद्दों पर सरकार को घेर रही थी. सीएम से जवाब नहीं मिलने पर विधायक वेल में ही धरने पर बैठ गए थे.

इससे पूर्व दिन में सदन में हंगामा इतना बढ़ा कि स्पीकर ने कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी. स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा,विपक्ष सदन चलने देना नहीं चाहता. सरकार का उत्तर सुनना नहीं चाहता है. इसलिए भारी मन और नेता प्रतिपक्ष के व्यवहार से आहत होकर सदन की कार्यवाही को गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित करता हूं. भाजपा की ओर मुखातिब होकर कहा, आप की व्याकुलता को मैं समझ रहा हूं. लेकिन सदन को इस व्याकुलता का अंग बनने नहीं देंगे. मैं इस चीज को मान गया हूं कि विपक्ष सदन चलने देना नहीं चाहता. सदन स्थगित होने के बाद भाजपा विधायक धरने पर बैठ गए. शाम 5.15 बजे विस की बिजली-पानी काट दिया गया. सदन की बत्ती बुझा दी गई और भाजपा विधायक अंधेरे में डटे रहे.

इस दौरान मान-मनौव्वल भी हुई. खुद सीएम हेमंत सोरेन शाम 5.55 बजे सदन में पहुंचे और विधायकों से बात की. मगर वे अपनी मांग पर अड़े रहे. हेमंत बोले- सदन स्थगित होने के बाद नेता सदन के नाते मैं जवाब नहीं दे सकता हूं. और वे चले गए. इसके बाद भाजपा के विधायक गमछा बिछा कर वेल में ही लेट गए. कुछ लोगों ने घर से दवाइयां भी मंगाईं. देर रात विस परिसर में ही सभी विधायको मेडिकल चेकअप भी किया गया. इस दौरान भानु शाही ने कहा, सरकार माफी मांगे या 5 लाख के हिसाब से 25 लाख नौकरियां दे. सरकार से हमें जवाब चाहिए. हम रुकेंगे नहीं.

-शेष पेज 7 पर

**स्पीकर ने कहा** आपकी व्याकुलता को समझते हैं, आप सदन चलने नहीं देना चाहते, सरकार का जवाब नहीं सुनना चाहते





**विधानसभा परिसर में जमे विधायक:** वेल में धरने पर बैठे भाजपा विधायकों को रात 10.15 बजे मार्शल आउट करवाया गया. इस दौरान एक-विधायक को टांग कर मार्शल सदन से बाहर लाए. इसके बाद विस परिसर में ही धरना शुरू हो गया. **फोटो। रमीज**



## ऐसे चला विधानसभा में घटनाक्रम : विपक्ष अचानक हो गया आक्रामक

- बुधवार को दिन में सदन का दूसरे सेशन का कामकाज सामान्य रूप से शुरू हुआ.
- भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने क्षेत्र की समस्या को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के रूप में उठाया. जिसका जवाब मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया और मांगों पर सहमति जताई.
- इसी बीच अचानक नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी बोलने के लिए उठे. इस पर स्पीकर ने आपत्ति जताई, कहा- जनता के सवाल आ रहे हैं, उसे आने दें, सरकार का भी उत्तर आने दें. मगर नेता प्रतिपक्ष नहीं माने.
- बाउरी ने झारखंड के पारा शिक्षक, सहिया, जल सहिया, पोषण सखी सहित पूरे राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत अनुबंध कर्मियों का मामला उठाया और कहा कि वर्तमान विधानसभा का यह अंतिम सत्र है, इसलिए ऐसा नहीं होगा कि मुख्यमंत्री सत्र के अंतिम दिन अपनी बातों को रखें और चले जाएं. हम पूरी रात मुख्यमंत्री को सुनने को तैयार हैं, मगर आज ही मुख्यमंत्री को बोलना चाहिए.
- इसी बीच भाजपा विधायक वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे. ठीक इसके बीच में ही भाजपा के एक विधायकों ने लंबा पोस्टर निकाल लिया और उसे वेल में पकड़ कर खड़े हो गए.
- इस पोस्टर में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा 2019 में किए गए वादों के नारे लिखे हुए थे. जिसमें 1932 का खतियान, ओबीसी आरक्षण, हर साल पांच लाख नौकरी देने, नौकरी नहीं देने पर बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने सहित कई अन्य प्रकार के नारे लिखे थे.
- नाराज होकर स्पीकर ने कार्यवाही 2.30 बजे गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी.
- हाउस स्थगित होने के बाद भाजपा विधायक वेल में ही नीचे फर्श पर धरने पर बैठ गए.
- शाम के साढ़े चार बजे के करीब कार्यवाही स्थल का बिजली काट दी गयी.
- 5.55 बजे सीएम पहुंचे और विधायकों से बात की. मगर वो नहीं माने. उन्होंने कहा कि सदन में अपने बयान देने को लेकर जब तक स्पीकर कोई निर्देश नहीं देते हैं, हम बैठे रहेंगे. सीएम ने कहा- हम स्पीकर की अनुमति के बगैर कुछ भी बोल नहीं दे सकते हैं. मगर भाजपा विधायक अपनी मांग पर अड़े रहे.
- शाम 6.10 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा विधायकों से बात करने के बाद अपने आवास के लिए निकल गए.
- भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता विधानसभा गेट के पास धरने पर बैठ गए.
- देर शाम सभी विधायक गमछा बिछा कर वेल में ही लेट गये. कुछ ने घर से दवाइयां मंगा ली.
- रात करीब 10 बजे विस सचिव पहुंचे. इसके बाद मार्शल ने सभी विधायकों को जबरन लाद-लाद कर सदन से बाहर कर दिया.
- सभी विधायक देर रात तक परिसर में जमे थे.

## जब से जेल से बाहर आया हूं, ज्यादा ही कांटा चुभ रहा: हेमंत

**रांची।** विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर खुल कर निशाना साधा, कहा- जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा ही कांटा चुभ रहा है. विपक्षियों की बहुत सारी चिंताएं हैं. सीट पर बैठ नहीं पाते हैं. इनकी कुर्सी में कांटा है. झट से खड़े हो जाते हैं. विपक्षियों को भरपूर रूप से संतुष्ट करूंगा. इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा, इनकी मंशा भी समझ लिए. सभी सवालों को नोट किया जा रहा है, इसका बिंदुवार जवाब दिया जाएगा. नौकरी से लेकर बाकी सारी इच्छाओं का जवाब दिया जाएगा. आपलोग जरूर सुनिएगा. सीएम सदन में अनंत ओझा के पेयजलापूर्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खड़े हुए थे. इससे पहले अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच साहिबगंज जलापूर्ति योजना को लेकर बहस चल रही थी.सीएम ने कहा कि अनंत ओझा हमारे जिले के साथी हैं. दो दिन पहले ही मैनें जलापूर्ति योजना को देखा था. 2013-14 में मैनें ही इसकी आधारशिला रखी थी. वहां पर कई समस्याएं हैं. गंगा समान्य नदी नहीं हैं. गंगा से पानी लेने की लंबी प्रक्रिया है. देश के एक बड़े व्यापारी अडाणी का भी फोन आया था. इस प्रोजेक्ट के लिए काफी डायवर्जन करना पड़ा. कई अचड़ने आई हैं. इस विषय पर मैं संज्ञान लेता हूं. इसको मैं खुद देखूंगा. जल्द से जल्द मिल-जुल कर ये काम पूरा करेंगे.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65,100 |
| चांदी (किलो) | 87,000 |

## ब्रीफ खबरें

### प्रीति सूदन यूपीएससी की नयी अध्यक्ष बनीं

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की अध्यक्ष नियुक्त किया है. इससे पहले मनोज सोनी ने इस महीने के प्रारंभ में यूपीएससी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था. सूदन गुरुवार को यूपीएससी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगी. वह फिलहाल आयोग की सदस्य हैं.

### साइबर अटैक की चपेट में आए 300 छोटे बैंक

**नयी दिल्ली।** टेक्नोलॉजी सर्विस प्रोवाइडर सी-एज टेक्नोलॉजीस पर साइबर अटैक हुआ है. इससे देश के करीब 300 छोटे बैंकों का बैंकिंग से जुड़ा कामकाज ठप पड़ गया है. यहां तक कि ग्राहक एटीएम से पैसा नहीं निकाल पा रहे. वहीं, यूपीआई से अमाउंट ट्रांसफर करने में भी दिक्कत हो रही है. इन तकनीकी समस्या का असर न सहकारी बैंकों और ग्रामीण क्षेत्रीय बैंकों के ग्राहकों पर पड़ा है, जो स्टेट बैंक और टीसीएस के जॉइंट वेंचर सी-एज टेक्नोलॉजीस पर निर्भर हैं.

### नहीं रहे पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़

**कोलकाता।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ का ब्लड कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 71 साल की उम्र में निधन हो गया. दो वर्ल्ड कप खेलने वाले गायकवाड़ 1997 से 1999 और फिर 2000 में टीम के हेड कोच भी थे. अंशुमन के इलाज के लिए बीसीसीआई ने एक करोड़ की मदद की थी. उन्होंने 1974 में भारत के लिए डेब्यू किया था और 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले.

### कांग्रेसी अति आत्मविश्वास नहीं पालें : सोनिया गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि देश में माहौल पार्टी के पक्ष में है, लेकिन अति आत्मविश्वास और आत्मसंतुष्टि नहीं होनी चाहिए तथा एकजुट होकर काम करना है.

-पेज 12 भी देखें

### गडकरी ने अपनी ही सरकार से कर दी बड़ी मांग, वित्त मंत्री को पत्र लिख कर कहा

# जीवन बीमा के प्रीमियम से हटाएं जीएसटी

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं. उन्होंने अपनी ही सरकार से लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस के प्रीमियम पर लगने वाला जीएसटी वापस लेने की मांग ही है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे एक पत्र में गडकरी ने कहा कि इस कदम से बीमा कंपनियों पर टैक्स का बोझ कम होगा और देश में महत्वपूर्ण बीमा उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलेगा.

28 जुलाई को लिखे अपने पत्र में गडकरी ने कहा, नागपुर मंडल लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन एम्पलॉइज यूनियन ने मुझे इंश्योरेंस इंडस्ट्री से संबंधित मुद्दे पर एक ज्ञापन सौंपा है और उसे आपके सामने उठाने का अनुरोध किया है. यूनियन का मुद्दा लाइफ एंड मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम से जीएसटी वापस लेने से है, दोनों में ही 18% की जीएसटी लगता है.उन्होंने कहा, लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने के समान है. यूनियन का मानना है कि व्यक्ति जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर करने के लिए इंश्योरेंस खरीदता है, इसलिए उस पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए.



### प्राथमिकता से विचार करने का आग्रह

गडकरी ने सीतारमण को लिखे पत्र में कहा, वित्त मंत्री जी, आपसे अनुरोध है कि लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने के सुझाव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करें, क्योंकि यह सीनियर सिटीजन के लिए बोझिल हो जाता है. उन्होंने कहा, इसी तरह, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी इस सेगमेंट के विकास के लिए एक बाधा साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से आवश्यक है. गडकरी ने कहा, यह जीवन बीमा के जरिए बचत के अंतर उपचार, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए आयकर कटौती को फिर से शुरू करने और सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के कंसॉलिडेशन की ओर भी इशारा करता है.

### बजट को लेकर हो रही आलोचना

बता दें कि गडकरी ने वित्त मंत्री को यह पत्र ऐसे समय लिखा है जब पिछले हफ्ते नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर कई पक्षों की आलोचना हो रही है. विपक्ष ने जहां केंद्र पर केवल अपने प्रमुख सहयोगी टीडीपी और जेडीयू शासित राज्यों के प्रति उदार होने का आरोप लगाया है, वहीं सोशल मीडिया यूजर्स के एक बड़े वर्ग ने सैलरीड क्लास के लिए हाई टैक्स रेट की ओर इशारा किया है. वित्त मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र ने सभी राज्यों को धन मुहैया कराया है. उन्होंने कहा कि अगर बजट भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह कवर नहीं है.

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराये में रियायत बहाल हो, उठी मांग

**नयी दिल्ली।** निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और टीएमसी की सांसद जून मालिआ ने बुधवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराये में रियायत की व्यवस्था बहाल की जाए. पप्पू यादव ने यह भी कहा कि बुजुर्गों के साथ ही पत्रकारों को रेल किराए में मिलने वाली रियायत को बहाल किया जाए. उन्होंने कहा कि ट्रेन में महिलाओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा ट्रेनों में जनरल डिब्बा बढ़ाने की जरूरत है. झामुमो सांसद जोबा मांझी ने कहा कि झारखंड में रेल हादसे की उच्च-स्तरीय जांच की जानी चाहिए.

# खनिजों पर केंद्र की रॉयल्टी राज्यों को लौटाने पर फैसला सुरक्षित

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने किया संबंधित याचिकाओं का विरोध

- **कहा- इससे संघीय ढांचा कमजोर होगा**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 1989 से खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर केंद्र द्वारा लगाई गई रॉयल्टी राज्यों को लौटाने के मुद्दे पर अपना फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 25 जुलाई को 8:1 के बहुमत वाले फैसले में कहा था कि राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है और खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी कोई कर नहीं है. शीर्ष अदालत के इस फैसले से खनिज संपन्न राज्यों के राजस्व में भारी वृद्धि होगी. लेकिन इससे फैसले के क्रियान्वयन के संबंध में एक और विवाद खड़ा हो गया.

सीजेआई की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने केंद्र, राज्यों तथा खनन कंपनियों की दलीलों को सुनने के बाद इस विषय पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि क्या 25 जुलाई के उसके फैसले को आगे लागू किया जाएगा या पूर्वव्यापी प्रभाव से.



पीठ में न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल रहे.

**केंद्र ने किया रॉयल्टी लौटाने का विरोध :** केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 25 जुलाई के फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू करने से आम आदमी पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि कंपनियां उन पर वित्तीय बोझ डालेंगी. केंद्र ने कोर्ट में उस याचिका का विरोध किया, जिसमें खनिज संपन्न राज्यों ने 1989 से खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर उसके द्वारा लगायी रॉयल्टी वापस करने का अनुरोध किया गया है. रॉयल्टी वह भुगतान है, जो उपयोगकर्ता पक्ष बौद्धिक संपदा या अचल संपत्ति परिसंपत्ति के मालिक को अदा करता है. केंद्र ने कहा कि उसे राज्यों को पूर्वव्यापी प्रभाव से रॉयल्टी वापस करने के लिए कहने वाले किसी भी आदेश के बहुआयामी प्रभाव होंगे.

### झारखंड ने रॉयल्टी क्रमबद्ध तरीके से वापस करने का किया अनुरोध

झारखंड खनिज विकास प्राधिकरण की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने अदालत से 25 जुलाई के फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू करने और रॉयल्टी को क्रमबद्ध तरीके से वापस करने का निर्देश देने का अनुरोध किया. विपक्षी दलों द्वारा शासित कुछ खनिज संपन्न राज्यों ने शीर्ष अदालत से इस फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू करने का अनुरोध किया, ताकि वे केंद्र से रॉयल्टी वापस मांग सकें. बहरहाल, केंद्र ने ऐसे किसी आदेश का विरोध करते हुए कहा कि इसका बहुआयामी' प्रभाव होगा. खनन से जुड़ी कंपनियों ने भी खनिज वाले राज्यों को रॉयल्टी वापस करने के मुद्दे पर केंद्र के दृष्टिकोण का समर्थन किया है.

**विडंबना** सिर्फ 35 बालू घाटों को ही मिल पाई है पर्यावरण स्वीकृति, कैटेगरी टू के सिर्फ 23 बालू घाट चालू

# बालू घाटों पर अब भी पेंच, 444 में से 409 को पर्यावरण स्वीकृति नहीं

**रवि भारती। रांची**

झारखंड के बालू घाटों को लेकर अब भी पेंच फंसा हुआ है. जेएसएमडीसी द्वारा संचालित 444 बालू घाटों में से 409 को अब तक पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिली है. सिर्फ 35 बालू घाटों को ही पर्यावरण स्वीकृति मिल पाई है. फिलहाल एनजीटी ने 15 अक्तूबर तक बालू घाटों से बालू के उत्खनन पर रोक लगा रखी है. वहीं कैटेगरी टू के बालू घाटों के लिए 256 एमओडी चयनित किया गया है. 148 एमओडी के साथ इकरारनामा निष्पादित किया गया है.

**रियल इस्टेट सेक्टर हो गया डांवाडोल :** बालू उत्खनन पर रोक के कारण रियल इस्टेट की स्थिति भी डावांडोल हो गई है. बालू की कालाबाजारी चरम पर है. बालू की बढ़ी कीमतों के कारण घर बनाना मुश्किल हो गया है. निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं. रियल इस्टेट सेक्टर डावांडोल है. हालांकि पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिया का गठन हो चुका है. लेकिन पर्यावरण स्वीकृति देने की प्रक्रिया धीमी हो गई है. बालू घाटों के संचालन के लिए इंवायरमेंटल क्लीयरेंस जरूरी है, इसके बिना बालू का उठाव नहीं हो सकता है. सिया से इंवायरमेंटल क्लीयरेंस मिलने के बाद बालू घाट संचालन के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से कसेंट टू एस्टेबलिश (सीटीई) और कंसेंट टू एस्टेबलिश (सीटीई) मिलता है. इसके बाद ही बालू उठाव के लिए एनजीटी से एनओसी लिया जा सकता है.



### किस साल कितना जुर्माना और कितनी एफआइआर

| वित्तीय वर्ष | जब्त वाहन | एफआइआर | जुर्माना (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 2019-20 | 2237 | 448 | 172.75 |
| 2020-21 | 3217 | 448 | 346.04 |
| 2021-22 | 2608 | 441 | 417.62 |
| 2022-23 | 3574 | 875 | 595.78 |
| 2023-24 | 3459 | 1048 | 556.0 |
| 2024-25 | 1189 | 301 | 256.62 |

### अवैध बालू के खिलाफ सरकार का एक्शन

अवैध बालू उठाव के खिलाफ सरकार एक्शन में है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2019-20 में सरकार की ओर अवैध बालू उठाव कार्रवाई करते हुए 448 वाहन जब्त किए थे, और 1.72 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला था. वहीं चार साल बाद वित्तीय वर्ष में अवैध बालू के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई करते हुए 5.56 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला. 1048 एफआइआर भी दर्ज किया गया. वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2.56 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला जा चुका है. 301 एफआइआर दर्ज की जा चुकी हैं.

# आरएसएस की आलोचना करना संविधान के खिलाफ: धनखड़

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को आरएसएस का बचाव किया. उन्होंने कहा कि आरएसएस की आलोचना करना संविधान के खिलाफ है. जो ऐसा कर रहे हैं, वो संविधान को रौंदने जैसा है. आरएसएस देश की सेवा करता है. इससे जुड़े लोग निःस्वार्थ भाव से अपना काम करते हैं.

धनखड़ ने कहा, राष्ट्रीय कार्य में लगे संगठन की आलोचना करना संविधान के खिलाफ है. आरएसएस की साख बेदाग है. यह जानकर खुशी होती है कि आरएसएस राष्ट्रीय कल्याण व हमारी संस्कृति के लिए योगदान दे रहा है.बता दें कि धनखड़ ने ये बात सपा के सांसद रामजीलाल सुमन की उस टिप्पणी पर कही, जिसमें सांसद ने एनटीए अध्यक्ष की नियुक्ति और उनके आरएसएस से जुड़े होने को लेकर सवाल उठाए थे. सुमन ने कहा था कि सरकार के लिए सिर्फ ये मायने रखता है कि पद पर बैठा व्यक्ति संघ से जुड़ा है या नहीं.



### संघ का नाम लेने की इजाजत नहीं देंगे

धनकड़ ने कहा, इस टिप्पणी को रिकॉर्ड में नहीं आने देंगे. उन्होंने सांसद की टिप्पणी को रिकॉर्ड से हटाने के लिए कहा. इसका खरगे ने विरोध किया. कहा, जो सदस्य ने बोला है, वो सही है. इस पर सभापति ने कहा, जब कुछ गलत हो , तो मैं बोल सकता हूं. सांसद संविधान के खिलाफ बोल रहे हैं.

## राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को घेरा

# बड़ा बैनर लेकर सदन पहुंचे भाजपा के विधायक

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र के चौथे भाजपा के विधायक बड़ा सा बैनर लेकर सदन पहुंचे. इसे लेकर सदन के बाहर धरना प्रदर्शन किया. इस बैनर में भ्रष्ट, निकम्मी, झूठी, लुटेरी और युवाओं को ठगने वाली हेमंत सरकार जवाब दो लिखा था. साथ ही कई सवाल लिखे थे कि मनरेगा कर्मी के परमानेंट का क्या हुआ, सहायक पुलिस के परमानेंट का क्या हुआ, होमगार्ड के परमानेंट का क्या हुआ, पोषण सखी के परमानेंट का क्या हुआ, पारा शिक्षक के परमानेंट का क्या हुआ, कंप्यूटर कर्मी डाटा ऑपरेटर का परमानेंट का क्या हुआ, जल सहिया के परमानेंट का क्या हुआ, शिक्षकों की मांग पूरी करो, बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ, स्थानीय नीति नियोजन नीति का क्या हुआ, नगर पालिका की सफाई कर्मियों की मांगे पूरी करो आदि.

### झारखंड को संवारने के लिए भाजपा है : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि हम सारे मुद्दे लेकर आये हैं. हेमंत सरकार ने अनुबंधकर्मी, संविदाकर्मी और बेरोजगार युवाओं से झूठा वादा करके सत्ता हासिल की है. यह सरकार का आखिरी सत्र है. कहा कि बीजेपी हेमंत सरकार को सारे वादे याद दिला रही है. कहा कि उनका तो कुछ होना जाना है नहीं, एक नैतिकता के आधार से सदन का इस्तेमाल कर झारखंड की जनता से माफी मांग लें और झारखंड की जनता को बक्श दें. झारखंड की जनता को उनका हाल पर छोड़ दें. जनता अपना निर्णय खुद ले लेगी. झारखंड को संवारने के लिए भारतीय जनता पार्टी आगे है.




**हेमंत सोरेन के घोटाले के सामने यह लिस्ट काफी छोटी: बिरंची** | विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि जितना लंबा घोटाला, उतनी लंबी लिस्ट है. मैं समझता हूं कि उनके घोटाले के सामने यह लिस्ट छोटी है. जितना वादा खिलाफी सरकार ने किया था, उसका एक अंश इस बैनर में है. सरकार ने जो वादे करके सत्ता प्राप्त की आज हम उनको याद दिलाने बैनर के माध्यम से आये हैं.

## फ्री बालू योजना : विपक्ष ने कहा-बालू है ही नहीं, तो देंगे कहां से

# सत्ता पक्ष ने कहा- लोगों का काम है कहना

संवाददाता। रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मास्टर स्ट्रोक लगाते हुए विधानसभा मॉनसून सत्र के तीसरे दिन नॉन टैक्स पेयर को फ्री में बालू देने की घोषणा की थी. सत्र के चौथे दिन इसको लेकर विपक्ष ने हेमंत सरकार को घेरने की कोशिश की. वहीं सत्ता पक्ष के विधायकों ने हेमंत सोरेन के इस फैसले को बड़ा कदम बताया. नन टैक्स पेयर को मुफ्त में बालू उपलब्ध कराने को लेकर भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है. पहले भी सरकार ने इसी सदन में कहा था कि पंचायत के माध्यम से बालू उपलब्ध करायेंगे. बालू ना तो पंचायत के माध्यम से मिला ना औपर ना ही अबुआ आवास का निर्माण हुआ. झारखंड के मजदूर पलायन कर रहे हैं.

### पैसा से बालू ही नहीं मिल रहा : शशिभूषण मेहता



शशिभूषण मेहता ने कहा कि जब भाजपा ने सरकार को घेरने का काम किया तो फ्री बालू देने की घोषणा कर दी. अगर बालू फ्री में देना रहता तो अब तक मिलना शुरू हो जाना चाहिए था. यह केवल पेपर और मीडिया में आया है. यह सरकार बालू उपलब्ध नहीं करा पायेगी. इनकी मंशा ठीक नहीं है. कहा कि नदी से बालू चोरी कर धड़ल्ले से बेची जा रही है. पहले बालू 300 रूपये ट्रैक्टर बिकता था, जो अब 12000 रुपए ट्रैक्टर बिक रहा है. उन्होंने कहा कि पैसा से बालू मिल ही नहीं रहा है, मुफ्त में मिलना तो दूर की बात है.

### झारखंड में बालू है ही नहीं, तो देंगे कहां से : भानू प्रताप शाही



बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही ने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि आप एक मुट्ठी बालू लेकर दिखा दीजिए. झारखंड में बालू है ही नहीं. सरकार ने पूरी तरह से झूठ बोला है. जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है. जब सरकार ने टेंडर ही नहीं कराया, बालू स्टॉक ही नहीं किया, तो बालू कहां से देंगे. भानू प्रताप शाही ने कहा कि 20 अक्टूबर के बाद ही टेंडर से लेकर स्टॉक करना और बालू मुहैया कराया जा सकता है. लेकिन तब तक तो सरकार की विदाई ही हो जायेगी. जनता समझ रही है कि आप झूठ बोलकर कर भागे हैं.

### फ्री में बालू देना झारखंड के लिए बड़ा कदम : दीपिका सिंह



वहीं सत्ता पक्ष की ओर से सरकार की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इस योजना को झारखंड के लिए बड़ा कदम बताया. कहा कि झारखंड की कई योजनाएं चाहे वह सर्वजन पेंशन योजना हो, अबुआ आवास हो, मइयां सम्मान योजना हो, यहां से सीखकर अन्य राज्य भी इसका अनुशरण करेंगे. दीपिका ने नॉन टैक्सपेयर के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराने वाली ऐतिहासिक योजना को लागू करने के लिए हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया. साथ ही लोगों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की है.

### कुछ तो लोग कहेंगे, बस यही कर रहा विपक्ष : बन्ना गुप्ता



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सीएम ने कल ही बालू वाली योजना की घोषणा की है. इस योजना के लिए जल्द सारी एसओपी तैयार की जायेगी. जो नॉन टैक्स पेयर है, जिनके अबुआ आवास पूरे नहीं हो पाये हैं, जो गरीब व्यक्ति है, उन्हें मुफ्त में बालू उपलब्ध करायी जायेगी. ताकि उनका मकान बन सके. बन्ना गुप्ता ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि क्या बालू भाजपा वाले लोग पैकेट में भरकर ले गये हैं. बीजेपी वालों को कुछ तो बोलना होगा ना, इसलिए कुछ भी बोल रहे हैं. बन्ना ने सायराना अंदाज में कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना.

## राज्य सरकार पाकुड़ एसपी को अविलंब करे निलंबित: बाबूलाल

संवाददाता। रांची



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य सरकार अविलंब पाकुड़ एसपी को निलंबित करे और घटना में शामिल पुलिसकर्मियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कारवाई करे. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि पाकुड़ के केकेएम कॉलेज में आदिवासी युवाओं के छात्रावास में घुसकर रात के अंधेरे में जिस प्रकार से युवाओं की बर्बरतापूर्ण पिटाई की गई है, वह अत्यंत निंदनीय और अक्षम्य है. घटना से पहले एएसआई द्वारा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करना, फिर सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल लाकर जानलेवा हमला करना बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहा है. हेमंत जी, पुलिसिया लाठी के दम पर आप आदिवासी युवाओं की आवाज को नहीं दबा सकते. युवा, क्रांति के नायक होते हैं. जब-जब देश या समाज पर विपत्ति आई है, तब-तब क्रांति का नेतृत्व कर युवाओं ने तानाशाही ताक़तों को घुटने टेकने पर मजबूर किया है.

## मॉब लिचिंग विधेयक संशोधन कर पारित करें: आमया

**रांची।** रांची में होने वाली आक्रोश सभा की तैयारी को लेकर आमया संगठन की बैठक पुरानी रांची में एसअली की अध्यक्षता में हुई. उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार कि अंतिम विधानसभा सत्र है, दो वर्षों से मॉब लिचिंग विधेयक में संशोधन कर विधानसभा से पारित कर राज्यपाल को भेजने का मामला लटका हुआ है. सरकार सदन से विधेयक पारित करें, उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति पर सरकार को अध्यादेश लाने के साथ ही नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र को भेजना चाहिए ताकि राज्य में हो रही नियुक्तियों में सामान्य सीट सुरक्षित रखा जा सके लेकिन ऐसा नही हो पाया, सहायक शिक्षक एवं उर्दू शिक्षक पद का नाम बदलकर सहायक आचार्य कर दिया गया.

## हरमू नाला का ठेकेदार कौन था, बताएं सीपी सिंह : मिथिलेश ठाकुर

प्रमुख संवाददाता। रांची

विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच राजमहल और साहिबगंज में पेयजलापूर्ति को लेकर बहस चल रही थी. इस बीच सीपी सिंह ने पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर से पूछा कि तांतनगर जलापूर्ति योजना की जानकारी मांगी. साथ ही संवेदक का नाम भी पूछा. इसपर पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा हरमू नाला में कौन संवेदक था ये भी सीपी सिंह को बताना चाहिए. मैं खुद संवेदक को फोन करता हूं, उन्हें काम के लिए दबाव बनाता हूं. ये गलत नहीं है. मंत्री ने कहा संवेदक, इंजीनियर और सचिव के साथ बेहतर संबंध होना चाहिए. ताकि तालमेल से काम पूरा किया जा सके. सीपी सिंह ने कहा कि मुझे मंत्री की काबिलियत पर कोई शक नहीं है. लेकिन कनेक्शन देने का मतलब यह नहीं कि पानी मिल ही रहा हो.

**दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी जलापूर्ति योजना :** अनंत ओझा ने सदन में पेयजल मंत्री से पूछा कि राज्य में 62 लाख घरों तक जलापूर्ति किया जाना था. क्या साहेबगंज ग्रामीण जलापूर्ति योजन के तहत 13 हजार घरों में जलापूर्ति हो रही है? इसपर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों की बराबर भूमिका है.

**पहली बारिश में गिर गयी जलमीनार :** विधायक नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा के निमाडीह गांव में जलमीनार बनायी गयी थी. लेकिन यह पहली ही बारिश में गिर गयी. इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए. विधायक मंगल कालिंदी ने गोविंदपुर जलापूर्ति योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि 237 करोड़ की इस योजना में घपला हुआ है, इसकी भी जांच होनी चाहिए.

## अगस्त के अंतिम सप्ताह में केंद्र को भेजी जाएगी सूखे की रिपोर्ट : मंत्री

**रांची ।** झारखंड विधानसभा में चल रहे मॉनसून सत्र के चौथे दिन विधायक प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण के जरिये राज्य में बन रही सुखाड़ की स्थिति का मामला उठाया. कहा कि प्रदीप राज्य में सिर्फ 10 फीसदी धान की रोपाई हुई है. 20 फीसदी ही खेतों में सिंचाई की व्यवस्था है. सिंचित भूमि का प्रतिशत बढ़ाने से ही राज्य के किसानों को आर्थिक अभाव के कुचक्र से बाहर निकाला जा सकता है. सुखाड़ की परिस्थिति बन गई है. कृषि विभाग सिर्फ रूटीन वर्क ही कर रहा है. इसका स्थायी समाधान होना चाहिए. इस पर कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सुखाड़ ने निजात पाने के लिए कृषि विभाग तैयारी कर रही है. आकस्मिक हालात से निपटने के लिए कंटेनजेंसी प्लान तैयार है. विभाग द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है. अगस्त के अंतिम सप्ताह में केंद्र को सुखाड़ की रिपोर्ट भेज दी जाएगी.

## मॉनसून सत्र : प्रदीप यादव ने अमर बाउरी पर विशेषाधिकारी के तहत कार्रवाई की मांग की

- नेता प्रतिपक्ष ने कहा, किसी भय के कारण बोलना छोड़ दूं, यह नहीं हो सकता
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व्यक्त करने में रखें मर्यादा का ख्याल : स्पीकर

प्रमुख संवाददाता। रांची

विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही शुरू होते ही विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के खिलाफ विशेषाधिकार के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए. दरअसल मंगलवार को स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष के बीच हुई तीखी बहस का मामला प्रदीप यादव ने सदन में उठाया. संसद में माइक बंद कर दी जाती है. सदस्यता रद्द कर दी जाती है. ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए. नेता प्रतिपक्ष ने विस अध्यक्ष पर आक्षेप लगाया है. यह सदन की अवमानना है. सदन के बाहर भी इन्होंने अध्यक्ष पर आरोप लगाया है. अगर कांग्रेस नहीं होती तो देश मनुस्मृति से चलता. इस पर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भी प्रदीप यादव का साथ देते हुए कहा कि आसन को ऊंगली दिखाकर यह कहना कि जो करना है कर लीजिये. यह सिर्फ आसन नहीं विस की अवमानना है.

### कोई भी पद भगवान से बड़ा नहीं : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत सदन चलता है. किसी के भय के कारण बोलना छोड़ दूं, यह हो नहीं सकता. कोई भी पद भगवान से बड़ा नहीं है जिससे कि सवाल नहीं हो सकता. मर्यादा के साथ बात रखने का अधिकार है. मैंने अपने दल की पीड़ा बताई. आसन और स्पीकर के प्रति मेरा सम्मान है, लेकिन मुझे ज़ब पीड़ा होगी तो किससे कहेंगे.

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक नहीं : सिंह

विधायक ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक नहीं लगा सकते. हर कोई अपनी बात रख सकता है. इन्होंने गलत मंशा से अंगुली नहीं दिखायी. कांग्रेस के नेता संसद में आंख मारने का काम करते हैं. कांग्रेस, जेएमएम और राजद के लोग दलितों को प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं. नवीन जायसवाल ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस ने सदन में जूता भी चलाया था, उस समय प्रदीप यादव क्यों नहीं बोले.

### मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए : स्पीकर

इस मसले पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व्यक्त करने में मर्यादा का ख्याल रखा जाना चाहिए. अमर्यादित नहीं होना चाहिए. मंगलवार को आसन द्वारा कहा जा रहा था कि कल्पना सोरेन का मेडन स्पीच है. आदिवासी महिला को बोलने से रोका जा रहा है.

## सुनील के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में चार्जफ्रेम पर रोक

**रांची ।** रांची । पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के करीबी और उनके प्रेस सलाहकार सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा चार्जफ्रेम किए जाने पर रोक लगा दी है. सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई. उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा. बता दें कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जाती सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया है. युवती ने 16 अगस्त 2021को रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. प्राथमिकी में पूरे घटनाक्रम का क्रमवार जिक्र किया गया है.

**कोर्ट की खबरें** हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के मामले में दिया आदेश

# साल 2013 से दें ग्रेड 4 में प्रमोशन का लाभ

संवाददाता। रांची

हाईकोर्ट ने सरकार को वर्ष 1994 में नियुक्त सहायक शिक्षकों को वर्ष 2013 से ग्रेड 2 से ग्रेड 4 में प्रोन्नत करने और प्रोन्नति का लाभ देने का आदेश दिया है. दरअसल बीपीएसी (बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन) द्वारा नियुक्त कई शिक्षकों के प्रमोशन में अनियमितता बरती गयी थी. इसके बाद सहायक शिक्षण कमलेश कुमार पाठक, गिरिजानंदन विश्वकर्मा, राजेश यादव समेत अन्य ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत में प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार चौबे ने बहस की.

### कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए ऊर्जा सचिव

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के अलोक में बुधवार को राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी और ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए. सुनवाई के दौरान उन्होंने अदालत को यह बताया कि किस नियम के तहत रिटायर्ड अधिकारियों को विभाग सेवा में लिया जाता है. वहीं राज्य सरकार की ओर से इस मामले में जवाब भी दाखिल किया गया. इसके बाद अदालत ने अगली पेशी में ऊर्जा सचिव को सशरीर पेशी से मुक्त करते हुए प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया.

### लोकपाल मामले में दिल्ली कोर्ट में चार को सुनवाई

**रांची।** दिल्ली हाईकोर्ट में लोकपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर अब 4 दिसंबर को सुनवाई होगी. दरअसल बीजेपी सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी. निशिकांत ने पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था. लोकपाल ने 22 फरवरी 2024 को सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था.

### दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को तीन सप्ताह तक विस्तार दिया है. सांसद ने उनके खिलाफ वर्ष 2023 में देवघर के मोहनपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 281 को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की है.

क्लासिफाइड



























तापमान
30.7° अधिकतम | 24.8° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 01 अगस्त 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 2, अंक : 114 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# हादसे का इंतजार: राजधानी के कॉम्प्लेक्स व मॉल के बेसमेंट में दुकानें, दफ्तर व कोचिंग सेंटर

**आकर्ष अनिकेत/रांची। दिल्ली में पार्किंग एरिया (बेसमेंट) में बनी लाइब्रेरी में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत की घटना के बाद देश भर में यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि हमारी इंफोर्समेंट एजेंसियां कर क्या रही है? बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर, दुकानों, कार्यालयों व अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ राजस्थान व बिहार सरकार ने कार्रवाई शुरु कर दी है. लेकिन झारखंड में अब तक ऐसी कोई कार्रवाई शुरु नहीं हुई है. आज दूसरे दिन भी हमने रांची के कई मार्केटिंग कांप्लेक्स व मॉल का जायजा लिया. यहां नियमों का पालन किया गया है या नहीं, यह तो सरकार की जांच में ही सामने आ सकता है. पर, ऐसा लगता है कि यहां भी हादसे का इंतजार किया जा रहा है? पढ़ें रिपोर्ट...**

### मेपल प्लाजा



अरगोड़ा चौक से कडरु की ओर 100 मीटर बढ़ने पर है मेपल प्लाजा कॉम्प्लेक्स. इस कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में सात दुकानें है. इनमें एक सुविधा सुपर मार्केट और जेवर, ऑप्टिकल, किचन सामग्री, फल और चाइनीज फूड की एक-एक दुकान है. वहीं एक दुकान खाली भी है.

### असीपी कॉम्प्लेक्स



कडरू ब्रिज से अरगोड़ा की ओर 100 मीटर बढ़ने पर है असीपी कॉम्प्लेक्स. इस कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में कुल छह दुकानें हैं. इनमें दो सलून, एक डेंटल क्लीनिक और फोन, चाइनीज फूड और दर्जी की एक-एक दुकान है. यहां बारिश होने पर दुकानों में पानी भी भर जाता है.

### आईलेक्स सिनेमा हॉल

हीनू चौक से डोरंडा की ओर 200 मीटर जाने पर आईलेक्स सिनेमा हॉल है. जिस बील्डिंग में हॉल है, वहां अन्य दुकानें भी हैं. सिनेमा हॉल के टिकट काउंटर का संचालन इस बील्डिंग के बेसमेंट एरिया में हो रहा है.



### होटल सनराइज, एस्ट्रो हाई व शीतल कॉम्प्लेक्स

मेन रोड के टैक्सी स्टैंड चौक पर है होटल सनराइज, एस्ट्रो हाई व शीतल कॉम्प्लेक्स. तीनों कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट दुकानों से भरे हुए हैं. होटल सनराइज, जिसे सुपर मार्केट के नाम से भी जाना जाता है, उसके बेसमेंट में 16 दुकानें हैं. वहीं एस्ट्रो हाई कॉम्प्लेक्स में आठ और शीतल टावर के बेसमेंट में पांच दुकानें हैं.



### पहले घर, अब कोचिंग



हीनू चौक से डोरंडा जाने वाले रास्ते में चौक से 100 मीटर की दूरी पर एक बिल्डिंग है. यह बिल्डिंग पहले घर हुआ करता था, पर अब इसमें कई दुकानें हैं. इस बील्डिंग के बेसमेंट में एक दवा दुकान है. इसके साथ ही बेसमेंट में एक कंप्यूटर क्लास का भी संचालन हो रहा है.

### न्यू इंडिया होटल




ओवरब्रिज के नीचे एक बील्डिंग में न्यू इंडिया होटल चलाया जा रहा है. इस होटल का संचालन बील्डिंग के बेसमेंट में किया जा रहा है. वहीं पास में ही मौजूद होटल गोल्डन के बेसमेंट में शराब की दुकान है. होटल व शराब की दुकान में रोजाना सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है.

### इन जगहों पर भी बेसमेंट में चल रही हैं दुकानें

**होटल हर्ष पैलेस :** लालपुर चौक से कोकर की बढ़ने पर है होटल हर्ष पैलेस. होटल में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है. पार्किंग की बजाय होटल के पूरे बेसमेंट में रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा है.

**एच कॉम्प्लेक्स :** लालपुर से डंगराटोली चौक की ओर बढ़ने पर है एच कॉम्प्लेक्स. इस कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में एक एटीएम और एक बड़ा मेडिकल दुकान है.

**उषा कॉम्प्लेक्स मेन रोड :** डेली मार्केट से 50 मीटर की दूरी पर है उषा कॉम्प्लेक्स. इस कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में दो दुकानें है. दोनों ही दुकानें जूते-चप्पल की हैं.

**फॉर्क एंड कॉर्क बार :** ओवरब्रिज के नीचे एक कॉम्प्लेक्स में है फॉर्क एंड कॉर्क बार. बेसमेंट में इस बार का संचालन होता है.

**तृष्णा रेस्टूरेंट :** हरमू रोड में तृष्णा रेस्टूरेंट का संचालन बील्डिंग के बेसमेंट में हो रहा है. वहीं, कुछ दूरी पर स्थित एक बिल्डिंग के बेसमेंट में बिरयानी एंड मोर नाम के एक रेस्टोरेंट का संचालन हो रहा है.

**वेस्ट साइड मॉल :** लालपुर से डंगराटोली चौक के बीच में है वेस्ट साइड मॉल. इस मॉल के बेसमेंट में विद्यापीठ नाम के कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है. यहां रोजाना सैकड़ों बच्चे पढ़ने आते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### असम के सीएम आज और कल प्रवास पर

**रांची।** असम के सीएम और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सह प्रभारी हिमंता विस्व सरमा गुरुवार और शुक्रवार को झारखंड के दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे. वे गुरुवार को विमान द्वारा 9.30 बजे पूर्वाह्न देवघर आएंगे. हिमंता देवघर से गाय बथान पाकुड़ जाएंगे. वे अपराह्न 2.30 बजे पाकुड़ में प्रेसवार्ता को भी संबोधित करेंगे. हिंता शाम को रांची पहुंचेंगे. शुक्रवार को हिमंता जमशेदपुर प्रवास पर जाएंगे. अपने व्यस्त सांगठनिक कार्यक्रम के बाद वे वाया रांची विमान द्वारा गुवाहाटी के लिए रवाना होंगे.

### एयरपोर्ट में अवैध पार्किंग शुल्क पर कार्रवाई हो

**रांची।** रांची एयरपोर्ट में अवैध पार्किंग शुल्क वसूली को लेकर रांची विधायक सीपी सिंह ने कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा है कि रांची एयरपोर्ट पर अवैध रूप से पार्किंग शुल्क लिए जाने की कई शिकायतें रांची वासियों से प्राप्त हुई है. 10 मिनट की निःशुल्क पिकअप और ड्रॉप सुविधा के बावजूद कई लोगों से पैसे लिए जाते हैं. 10 मिनट गुजरने के बाद निर्धारित दर 30 रुपये के बजाय 60 रुपये वसूले जाते हैं. विधायक ने रांची एयरपोर्ट के डायरेक्टर से अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच कर तुरंत कार्रवाई करें.

### अधूरे काम करने वाले ठेकेदार नपेंगे : मंत्री

**रांची।** जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत योजना की देखरेख पांच वर्षों तक ठेकेदार को करना है. लेकिन कई ठेकेदार जल जीवन मिशन के तहत कहीं बोरिंग कर दी है या टंकी का निर्माण तो कर दिया है, लेकिन अब तक योजना पूरी नहीं की है. विधानसभा के मानसून सत्र के दैरान मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सवाल पूछे थे, जिसके लिखित जबाव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार नियत अवधि में अपनी पूरी गुणवत्ता के साथ योजना पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों को विरुद्ध अनुबंध के अनुरूप कार्रवाई करने पर विचार कर रही है.

## राजधानी में जलस्रोतों पर अतिक्रमण हटाने को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा-

# जलाशयों को बचाने के लिए लॉन्ग टर्म प्लान क्या है?

**संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची व आसपास के जलस्रोतों पर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत के समक्ष जलाशयों की मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट सौंपी गयी. इसपर अदालत ने असंतोष जाहिर करते हुए राज्य सरकार को यह बताने को कहा है कि जलाशयों को बचाने के लिए लौंग टर्म प्लान क्या है? कब-कब क्या-क्या काम किया जाएगा और कैसे जल संकट का निपटारा किया जाएगा? हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी.

**रांची में कई तालाब थे, अब उनकी मौजूदा स्थिति क्या है :** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के रिपोर्ट के आलोक में रांची नगर निगम से मौखिक रूप से कहा कि रांची में कई तालाब थे, जिन्हें स्वच्छ करने के नाम पर खाली किया गया, पर इनका कोई अस्तित्व नहीं बचा. क्या इन तालाबों को भर दिया गया है? अब रांची में चार-पांच तालाब ही दिखते हैं. अदालत ने नगर निगम से रांची के जलस्रोतों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी है. सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता आईसीएन सहदेव ने अदालत को बताया कि राजधानी में लगभग 710 बहुमंजिली इमारत या बड़े घरों में से 648 घरों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाया गया है. जिन घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनाया गया है, वहां एनजीओ एवं रेडियो के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि राजधानी रांची में पेयजल की कोई कमी नहीं होगी.

### आठ साल से एक ही तरह का शपथ पत्र दे रही है सरकार

राज्य सरकार की रिपोर्ट पर अदालत को कहा कि वर्ष 2016 में भी राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर रांची सहित झारखंड में पेयजल की कमी दूर करने के संबंध में लॉन्ग टर्म प्लान एवं धुर्वा, कांके व गेतलसूद डैम सहित हिनू नदी से अतिक्रमण हटाने की बात कही थी. लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया है. आठ सालों के बाद भी रांची के जलस्रोतों और डैम में अतिक्रमण है. राज्य सरकार आज भी अपनी रिपोर्ट में उन्हीं बातों को दोहरा रही है, जिसे उन्होंने आठ साल पूर्व शपथ पत्र में बताया था.

### जलस्रोतों पर अतिक्रमण जल संचय की क्षमता घटी

हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा है कि रांची में हालात खराब दिख रहे हैं. हरमू नदी, जुमार नदी में अतिक्रमण देखा जा सकता है. कांके डैम, धुर्वा डैम में कैचमेंट एरिया का अतिक्रमण कर जल संचय की क्षमता को घटा दिया गया है. 10 सालों के बाद रांची में पेयजल की भारी किल्लत हो सकती है, इस साल भी अबतक 35% कम वर्षा हुई है. यह जनहित याचिका वर्ष 2011 से चल रही है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से केवल शपथ पत्र पर शपथ पत्र दाखिल किया जा रहा है, जो कि आधारहीन प्रतीत होता है.

## प्रदूषण नियंत्रण विभाग पर झारखंड हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

# विभाग ही प्रदूषण फैलाने का काम कर रहा

- लातेहार में औरंगा नदी व सोती झरना के प्रदूषण का मामला
- वकीलों की पांच सदस्यीय टीम स्थल जांच कर सौंपेगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग पर कड़ी टिप्पणी की है. एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मौखिक रूप से कहा है कि झारखंड प्रदूषण नियंत्रण विभाग का काम प्रदूषण को रोकना है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, बल्कि प्रदूषण फैलाने का काम कर रहा है.

अदालत ने यह टिप्पणी लातेहार जिले में पेयजल का एकमात्र सहारा औरंगा नदी व समीप के सोती झरने के पास बनाए गए डंपिंग यार्ड को हटाए जाने को लेकर हरका गांव के ग्रामीणों की ओर से दाखिल दाखिल जनहित याचिका पर की है. अदालत ने बुधवार को सुनवाई के दौरान पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया है. इस कमेटी में अधिवक्ताओं के पांच सदस्य होंगे. यह टीम लातेहार के औरंगा नदी जाकर प्रदूषण का निरीक्षण करेगी और फिर अदालत के समक्ष रिपोर्ट सौंपेगी.



लातेहार के हरखा गांव में सोती झरना के पास बना कचरा डंपिंग यार्ड.

### डंपिंग यार्ड के पास जीवित जलस्रोत सोती झरना बहती है

औरंगा नदी के पास स्थित हरखा गांव में कचरा डंपिंग यार्ड का निर्माण अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा कराया जा रहा है. डंपिंग यार्ड के बगल से जीवित जल स्रोत सोती झरना बहती है. ग्रामीणों का कहना है कि सोती झरना को सालों भर जीवित जल स्रोत के रूप में गिना जाता है. बता दें कि गोवा ग्राम निवासी अनिल कुमार पाठक ने झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (216/2020) दायर की थी. इसकी सुनवाई अदालत ने गत पांच जुलाई को निर्धारित की थी. इसके पहले सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल- टू मनीष कुमार ने तीन जुलाई 2024 को पत्राचार कर लातेहार उपायुक्त से इस संदर्भ में जांच कर रिपोर्ट की मांग की थी. उपायुक्त ने अपने स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट्स में बताया था कि नदी व झरना का कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है.

**औरंगा एवं जायत्री नदी पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा :** लातेहार में औरंगा एवं जायत्री, दो महत्वपूर्ण नदियां हैं. जायत्री नदी पर स्थानीय बनवारी कॉलेज से लेकर राजहर तक सिर्फ अतिक्रमण ही अतिक्रमण है. ऐसे ही स्थिति औरंगा नदी की हो गई है. औरंगा नदी पुल अतिक्रमणकारियों एवं बालू उत्खनन करने वालों की भेंट चढ़ चुका है. पुल के नीचे से माफियाओं ने बालू निकाल कर बेच दिया गया है.

## बड़कागांव में एनटीपीसी ने दोमुहानी नदी को नष्ट कर अवैध खनन किया

- 20 मीटर चौड़े व 3.1 किमी लंबे क्षेत्र को नष्ट किया

**रांची।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना में एनटीपीसी की एमडीओ कंपनी त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्रा लि ने नियमों को ताक में रख कर इलाके की जीवन रेखा कही जाने वाली 30 मीटर चौड़ी नदी (दोमुहानी नदी) के बहाव क्षेत्र में खनन कर लिया था. करीब 100 एकड़ से अधिक भूमि पर कंपनी ने फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों को ताक में रख अवैध माइनिंग की थी. कृषि उपज एवं वन्य जीव से भरे बड़कागांव इलाके की पहचान अब औद्योगिक और खनिज क्षेत्र की रूप में होने लगी है. लेकिन, इस क्षेत्र में पर्यावरण, कृषि और वन्य जीव पर संकट आने लगा है. यहां एनटीपीसी को माइनिंग के लिए दिये गये फॉरेस्ट क्लियरेंस में दोमुहानी नदी के दोनों तरफ 50 मीटर ग्रीन बेल्ट बनाने की आवश्यक शर्त थी. मापी करने पर कुल 37.20 हेक्टेयर में अवैध माइनिंग की पुष्टि हुई. प्रशिक्षु आईएफएस शैलेन्द्र सिंह (अब आईपीएस बिहार कैडर) और सहायक वन संरक्षक एके परमार ने क्षेत्र के निरीक्षण में फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों का उल्लंघन पाया था. दोमुहानी नदी के 20 मीटर चौड़े और 3.1 किलोमीटर लंबे क्षेत्र को नष्ट कर अवैध खनन कर लिया गया था.



झारखंड के नए राज्यपाल को शपथ के बाद बधाई देते सीएम हेमंत सोरेन.

# सीएम हेमंत के नेतृत्व में झारखंड अच्छे से तरक्की करे : राज्यपाल

- संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली

**विशेष संवाददाता। रांची**

झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राज्य के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली. उन्हें झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.

शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल संतोष गंगवार ने लोगों को जोहार करके संबोधित किया. पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि झारखंड, प्राकृतिक एवं खनिज संपदा से परिपूर्ण एक अच्छा राज्य है. हम उम्मीद करते हैं कि यह राज्य खूब तरक्की करेगा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड काफी अच्छे ढंग से तरक्की करे. राज्यपाल ने शपथ लेने से पूर्व बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इसके बाद उन्हें राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने शपथ ग्रहण से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण पढ़ा. -शेष सात पर

### लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ मिलेगा : हेमंत

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हम और हमारी सरकार समस्त झारखंड वासियों की ओर से नए राज्यपाल संतोष गंगवार जी का स्वागत करते हैं. उन्हें शुभकामनाएं देते हैं. ऐसी उम्मीद करते हैं कि इनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ झारखंड को मिलेगा.

# ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

**संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने परिवहन सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए राज्य के अंदर संचालित ऑटो व ई-रिक्शा के चालकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने का फैसला लिया है. डीजल, सीएनजी, पेट्रोल ऑटो चालकों के लिए खाकी रंग और ई-रिक्शा चालकों के लिए नीले रंग का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है.

राज्य के सारे ऑटो चालक व ई रिक्शा चालकों को अब उक्त निर्धारित ड्रेस पहन कर ही वाहन चालाना होगा. परिवहन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है. सभी विभागों सहित आरटीए, जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात एसपी, डीएसपी और एमवीआई को पत्र लिख कर जानकारी भी दे दी गयी है. बता दें कि ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के ड्रेस कोड के चयन के लिए एक समिति गठित की गयी थी. इसमें रांची नगर निगम के उप नगर आयुक्त, डीटीओ रांची व डीएसपी रांची सदस्य थे.

## आरोप | स्वास्थ्य घोटाले की जांच के लिए विधायक सरयू राय ने सीएम हेमंत सौंपा ज्ञापन

# स्वास्थ्य विभाग में बड़ा घोटाला, जांच कराएं सीएम : सरयू

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर घोटाला करने का आरोप लगाया है. इसकी जांच के लिए उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक ज्ञापन सौंपा. इसमें उन्होंने बताया है कि स्वास्थ्य विभाग में मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार चयनित मानव बल आपूर्ति करने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी का इम्पैनल्ड रद्द करने का आदेश दिया गया है. साथ ही एक माह के भीतर नये सिरे से आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन करने के लिए अस्पतालों के अधीक्षक और जिला के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया गया है.



सीएम हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपते विधायक सरयू राय.

**एक साल तक चयनित एजेंसी के साथ एकरारनामा नहीं किया :** सरयू राय ने कहा है कि आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएमएचआईडीपीसीएल) द्वारा प्रकाशित निविदा के आधार पर हुआ था. स्वास्थ्य मंत्री के प्रभाव में विभाग ने एक साल तक इसके साथ एकरारनामा नहीं किया और पूर्व से चल रही व्यवस्था को ही लागू रहने दिया. अब इनका इम्पैनल्ड रद्द कर स्वास्थ्य मंत्री चाहते हैं कि पूर्व की भांति ही आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा मानव बल उपलब्ध कराने का काम चलता रहे.

**चयनित कंपनी का पैनल स्वास्थ्य मंत्री ने स्वयं रद्द कर दिया :** राय ने आश्चर्य जताया है कि मंत्रिपरिषद द्वारा पारित संकल्प के आधार पर जेएमएचआईडीपीसीएल द्वारा प्रकाशित निविदा द्वारा चयनित आउटसोर्सिंग कंपनी का पैनल स्वास्थ्य मंत्री ने स्वयं रद्द कर दिया. अब मंत्रिपरिषद को सूचित किये बिना अपने स्तर पर ही उन्होंने विज्ञापन निकाल कर एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन और अस्पताल के अधीक्षकों को दिया गया है.

**पूर्व की व्यवस्था को कायम रखने की साजिश कर रहे मंत्री :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ने यह भी कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जानते हैं कि एक माह के भीतर निविदा निष्पादन संभव नहीं है. क्योंकि, एक माह के भीतर चुनाव की घोषणा हो जाएगी और आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगी. दूसरी तरह से कहें, तो स्वास्थ्य मंत्री पूर्व से चल रही इस व्यवस्था को ही कायम रखने की साजिश कर रहे हैं. वस्तुतः यह बहुत बड़ा घोटाला है, जिसकी जांच मुख्यमंत्री कराएं और अनियमितता होने से रोकें.

# आज से रांची में जमीन महंगी



**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

राजधानी रांची के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार यानी एक अगस्त से जमीन और मकान की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी. इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लग चुकी है. जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में निबंधन शुल्क में अधिकतम 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है.

जिन इलाकों में निबंधन शुल्क में बढ़ोतरी होनी है, उनका सीधा असर बुंडू नगर पंचायत और आरआरडीए क्षेत्राधिकार एवं सेंसस टाउन के इलाकों की भूमि के मूल्य एवं रजिस्ट्री फीस पर पड़ेगा. रांची में जमीन की सबसे ज्यादा कीमत कांके, ओरमांझी, नगड़ी, रातू और नामकुम इलाके में हुई है.

**हर दो वर्ष में जमीन के सरकारी दर में होती है वृद्धि :** बता दें कि भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग के निर्देश पर हर वर्ष निबंधन शुल्क में वृद्धि का पुनरीक्षण होता है. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हर दो वर्ष में जमीन और मकान के दर में वृद्धि की जाती है. वर्ष 2022 में अंतिम बार ग्रामीण इलाकों की भूमि, मकान एवं फ्लैट की कीमतों में 10% की वृद्धि की गई थी. सरकारी नियम के मुताबिक, हर दो वर्ष में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जमीन की सरकारी दर बढ़ाई जाती है. जिसका सीधा असर रजिस्ट्री में लगने वाले कोर्ट और स्टांप फीस पर पड़ता है.

### इन ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा सरकारी दर में वृद्धि

| ग्रामीण इलाका | आवासीय दर प्रति डिसमिल (रुपये में) | व्यवसायिक दर प्रति डिसमिल (रुपये में) |
|---|---|---|
| बोड़ेया | 549622 | 988807 |
| पिर्रा | 508972 | 915675 |
| सिमलिया | 402348 | 723845 |
| एदलहातू | 440124 | 440124 |
| टेंडर | 274062 | 493055 |
| कमड़े | 328876 | 591667 |
| नगड़ी | 278030 | 500191 |
| लालगुटवा | 320734 | 577019 |
| हुटुप | 234912 | 422619 |

### खास बातें

- मकान की रजिस्ट्री भी महंगी हो जाएगी, प्रस्ताव पर मुहर
- निबंधन शुल्क में अधिकतम 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई

# बारिश ने शहर की सड़कों को नदी-तालाब बना दिया...

## रांची में हुई 45.6 एमएम बारिश


लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेवा सदन रोड

संवाददाता। रांची

बुधवार को राजधानी में पूरे दिन रुक-रुक कर मुसलाधार बारिश हुई. इस दौरान कहीं-कहीं गरज के साथ व्रजपात भी हुई, मौसम विभाग के द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार, बुधवार को रांची शहर में 45.6 एमएम बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. विभाग के अनुसार, मॉनसून अभी झारखंड में सक्रिय है. आने वाले दिन में अभी बारिश की स्थिति बनी हुई है.

बुधवार को राजधानी में हुई बारिश ने शहर की अधिकांश सड़कों को नदी, तालाब का रूप दे दिया. सड़कों पर पानी नदी की तेज धार के समान बह रहा था. खड़ी गाड़ियां आधी से अधिक डूब गई थीं. मेन रोड, सेवा सदन रोड, अपर बाजार आदि क्षेत्र की मकान, दुकानों में पानी भर गया था, लोग पानी बाहर निकालने में लगे हुए थे.

### यहां भरा पानी

बड़ा ताला रोड, सेवा सदन पथ, हलधर प्रेस गली में पानी भर गया था. लोगों का आना-जाना मुहाल हो गया था. पानी के लबालब भर जाने से लोग काफी परेशान थे. नगर बिगड़ी सफाई व्यवस्था की एक बार और पोल बारिश ने खोलकर रख दी.

### बारिश से कई जगह पेड़ भी गिरे, यातायात बाधित

गोस्नर कॉलेज रोड, सुजाता चौक समेत शहर के अन्य कई हिस्सों में तेज बारिश की वजह से पेड़ भी गिर गये. पेड़ गिरने की वजह से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.



### पूरे सैनिक मार्केट में भर गया था पानी

मेन रोड सैनिक मार्केट की सारी दुकानों में पानी भर गया, सारे दुकानदार अपने दुकानों से पानी बाहर निकालने में लगे हुए थे. मेन रोड के अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति बनी रही, लोग काफी परेशान नजर आये.




बड़ा तालाब रोड

फोटो : रमीज

## शहर में आज

1. विधानसभा का मानसून सत्र, विधानसभा में दिन के 11 बजे
2. सेना भर्ती रैली, खेलगांव, दिन के 11 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### स्टीफन की पत्नी के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्टीफन मरांडी की धर्मपत्नी का निधन हो गया है. सीएम ने ट्वीट कर कहा है कि स्टीफन मरांडी की धर्मपत्नी के स्वर्गवास की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है. हमारी प्रार्थना है कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को अपनी शरण में लें तथा इस विकट परिस्थिति में स्टीफ़न दा और उनके समस्त परिजनों को संबल एवं सामर्थ्य प्रदान करें.

### त्रुटिपूर्ण सर्वे रोकने का सीएम ने दिया आदेश

**रांची।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनजातीय भाषा के त्रुटिपूर्ण सर्वे को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया. तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि, जल्द ही नये सिरे से निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पुनः सर्वे का आदेश सरकार द्वारा जारी किया जाएगा. ज्ञातव्य है कि अनुबंध पर भाषाई शिक्षक नियुक्ति हेतु सरकार ने सर्वे का आदेश दिया. लेकिन उसके त्रुटिपूर्ण होने के कारण जिन क्षेत्रों में कुंडुख (उरांव) भाषा-भाषियों की बहुतायत है, वहां भी उन्हें शून्य दर्शाया गया है. उक्त क्षेत्र के विद्यालयों में अन्य जनजातीय भाषाओं के शिक्षक की नियुक्ति के संदर्भ में अनुशंसा की गयी थी.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

# नियुक्ति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरी करने का दिया निर्देश

विशेष संवाददाता। रांची

हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल का अंतिम व तीसरा आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम 30 अगस्त से शुरू होगा, जो 15 सितंबर तक चलेगा. इस चरण में राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर पर पहुंचकर एक बार फिर दिया जाएगा. ऐसे में इस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां समय पर पूरी कर ली लाए. यह निर्देश मुख्यमंत्री ने विधानसभ के अपने कक्ष में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में दी. उन्होंने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार" कार्यक्रम, मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना और अबुआ आवास योजना समेत राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की. उन्होंने दूसरे चरण के आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदनों के निष्पादन की पूरी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन जिस वजह से अभी भी लंबित है, उसका निष्पादन यथाशीघ्र सुनिश्चित करें. झारखंड लोक सेवा आयोग एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की भी उन्होंने समीक्षा की.

**सभी योग्य पात्रों को मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना का मिले लाभ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना शुरू की जा रही है. इसके तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक हज़ार रुपये सम्मान राशि दी जाएगी. कहा कि योजना से सभी योग्य पात्र बहन- बेटियों को जोड़ने की दिशा में कदम उठाएं. अधिकारियों ने योजना के क्रियान्वयन को लेकर चल रही तैयारियों से सीएम को अवगत कराया.

**विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना दें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे पैसे की तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहें, इसपर सरकार का विशेष जोर है. इस कड़ी में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार के द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है. विशेष अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने की पहल हो.

**नियुक्ति प्रकिया शीघ्र पूरी करे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. इस सिलसिले में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रियाएं चल रही है. मुख्यमंत्री ने झारखंड लोक सेवा आयोग व झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का निर्देश दिया.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 30 अगस्त से


वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन.

### सीएम से मिले अल्पसंख्यक स्कूलों के शिक्षक



**रांची।** झारखंड अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त प्राथमिक शिक्षक संघ एवं अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की. मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा गया. मुख्यमंत्री से समस्या समाधान की मांग की. मौके पर बिनय कंडुलना, बिशप आनंद जोजो, बिशप थियोडोर मस्कारेनहास, एल पिंगल एक्का, बिशप सीमांत संदीप तिर्की, बिशप बास्के, फादर मुकुल कुल्लू, निरंजन कुमार सांडिल, अंथोनी तिग्गा, रमेश कुमार सिंह, पीटर खेस, फादर सुमन मिंज, आशा बागे एवं पुष्पा एरगट शामिल थे.

वहीं जमीयत उलमा के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री से मिलकर स्कूलों में उर्दू शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग की. उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति समेत अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा एवं उसका समाधान करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया.

### आदिवासी छात्र का हुआ बीआईटी सिंदरी में दाखिला

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पश्चिमी सिंहभूम के आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन बीआइटी सिंदरी में हो गया. संजीव का नामांकन कराने का आदेश मुख्यमंत्री ने उपायुक्त धनबाद को दिया था. मुख्यमंत्री को सूचित करते हुए उपायुक्त धनबाद ने बताया कि छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन बीआईटी सिंदरी में कर दिया गया है. मुख्यमंत्री को बताया गया कि पश्चिमी सिंहभूम निवासी आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन महज नौ हजार रुपये के अभाव में नहीं हो पाया है. काउंसिलिंग में उसे बीआइटी सिंदरी में आइटी ब्रांच आवंटित हुआ था. लेकिन नामांकन के लिए उसके पास पैसे नहीं थे. मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त धनबाद को अविलंब एडमिशन में सहायता पहुंचाते हुए सूचित करने का आदेश दिया था.

### विस धरना प्रकरण : प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा

# अन्याय, अत्याचार की पराकाष्ठा

संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपने अंतिम समय में भी राज्य सरकार ने अपना चरित्र नही बदला. जाते जाते भी अन्याय और अत्याचार ही कर रहे. जो 5 साल तक जनता के साथ किया, युवाओं, किसानों, बेरोजगारों, महिलाओं, आदिवासी, दलित पिछड़ों के साथ किया, आज उसी की पुनरावृति सदन के भीतर प्रतिपक्ष के विधायकों के साथ की गयी. प्रतिपक्ष सवाल सदन में नहीं पूछे, तो फिर कहां पूछें. क्या सदन केवल सत्ता पक्ष के सहारे चलेगा? यदि विपक्ष शामिल है तो फिर सदन में विपक्ष के विधायकों की आवाज क्यों नही सुनी जा रही.

**विधायक धरने पर बैठे हैं, बिजली काट देना कहां का न्याय :** भाजपा और एनडीए विधायक जब सदन के भीतर धरने पर बैठे हैं तो फिर वहां बिजली काट देना, एसी बंद करवा देना ये कहां का न्याय है. आखिर यह सरकार क्या दिखाना चाहती है? 5साल से भाजपा जवाब मांग रही, इन्हीं के वादों,घोषणाओं की मांग रही.और ये लगातार भाग रहे. आज अंतिम सत्र है तो फिर कब इनसे जवाब मांगे विपक्ष. सरकार की नीयत आज प्रकट हो गयी. ये अपनी नाकामियों से बौखलाहट में हैं. लोकसभा चुनाव के परिणाम इन्हें डरा रहे हैं. एक तरफ राज्य सरकार नयी नयी योजनाओं का हवाला देकर जनता को फिर से दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, लेकिन पुराने वादों को याद कराने पर अलोकतांत्रिक तरीके अपना रही है. भाजपा इन्हें जनता के सवालों का जवाब देने के लिए सड़क से सदन तक बाध्य करेगी. ये सवालों से भाग नहीं सकते.

### सरकार की तानाशाही से डरने वाली नहीं है भाजपा

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आज विधानसभा पहुंचे. कहा कि भाजपा जनता के सवालों पर पीछे नहीं हटने वाली. भाजपा और एनडीए के विधायकों ने जो सदन के अंदर धरने पर बैठने का निर्णय लिया है, पार्टी उनके साथ है. विधायकगण रात को भी धरने पर बैठे रहेंगे. यह प्रतिपक्ष का सवाल नहीं, यह झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता का सवाल है. भाजपा झामुमो-कांग्रेस सरकार की तानाशाही से डरने वाली नहीं है.

### विधायक बंधक बना लिए गए: लक्ष्मीकांत

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा है कि लोकतंत्र की हत्या हुई है और विधायकों को बंधक बना लिया गया है. लक्ष्मीकांत के इस बयान पर राजनीतिक गलियारों में यह कहा जा रहा है कि विधायकों को बंधक नहीं बनाया गया. सदन के स्थगित होने के बाद भी विधायक आंदोलनरत हैं. वाजपेयी ने जारी वीडियो में आगे कहा है कि विधानसभा में भाजपा और आजसू के विधायकों ने सदन में अनुबंधकर्मियों और संविदाकर्मियों का विषय उठाया. इससे नाराज होकर विधानसभा स्थगित कर दी गई. धरना देने को बाध्य हुए विधायकों को विधानसभा में बंधक बना लिया गया. बिजली काट दी गई. एसी बंद कर दिया गया. पीने का पानी नहीं दिया जा रहा है. चारों ओर मार्शल लगा दिए गए हैं. गजब की तानाशाही लोकतंत्र की चुनी हुई सरकार के द्वारा की जा रही है. लोकतंत्र की हत्या हुई है. अनुबंधकर्मी और संविदाकर्मी का मामला उठाना कोई अपराध नहीं है.

# स्वीकार करें कि ठग कर पांच साल सरकार चलाई : बाउरी


विधानसभा में धरने पर बैठे भाजपा विधायकों को संबोधित करते अमर बाउरी.

मुख्य संवाददाता। रांची

झारखंड के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि सदन स्थगित होने के बाद विपक्ष सदन में ही डटा रहा. बीजेपी के विधायक सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी सदन के अंदर डटे रहे. सीएम के मनाने के बाद भी बीजेपी विधायक नहीं माने. सीएम हेमंत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस पर गुरुवार को बात करेंगे.

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने वीडियो जारी कर कहा कि इस सरकार का आखिरी सत्र है. युवाओं से कई वादे कर सरकार बनाई थी. पांच लाख को रोजगार, पांच से सात हजार बेरोजगारी भत्ता सहित कई वादे किए थे. पिछले दिनों 28 लोगों को नियोजित किया गया, जिसमें 17 गैर झारखंडी हैं. पांच साल ठग कर सरकार चलाया. युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया. सरकार राज्य के युवाओं के विषय में बोले. जनता से माफी मांगे. साथ ही स्वीकार करे कि ठग कर सरकार बनाई और चलाई. ये लोग फिर ठग और फरेब के साथ चुनाव में जाएंगे.

# पेयजल विभाग के 13 इंजीनियरों का तबादला

विशेष संवाददाता। रांची

पेयजल विभाग में 13 इंजीनियरों का तबादला किया गया है. इसको लेकर विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी गयी है. जारी अधिसूचना के अनुसार प्रभारी अधीक्षण अभियंता विजय कुमार एडविन हजारीबाग को क्षेत्रीय मुख्य अभियंता दुमका, तकनीकी उपेंद्र कुमार मंडल जमशेदपुर को प्रभारी अधीक्षण अभियंता हजारीबाग, मनोज कुमार मुंडारी कार्यपालक अभियंता हजारीबाग को चतरा, अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता चतरा को रामगढ़, अनिल कुमार गुप्ता कार्यपालक अभियंता रामगढ़ को हजारीबाग, मनीष कुमार प्रभारी कार्यपालक अभियंता मधुपुर को तकनीकी सलाहकार रांची अंचल, राहुल प्रियदर्शी प्रभारी कार्यपालक अभियंता जामताड़ा को मधुपुर, राकेश रंजन कार्यपालक अभियंता रांची पूर्वी को अपने कार्यों के अतिरिक्त गोंदा डिवीजन कार्यपालक अभियंता का अतिरिक्त प्रभार, आनंद कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता रांची पश्चिम को अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता को हटिया डिवीजन का अतिरिक्त प्रभार, नवीन कुमार भगत कार्यपालक अभियंता अनुश्रवण को चक्रधपुर, अनंत प्रसाद सिंह वेटिंग फॉर पोस्टिंग अनुश्रवण रांची, रमेश कुमार लोहरा तकनीकी सलाहार दुमका को प्रभारी कार्यपालक अभियंता दुमका-2, अनुज कुमार मिश्रा प्रभारी कार्यपालक अभियंता दुमका-2 को तकनीकी सलाहार जमशेदपुर बनाया गया है.

### आवास मंत्री से मिले बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री हफ़ीज़ुल अंसारी से मुलाक़ात की. पासवान ने बोर्ड के विकास कार्यों की जानकारी दी. साथ ही धुर्वा रांची में प्रस्तावित 306 एकड़ में आवासीय कालोनी निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति, मंत्रिमंडल से शीघ्र करवाने, हरमू रांची स्थित भूखंड संख्या 11 में व्यसायिक सह वाणिज्यिक योजना की स्वीकृति, बोर्ड क्रिया कलापों की जानकारी से अवगत कराया.

# 'विधानसभा में हुई आपातकाल की पुनरावृत्ति'

प्रमुख संवाददाता। रांची



भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में राज्य सरकार और विधानसभा अध्यक्ष पर जोरदार हमला बोला. कहा कि इस सरकार ने देश के लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय लिख दिया. विधानसभा में सरकार के इशारे पर आपातकाल की पुनरावृत्ति हुई. पहली बार देश के इतिहास में विधायकों के रहते ही विधानसभा की बिजली पानी कटवा दी गई. महिला विधायकों को भी नहीं बख्शा गया. शौचालय तक पर जाने पर पाबंदी लगा दी गई. लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन का अधिकार सबको है. लेकिन जिस तरीके से आज सरकार ने अपना हिटलर शाही चेहरा दिखाया, वह शर्मसार करने वाला है. प्रतुल ने कहा कि विधानसभा सत्ता और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है. परंतु इस सरकार ने विधानसभा पर कब्जा कर इसे सरकारी विधानसभा बना दिया है. नेता प्रतिपक्ष सदन में मुख्यमंत्री से अनुबंध कर्मी, पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का बेरोजगारी भत्ता, प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार, परीक्षाओं की सीबीआई जांच,आदि मुद्दों पर बयान देने के लिए धरना पर बैठे थे. सदन के नेता बाहर जाकर तानाशाही कर बिजली पानी कटवा देते हैं. प्रतुल ने कहा कि स्पीकर का पद संवैधानिक पद होता है. लेकिन झारखंड में स्पीकर सरकार के टूल किट बनकर रह गए हैं. युवाओं, बेरोजगारों एवम भाजपा नेताओं पर केस, मुकदमा करते-करते यह सरकार अब सारी सीमाएं लांघ बैठी है. कहा कि इसी सरकार ने मुफ्त बिजली पानी देने की घोषणा की थी और इसी सरकार ने विधानसभा में विधायकों के रहते की बिजली पानी काट दी.

### समारोह | सेवानिवृत कर्मियों ने अपने सेवाकाल के यादगार लम्हों को साझा किया

# सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को दी गई विदाई

संवाददाता। रांची

सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे सात कर्मियों के लिए बुधवार को सीसीएल की ओर से एक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया. सेवानिवृत्त कर्मियों में विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक मनोज कुमार शर्मा, सीसीएमसी विभाग के महाप्रबंधक (उत्खनन) अनुज कुमार, मुख्य प्रबंधक (ई एंड एम) अरुण कुमार तिवारी, गांधीनगर अस्पताल के कार्यालय अधीक्षक अनूप कुमार दराद, मेक. फिटर टीए विभाग राज कुमार भर, ई एंड एम विभाग के हेल्पर सामुला अंसारी और गांधीनगर अस्पताल के सफाई मेट/जमादार जेठू राम शामिल थे, जिन्हे भावभीनी विदाई दी गई. इस अवसर पर सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने सभी सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र, सर्विस सर्टिफिकेट आदि प्रदान कर सम्मानित किया. साथ ही सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित भी किया गया, जिसके माध्यम से सेवानिवृत हो रहे कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सभी से साझा किया. बता दें कि जुलाई महीने में सीसीएल से कुल 84 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं.

इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनिकी/संचालन) हरीश दुहान एवं सीवीओ पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवार के सदस्यगण एवं काफी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे. सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी सीसीएल परिवार के अभिन्न सदस्य हैं और परिवार के सदस्य बने रहेंगे. उन्होंने कहा कि आप सभी कंपनी की दशा और दिशा तय किया है, जिससे कंपनी वर्तमान वित्तीय वर्ष में 100 मि. टन कोयला उत्पादन करने के लिए संकल्पित है. उन्होने कहा कि आप सभी को जब भी व्यक्तिगत जरुरत हो तो कंपनी आपके सहयोग हेतु तत्पर है. निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि आपने अपने-अपने कार्य क्षेत्र में स्थायी प्रभाव डाला है और आपकी विरासत दूसरों को प्रेरित करती रहेगी. उन्होंने सभी को सेवानिवृत्ति पर बधाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी.


सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी.

# सीएमपीडीआई के 4 सेवानिवृत्त कर्मियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। रांची

सीएमपीडीआई के 4 सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर बुधवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इनमें अरूण कुमार-महाप्रबंधक (खनन), रत्नेश कुमार साहु-प्रबंधक (सर्वे), गणेश महतो-चालक-सह-मैकेनिक एवं सुशील कुजूर-सफाई कर्मचारी शामिल हैं.

मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की. इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की. मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक / विभागाध्यक्षगण ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की.


विदाई-सह-सम्मान समारोह में उपस्थित सीएमपीडीआई के पदाधिकारी.

## ब्रीफ खबरें

### ट्राइबल डिजाइन फोरम ने किया प्रेस मीट का आयोजन

**रांची।** ट्राइबल डिजाइन फोरन बीएनआर चाणक्य होटल में आदिवासी डिजानरों को लेकर प्रेस मीट का आयोजन किया. इस दौरान ट्राइबल डिजाइन फोरम के श्याम मुर्मू ने कहा कि विभिन्न देश के आदिवासी युवाओं के लिए नया प्लेट फार्म देने प्रयास हो रहा है, जिसको लेकर झारखंड के युवाओ को जोडने का कोशिश की जा रही है. इसके साथ ही देश विदेश के आदिवासी युवा खुद का नई पहचान बनाये हैं. उनके साथ भारत के आदिवासी युवाओं को इनके साथ मे कार्य को लेकर नई पहल की जाएगी, ताकि झारखंड के युवा इनके साथ जुड़कर एक नया रोजगार को मुकाम तक हासिल कर सकते हैं.

### जुगल किशोर पोद्दार के निधन पर शोक

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोहरदगा जिला के पूर्व संघ



संचालक अग्रणी समाजसेवी व व्यवसायी जुगल किशोर पोद्दार के आकस्मिक निधन पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है. विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जुगल किशोर पोद्दार सरल, मिलनसार, मृदुभाषी, धार्मिक विचारधारा व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे.

### एक राष्ट्र एक कोयला पर सेल में कार्यशाला

**रांची।** भारत में इस्पात उद्योगों के लिए केंद्रीय खरीद पर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्र एक कोयला खरीद पर बुधवार को एमटीआई सेल में कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में, प्रतिभागियों ने विभिन्न संयंत्रों द्वारा अपनाई गई खरीद रणनीतियों की अंतर्दृष्टि साझा की, जिससे अंततः बड़े पैमाने पर भारतीय इस्पात निर्माण क्षेत्र के लिए आवश्यक कुछ सामान्य आयातित कोयला गुणों की सिफारिश की गई. इस कार्यशाला का उद्घाटन मिनिस्ट्री ऑफ स्टील के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र और सेल निदेशक (टी, पी एंड आरएम) अरविंद कुमार सिंह के साथ संदीप कुमार कर, ईडी (आरडीसीआईएस) की उपस्थिति में किया गया.

**आस्था :** हरमू रोड व अग्रसेन पथ के श्याम मंदिरों में मंगला आरती, शृंगार और संकीर्तन की रही धूम

# राजधानी में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी कामदा एकादशी

**संवाददाता।रांची**

राजधानी रांची में बुधवार को श्रद्धा-भक्ति पूर्वक कामदा एकादशी पर्व मनाया गया. इस अवसर पर रांची के दोनों श्याम मंदिरों के साथ श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर मंगला आरती और संकीर्तन गूंजता रहा. हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में प्रातः से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा हुआ था. प्रातः 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद प्रातः शृंगार किया गया. सुबह की शृंगार आरती 8:30 बजे हुई. एकादशी का विशेष कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ. श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरियां के



नेतृत्व में भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ, जो देर रात्रि तक चलता रहा. आज बाबा के विशेष शृंगार सेवा राजेश सिंघानिया हर्ष सिंघानिया पंचमेवा प्रसाद सेवा सारिका सिंघानिया रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल एवं फल प्रसाद एक श्याम भक्त द्वारा निवेदित थी. अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री अनिल नारनोली अनुज मोदी अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार अभिषेक सरावगी रोशन प्रेम का दिनेश अग्रवाल कृष्ण शर्मा लोकेश जलन आशुतोष खेतान विशाल पोद्दार आदि ने ग्यारस कार्यक्रम में सहयोग कर भजन गायन किया.

**अग्रसेन पथ श्याम मंदिर :** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में बुधवार को प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से मनभावन शृंगार किया गया. साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंग बली एवं शिव परिवार का भी विशेष शृंगार किया गया. रात्रि नौ बजे श्री श्याम प्रभु की पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कताराबद्ध होकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे. श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ सगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया, जो देर रात तक चलता रहा. इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, केसरिया दूध एवं मगही पान का भोग अर्पित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनियां, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विकास पाडिया, नितेश केजरीवाल, सुदर्शन चितलांगिया, प्रदीप अग्रवाल, अनुराग पोद्दार, अजय साबू का योगदान रहा.

**श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर :** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में श्रीवेंकटेश्वर के विश्वरूप का दर्शन हुआ. इस अवसर पर विशेष पूजा अनुष्ठान किये गये. अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने अनुष्ठान संपन्न कराया. इस अवसर पर राम अवतार नारसरिया, धनश्याम दास शर्मा, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, गौरी शंकर साबू, शम्भूनाथ मिश्र, आदि श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की.

## न्यूज अपडेट

### मेरी आवाज मेरी पहचान ने मोहम्मद रफी को किया याद



**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान के तत्वावधान में कांके रोड स्थित एक होटल में कार्यक्रम आयोजित कर मोहम्मद रफी को याद किया गया. पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर माल्याअर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. सुरों के सरताज मोहम्मद रफी साहब का 31 जुलाई 1980 को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था. मोहम्मद रफी शास्त्रीय संगीत, देश भक्ति गाने, मधुर दर्द भरे गीतों, रोमांटिक गाने, गजलें और यहां तक कि भजनों के लिए जाने जाते हैं. उन्होंने अपने फैंस के लिए दिलों को छू जाने वाले कई सदाबहार गीत गाए. मौके पर अभिनेता देवेश खान ने कहा कि मोहम्मद रफी की अमर आवाज युगों युगों तक लोगों के दिलों में राज करती रहेगी. उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता, मौके पर अभिनेता देवेश खान, सिंगर कुमार गहलोत, बुलंद अख्तर आदि शामिल थे.

### इनर व्हील क्लब का आठवां वार्षिकोत्सव मना



**रांची।** इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्ण रेखा रांची का आठवां सेरेमनी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. आयोजन बुधवार को हरमू स्थित जेके सदन में किया गया. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुप्रिया शरीक हुईं. उन्होंने इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब के समाज के प्रति किये गये सहायक कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की. इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं क्लब के सारे पदधारियों ने सम्मलित रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. पूर्व अध्यक्ष माला श्रीवास्तव ने कहा कि क्लब के सदस्यों की एकता के बल पर ही हम आज इस मुकाम पर हैं. उन्होंने कहा कि आगे भी हम सभी क्लब के पदधारी आपस में मिल कर एक और कदम बढ़ाने को तत्पर हैं, ताकि समाज की सेवा में हम लोग और सहयोग कर सकें.

### मारवाड़ी युवा मंच का तीन दिनी सावन मेला आज से

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का तीन दिवसीय सावन मेला 1 अगस्त से तीन अगस्त तक अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया है. मंच की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने कहा कि मेले की स्टाल बुकिंग पूरी हो गई है, मेले की सारी तैयारियां हो गई है. मेले की संयोजिका एवं पूर्व अध्यक्ष विनीता बिहानी ने बताया कि अग्रेसन भवन के तीनों फ्लोर में एग्जीबिशन लगेगी. यहां मेले में हर तरह की स्टाल लग रही है. जैसे कपड़े , राखी, ज्वैलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार, पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंड मेड समान, भगवान की पोशाक आदि है. यह लगने वाले स्टाल कोलकाता, जमशेदपुर, धनबाद समेत रांची के भी होंगे. अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने सभी रांची वासियों से अपील की कि मेला में आयें, घूमें, शॉपिंग एवं लजीज फूड को इंजॉय करें.

### तरुण घोष फुटबाल क्लब के खिलाड़ी दिखा रहे हुनर

**रांची।** तरुण घोष फुटबाल क्लब के खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ रहे हैं. बुधवार को झारखंड फुटबॉल टीम अंडर-17 टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई. झारखंड के दोनों वर्गों में तरूण घोष फुटबाल क्लब के छह खिलाड़ी शामिल हैं. बालक वर्ग में राजा कुमार सोनी, सुकुल सेरेग मुण्डा (जगन्नाथपुर धुर्वा) शामिल है. वहीं बालिका वर्ग में अनामिका सांगा, निकिता कच्छप, तरेसा लकड़ा (टुंगरी टोली सिंगपुर सीठियो) काजल कुमारी (जेपी मार्केट धुर्वा ) टीम में शामिल हैं. बता दें कि बालक टीम छत्तीसगढ़ और बालिका टीम आंध्र प्रदेश अंडर 17 प्रतियोगिता में भाग लेने गई है. इसके अलावा कोलकाता में हो रहे सर्विसेस टीम के चयन में तरुण घोष फुटबॉल क्लब धुर्वा के दो खिलाड़ी राज तिर्की (भडरा टोली सीठियो, नितेश तिर्की (ठुर्की टोली सीठियो) का चयन हुआ है.



डीएवी कपिलदेव में सम्मानित किये गये दसवीं और बारहवीं के टॉपर

# बच्चे हमारे भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माता भी : आलोक

**संवाददाता।रांची**

हिंदी के महान लेखक व उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर राज्य के प्रतिष्ठित डीएवी कपिलदेव स्कूल में 10वीं एवं 12वीं के स्कूल टॉपर्स एवं स्कूल के स्टेट टॉपर्स का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे. पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे मुख्य रूप से उपस्थित होकर 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया. प्राचार्य ने पासवा अध्यक्ष एवं बच्चों का अभिवादन किया. राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि डीएवी कपिल देव के प्राचार्य एमके सिन्हा ने अपना पूरा जीवन बच्चों के लिए समर्पित कर दिया. दो कमरों से प्रारंभ हुआ यह स्कूल आज झारखंड का सबसे प्रतिष्ठित एवं विख्यात स्कूल बन चुका है, जहां के बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल कर रहे हैं. उन्होंने कहा आज जिस मनु भाकर पर पूरा राष्ट्र अभिमान कर रहा है उस बच्ची ने भी डीएवी से ही शिक्षा प्राप्त की है और डीएवी कॉलेज में आज भी पढ़ रही है. शिक्षा के क्षेत्र में डीएवी ने पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है. पौधा जरूर लगाये और उसकी रक्षा करें. इस बाबत बच्चों को संकल्प भी दिलवाया गया.

पासवा के अध्यक्ष ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माता भी, आज की 21वीं सदी के दौर में अवसर भी है तो चुनौतियां भी. आज की पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में अहम भागीदारी सुनिश्चित करनी है. 10वीं एवं 12वीं के बच्चे जिन्होंने अच्छे अंक से पास किया है, उनका भविष्य उज्जवल हो और माता-पिता व गुरुजनों का हमेशा मान बढ़ाने का काम आपको करना है. विद्यालय के प्राचार्य डॉ एमके सिन्हा ने कहा कि हमारे बच्चे हमारा गुरूर हैं, जिन्होंने डीएवी के अनुशासन, शिक्षा, स्पोर्ट्स स्पिरिट का अनुपालन किया और बच्चे हर क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं.



प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्रों को सम्मानित करते पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे.

**इन्हें भी किया सम्मानित**

बच्चों की प्रतिभा सम्मान सामरिक उपरांत स्कूल के क्रिकेट एवं रेसलिंग का अवार्ड फंक्शन में आयोजित किया गया. जिसमें 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष के बच्चों को गोल्ड सिल्वर व कांस्य पदक से सम्मानित किया गया. वहीं रेसलिंग में बच्चियों के गोल्ड सिल्वर व कास्य पदक देकर अलग-अलग टीम को सम्मानित किया गया .मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, विद्यालय के शिक्षक एसके राणा, पी सारंगी, मोहित कुमार, सीएस ठाकुर, आराधना सिन्हा, निलीमा दास, आनंद गोपाल, एसके सिंह, राजीव जायसवाल को भी मोमेंटो देकर उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया.

**खास बातें**

- शिक्षा के क्षेत्र में डीएवी की देश में अपनी अलग पहचान है
- 21वीं सदी के दौर में अवसर भी हैं तो चुनौतियां भी

### आचार्यकुलम के छात्रों ने योग चैंपियनशिप में जीते छह स्वर्ण पदक

**रांची।** रांची में आयोजित 40वीं योग चैंपियनशिप में आचार्यकुलम के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है. इस प्रतियोगिता में आचार्यकुलम के छात्रों ने छह स्वर्ण पदक जीते. बता दें कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 300 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था. आचार्यकुलम के स्वामी व प्रधानाचार्य ने विजेता छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं है.

**इन छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन**
**8 वर्ष से कम आय वर्ग**

- अन्वी सिंह - स्वर्ण पदक
- काव्या शर्मा- स्वर्ण पदक
- भाव्या श्री - स्वर्ण पदक
- नित्य सिंह - स्वर्ण पदक
- श्रेष्ठ भारद्वाज - स्वर्ण पदक
- बालक वर्ग (8 से 10 वर्ष)
- अर्णव कुमार - 5वां स्थान
- बालिका वर्ग (10 से 12 वर्ष)
- मन्नत कुमारी - स्वर्ण पदक
- अनित्या आर्य - कांस्य पदक
- बालक वर्ग (10 से 12 वर्ष)
- नित्यम कुमार सिंह - 6वां स्थान
- पृथ्वी देव भट्टाचार्य - 5वां स्थान

### कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल 6 अगस्त को

**रांची।** झारखंड राज्य अंडर-23 सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल का आयोजन 6 अगस्त को रांची मे किया जाएगा. इस संबंध में झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने जानकारी दी.

# कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है : सुदेश



छात्रा को सम्मानित करते आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो.

**संवाददाता।रांची**

जोन्हा हाई स्कूल में मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयासरत रहना आवश्यक है.

सच्ची मेहनत ही सफलता की कुंजी है. क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं.

सुदेश महतो ने कहा सिल्ली विधानसभा अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्टूडेंट एक्सप्रेस बस सेवा, निःशुल्क उड़ान कोचिंग, स्मार्ट क्लास, वी आर लैब जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं.गूंज परिवार के द्वारा प्रखंड के मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और प्रखंड टॉपर्स के बीच स्मार्ट टैबलेट तथा स्कूल टॉपर्स के बीच स्मार्ट वॉच का वितरण हुआ.

### अग्निवीर जीडी के लिए राज्य के तीन जिलों के युवाओं ने दिखाया जोश

**रांची।** खेलगांव के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे सेना भर्ती रैली में बुधवार को राज्य के तीन जिलों के युवाओं ने जोश दिखाया. शारीरिक दक्षता परीक्षा में बुधवार को बोकारो, कोडरमा व गोड्डा के लगभग1015 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया. सभी युवाओं ने अपने पूरे जोश व जुनून के साथ रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. बता दें कि रैली स्थल पर सेना चिकित्सा अधिकारियों की टीम द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच लगातार की जा रही है. अस्थाई रूप से मेडिकल जांच में असफल अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित दिन और उचित समय पर ही नामांकित मिलिट्री अस्पताल में आगामी जांच हेतु रिपोर्ट करें. इस प्रक्रिया में सफल होने वाले अभ्यर्थियों का अंतिम मेरिट के आधार पर सेना में अग्निवीर के रूप चयन होगा. गुरुवार को अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए गिरिडीह, खूंटी व साहिबगंज अभ्यर्थी सेना बहाली में अपना दम दिखाएंगे.

सीसीएल मुख्यालय में शतरंज व कैरम संपन्न

# टॉप पांच प्रतिभागी अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

**संवाददाता।रांची**

सीसीएल मुख्यालय का दो दिवसीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता बुधवार को दरभंगा हाउस रांची में संपन्न हुआ. प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष (पी एंड आईआर) नवनीत कुमार एवं विभागाध्यक्ष (कल्याण) रेखा पांडे मौजूद रही. नवनीत कुमार ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें जीत की बधाई दी. साथ ही 20 व 21 अगस्त को ढोरी क्षेत्र में आयोजित होने वाले सीसीएल अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी. सीसीएल मुख्यालय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया.

### मुख्यालय के 160 कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया

शतरंज और कैरम के टॉप पांच प्रतिभागी 20 और 21 अगस्त को सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में आयोजित होने वाली सीसीएल अंतर क्षेत्रिय शतरंज व कैरम प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसमें सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं . अंतर क्षेत्रिय प्रतियोगिता में शतरंज और कैरम में स्थान धारक को सीआईएल अंतर कंपनी शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया जाएगा . मुख्यालय प्रतियोगिता में 160 कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया .

शतरंज का परिणाम
प्रथम स्थान ए .के . चौधरी 5 अंक
द्वितय स्थान रोहित 4 .5 अंक
तृतीय स्थान राज कुमार सिंह 4 .5 अंक
चतुर्थ स्थान प्रणीत कुमार 4 अंक
पंचम स्थान चन्द्रकान्त रवि 4 अंक
कैरम का परिणाम
एकल मुकाबले में शशि भूषण मंडल विजेता व मनोहर कर्माती उप विजेता रहे .

# सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में मना हरित दिवस एवं सावन महोत्सव

**संवाददाता।रांची**

अरगोड़ा कटहल मोड़ रोड स्थित सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल न्यू अशोक नगर, रांची में बुधवार को कक्षा प्री-नर्सरी से दशम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं द्वारा हरित दिवस एवं सावन महोत्सव मनाया गया. मौके पर विद्यालय के नन्हें बच्चे हरे रंग के फल, सब्जियां, पौधे, जानवर जैसे मेढ़क, मोर, तोता आदि के पोशाक धारण कर विद्यालय में उपस्थित हुए, जिन्होंने सबका मन मोहा.

छोटे बच्चों ने सावन महोत्सव पर अंग्रेजी और हिंदी में कविता एवं स्पीच प्रस्तुत की. इस क्रम में कक्षा प्री-नर्सरी और नर्सरी के बच्चों ने सावन से जुड़े गाने पर आधारित नृत्य पेश किया, जबकि कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न जानवरों, पक्षियों और पौधों पर आधारित राइम्स प्रस्तुत किया. इस प्रस्तुति का नेतृत्व प्री-प्राइमरी सेक्शन के इंचार्ज मिस अजविया फातमा ने किया. विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज सुमन सिंह के नेतृत्व में कक्षा प्रथम से पंचम वर्ग के छात्रों द्वारा पर्यावरण और वृक्ष के बचाव पर नाटक का मंचन किया गया. कक्षा 6 से दशम वर्ग तक विद्यार्थियों के बीच सावन महोत्सव पर स्पीच प्रतियोगिता में शामिल हुए. प्रतियोगिता में रेड हाउस से सिद्धि कुमारी, ज्योति कुमारी, आदित्य राज व अनुष्का सिंह को पुरस्कार देकर विद्यालय के निदेशिका सुषमा सिन्हा एवं प्राचार्या श्रावणी पाण्डेय ने सम्मानित किया.



शिक्षिकाओं के साथ हरे रंग की पोशाक में बच्चों ने दिखायी सावन की छटा.

**सावन महीने का खास महत्व : डॉ दीपक**

मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ दीपक कुमार ने कहा कि साल के 12 महीने में सावन महीने का अपना एक खास महत्व होता है . इस महीने को एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है . ऐसे में वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अधिक से अधिक पौधे लगाएं जाएं .मौके पर विद्यालय उप प्राचार्य अक्षय कुमार सिन्हा, वरिष्ट शिक्षक निर्मल कुमार चौधरी, संदीप पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, सुनीता धार, नफीस फातिमा, तृषा कुमारी, विवेक कुमार, रेनू मिश्रा, अंजू कुमारी, सरिता कुमारी, अर्शी बानो, तबस्सुम खातून, सदफ रहमान, प्रतिमा कुमारी, निधि कुमारी, अलकमा तरन्नुम, मनी मृत्युंजय, शिल्पा भारद्वाज आदि शामिल थे .

**विदाई समारोह** जीईएल चर्च के मॉडरेटर हुए सेवानिवृत्त, गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज रांची में दी गयी विदाई

# कलीसिया एकता को मजबूत बनाने की जरूरत : जोहन डांग

**संवाददाता।रांची**

गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज रांची में जीईएल चर्च के मॉडरेटर जोहन डांग ने कहा कि कलीसिया एकता को बनाने की जरूरत है. बिशप और पादरी को प्रशिक्षित करना है. जोहन डांग बुधवार को गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज रांची में आयोजित अपने विदाई समारोह में कलीसिया को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेज की देखते हुए नये छात्रावास बनाने की जरूरत है.

कलीसिया को मजबूत बनाने के लिए आर्थिक सहयोग करना है. इससे पहले मॉडरेटर को विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए केंद्रीय परिषद जीईएल चर्च कार्यालय से जीप में बैठाकर, गोस्सनर मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के बच्चे परेड मार्च करते हुए गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज ले जाया गया. वहां बेथेसदा बीएड और एमड की छात्राओ ने स्वागत किया. उन्हे सभागार हॉल मे ले जाया गया. रेव्ह असिसन कंडुलना, रेव्ह अमित लकड़ा ने की अध्यक्षता की. मंच का संचालन समीर सांगा, पूनम टोपनो, एलिस डुंगडुंग ने किया. धन्यवाद ज्ञापन इराद अटल खेस ने किया. पादरी निरल बागे ने मॉडरेटर जोहन डांग का जीवन परिचय प्रस्तुत किया और कहा कि उन्होंने 41 साल तक कलीसिया का सेवा की है.इन्होंने कलीसिया को नई पहचान दिलायी. महिला पादरी को प्रशिक्षित कर कलीसिया सेवा मे सकारात्मक पहल की. समारोह में मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, बिशप सीमांत तिर्की, महासचिव ईश्वर दत्त कंडुलना, पूर्व बिशप जोलजस लकड़ा, एनडब्ल्यू जीईएल चर्च के बिशप राजीव सतीश टोप्पो, नॉर्थ डायसिस के बिशप लोलस मिंज, ओडिशा से रेव्ह पावल लुगुन, साउथ वेस्ट डायसिस के स्क्रेटरी एमल लुगुन समेत गोस्सनर से जुड़े विद्यार्थी शामिल थे.



गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज में आयोजित विदायी समारोह में मॉडरेटर जोहन डांग.

**कौन हैं मॉडरेटर जोहन डांग**

गोस्सनर एवंजेलिकल लूथेरान कलीसिया में मंडली स्तर के सर्वोच्च पद पर आसीन थे . उनका जन्म 22 जुलाई 1959 को उड़िसा सम्बलपुर जिला दुर्गा डीह जमनकीरा में हुआ था . उनका प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई . कॉलेज की पढ़ाई गोस्सनर कॉलेज में हुआ . ईश्वर बुलाहट के कारण गोस्सनर बेबल टेर्निं ग स्कूल गोविंदपुर 1977-78में दाखिला लिया . पादरी बनने के लिए गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज रांची में नामांकन कराया . बैचलर ऑफ डिविनिटी की पढ़ाई गुरुकुल लुथेरान थियोलॉजिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट चेन्नई से 1988 में पूरी की . एक जून 1983 में कलीसिया में सेवाकाई की शुरुआत जीईएल चर्च राजा गंगपुर से की . यहां उनका 24 मार्च 1989 को पादरी अभिषेक हुआ . जून 1983 से 30 जून 1985 तक साउथ वेस्ट डायसिस के राजगंगपुर मण्डली में वाईस चेयरमैन के रूप में सेवा दिए . जून 1988 से 16 जनवरी 2006 तक पी . टी . एस . गोविंदपुर में क्रमश : सहायक शिक्षक, नव जीवन प्रकाश केंद्र के डायरेक्टर और हेडमास्टर के रुप में जिम्मेदारियों को निभाया . 16 जनवरी 2006 से नम्बर 2009 तक करीमाटी के पेरिश चेयरमैन बने .

# आराधना के बाद मनाया गया संत इग्रेशियुस लोयला पर्व

**संवाददाता।रांची**

पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर में बुधवार को संत इग्नेशियुस लोयला का पर्व मनाया गया. इस अवसर पर सुबह 7:30 बजे विशेष आराधना हुई. इस आराधना के मुख्य अनुष्ठक फादर अजीत खेस थे. आराधना में उपदेश फादर प्रेम खलखो ने दिया. अपने उपदेश में फादर प्रेम खलखो ने कहा कि बदलते समय में हमें यह विचार करना आवश्यक है कि क्या हमने संत इग्नेशियुस लोयला के जीवन और मनोभावों को समझा है? फादर प्रेम खलखो ने कहा कि हमें भी अपनी कमजोरियों के बावजूद धर्मसमाजी जीवन में आदर्श बनना है. हमें अपने व्यक्तिगत जीवन में यीशु को जानना और समझना होगा.

आराधना के दौरान संत इग्नेशियुस लोयोला के जीवन के बारे में बताया गया. संत इग्नेशियुस ऑफ लोयोला का जन्म स्पेन में 1491 में हुआ था. वे कुलीन परिवार से थे और योद्धा बनने का सपना देखते थे और वे बने भी. सन 1521 में फ्रांसीसियों के साथ लड़ाई में वे गंभीर रूप से घायल हो गये. स्वास्थ्य लाभ के दौरान उन्हें यीशु और संतों की जीवनी पढ़ने का मौका मिला. इस दौरान उनका हृदय पूरी तरह से परिवर्तित हो गया. उन्होंने खुद को ईश्वर की सेवा में समर्पित कर किया. वे आध्यात्मिक निर्देशन की कला में विशेषज्ञ बन गये.

## ब्रीफ खबरें

### वज्रपात से पावर स्टेशन का ट्रांसफार्मर जला

**रातू।** वज्रपात से बुधवार को विद्युत पावर स्टेशन में लगे पांच एमबीए का ट्रांसफार्मर के जलने की सूचना है. इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हुयी है. विभाग की ओर से उसका उपायोग सिर्फ इमरजेंसी में किया जाता है. ट्रांसफार्मर चार्जिंग प्वांट में था. दिन के करीब 11 बजे ठनका गिरने से उसमें धुंआ उठने लगी और ऑयल लीक हो गया. हालांकि, कनीय अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने से बच गया. लेकिन, गुरुवार को तकनीकि विशेषज्ञ की टीम इसका निरीक्षण करेगी.

### लातेहार में गोली लगने से जवान की हुई मौत

**लातेहार।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के करमडीह पुलिस पिकेट में पदस्थापित जवान प्रमोद कुमार सिंह (35) की मौत उसके हथियार से निकली गोली से हो गयी. इसकी पुष्टि छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने की है. उन्होंने बताया कि बुधवार को हथियार की सफाई के दौरान गोली लगने से जवान घायल हो गया था. गंभीर हालत में उसे करमडीह पिकेट से छिपादोहर सरकारी अस्पताल लाया गया. यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. दिवंगत जवान प्रमोद सिंह पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव का रहने वाला था.

### बालू लदे ट्रक ने एसएसबी जिप्सी को मारी टक्कर

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के बढ़इया मोड़ के पास बालू लदे ट्रक ने एसएसबी की जिप्सी में टक्कर मार दी. हादसे में जिप्सी में बैठे जवान बाल-बाल बच गए, परंतु जिप्सी क्षतिग्रस्त हो गई. ट्रक बालू लेकर खलारी की ओर से बीजू पाड़ा की तरफ जा रहा था. सूचना मिलने पर चान्हो पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रक जब्त कर लिया.

### आपदा से जुड़ा प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**इटकी।** इटकी प्रखंड सभागार में बुधवार को 9 बीएन एनडीआरएफ की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से जुड़ा एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बाढ़, आगजनी, सर्पदंश, भूकंप, मेडिकल इमरजेंसी आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव की जानकारी दी गई. साथ ही बताया गया कि किसी को सांप काट ले, किसी को हार्ट अटैक या कोई पानी में डूब जाए और आपके पास संसाधन कि कमी होने पर लोगों की किस तरह मदद पहुंचा सकते है. मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली, सीआई जयकेश्वर साहू, शाह फैसल, सन्नी बाखला, धीरज लकड़ा, मजाज अहमद सहित अन्य शामिल थे.

### कंटेनर चालक से चार हजार लूट कर फरार

**इटकी।** थाना क्षेत्र के एनएच 23 रांची गुमला मार्ग पर कूर्गी बस्ती के करीब मंगलवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे लाल स्कूटी पर सवार दो लुटेरे ने कंटेनर चालक रामाधार राय से चार हजार रुपये लूट कर फरार हो गए. कंटेनर पूना से बजाज मोटरसाइकिल लेकर त्रिपुरा के अगरतला जा रहा था, वह पलमा पेट्रोल पम्प के समीप खड़ा किया था. वह अपने गतंव्य की ओर जा रहा था कूर्गी बस्ती के समीप लाल स्कूटी में सवार दो युवक ने कंटेनर को रोक लिया और कंटेनर से दुर्घटना होने की बात बताकर चालक को पलमा पेट्रोल पंप चलने को कहा .

### पत्रकार के परिजनों पर हमला अपराधिक कृत्य

**रातू।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) के केंद्रीय संयोजक सह रांची जिला के संगठन प्रभारी विजय सिंह ने पत्रकार शेख मुजिबुल के परिजनों पर 28 जुलाई की शाम 5 बजे हुये हमले की निंदा की है. उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले अपराधिक है, जिस पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये. श्री सिंह ने अभियुक्तों पर कार्रवाई नहीं होता देख यह बयान जारी किया है. उन्होंने यह भी कहा है कि जेएमएम के झंडे लगे कार से आकर कांड को अंजाम देना दुर्भाग्य है. पुलिस की ओर से पत्रकार के परिजनों द्वारा लिखित शिकायत देने के बाद अभी तक कार्रवाई नहीं करना ठीक नहीं है.

### लेगाहातू में भव्य लाठी खेल का हुआ आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सुलुमजुड़ी लेगाहातू में रजा ए मुस्तफा कमेटी के द्वारा मंगलवार की रात 9 बजे से बुधवार की सुबह 4 बजे तक भव्य लाठी खेल का आयोजन किया गया. आयोजन में कुल पांच टीमों ने खेल का प्रदर्शन किया. रजा क्लब सुलुमजुड़ी, नेशनल क्लब कलवाडीह, हुसैनी क्लब कुटाम, मोहम्मद क्लब मड़ामू कोटशिला (पबं) एवं बड़ा मुड़ी कमेटी शामिल रहे. खेल के दरमियान खिलाड़ियों के द्वारा एक से बढ़कर एक करतब और खेल का उम्दा प्रदर्शन किया गया.

---

एआइएमआइएम ने इकरा मस्जिद के समक्ष शांतिपूर्वक हाथों में तख्तियां लेकर किया प्रोटेस्ट

# अंतिम विस सत्र में न्याय नहीं तो विस चुनाव में मिलेगा सबक : शाहिद

**संवाददाता। रांची**

एआइएमआइएम रांची महानगर अध्यक्ष मो शाहिद अय्यूबी के नेतृत्व में बुधवार को इकरा मस्जिद के समक्ष शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट हाथों में तखतियां लेकर किया . झारखंड सरकार के द्वारा अल्पसंख्यकों को नजर अंदाज करने अल्पसंख्यकों के हक अधिकार इस कार्यकाल में पूरे नहीं होने समेत अन्य मुद्दें पर शांतिपूर्ण तरीके से हाथों में तख्ती लेकर झारखंड सरकार सहित इंडिया गठबंधन को जागरूक किया गया. महानगर अध्यक्ष मो शाहिद अय्यूबी ने कहा कि यदि

इस विधानसभा के अंतिम सत्र में भी हमारी मांगे हल नहीं हुए तो इसका खामियाजा 2024 के विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा और साथ ही पूरे झारखंड का दौरा कर शोषित वंचित मजलूमों को एकत्रित कर आंदोलन किया जायेगा. मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता इमरान राजा अंसारी, शम्स कमर लड्डुन, रिजवान खान,आरिफ खान, मो शमी, फहीम अहमद ,सरवर खान, रिजवान मोजीबी अनवर हुसैन,समीर खान, शमीम अंसारी,सदाब आलम, मो इमरन अहमद आदि शामिल थे.

तख्तियों में लिखा था : दो महीना में हमारी मांगें पूरी करें, मॉबलिंचिंग में कोई एक व्यक्ति नहीं पूरा परिवार मरता है, स्टॉप मोबलिंचिंग, हेमंत सरकार अपना चुनावी घोषणा पत्र लागू करें, हेमंत सरकार अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार कब लागू होंगे, हेमंत सरकार अल्पसंख्यकों से किए गए वादे को निभाएं, हेमंत सरकार मॉबलिंचिंग पर कानून कब बनेगा.




---

आज से रेल यातायात सामान्य होने की उम्मीद,कार्य में जुटे रहे कर्मचारी

# रात 9:20 में थर्ड लाइन से धीमी गति से गुजरी गीतांजलि एक्सप्रेस

**शंभू कुमार । चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां-बड़ाबाम्बो के बीच मंगलवार की अहले सुबह हावड़ा-मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी. इस रेल लाइन पर परिचालन पूरी तरह ठप था. इस पर परिचालन शुरू करने के लिए मंगलवार से ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी लगे हुए हैं. देर शाम थर्ड रेल लाइन को क्लियर कर ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया. हालांकि तीन रेल लाइन को गुरुवार की सुबह तक क्लियर करने की उम्मीद है. इसके बाद तीनों रेल लाइन पर परिचालन सामान्य हो जाएगा. चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां-बड़ाबाम्बो के बीच मंगलवार अहले सुबह हावड़ा-मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ठप पड़े परिचालन को लगभग 41 घंटे के बाद रेलवे ने सिंगल लाइन से परिचालन प्रारंभ कर दिया. अन्य दो लाइनों पर परिचालन गुरुवार की सुबह तक चालू करने की बात अधिकारियों ने कही है. बुधवार को रेलवे ने पहली ट्रेन हावड़ा से मुंबई जाने वाली 12860 गीतांजलि एक्सप्रेस को पास कराया. इस ट्रेन को घटनास्थल पर थर्ड लाइन से धीमी गति से रात 9.20 बजे पास किया गया. यह ट्रेन रात 9.36 बजे चक्रधरपुर स्टेशन पहुंची. इससे पहले ट्रैक की जांच करने के लिए रात 8.55 बजे मालगाड़ी को वहां से पास किया गया. दूसरी ओर, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को हावड़ा-मुंबई मेल दुर्घटना में मरने वाले दोनों मृतक के परिजनों को मुआवजा की राशि सौंप दी गई है. वहीं घायलों को भी मुआवजा दे दिया गया है.उन्होंने बताया कि घटना में मरने वाले दस लाख रुपये में पचास हजार रुपये नगद व 9 लाख 50 हजार रुपये का चेक दिया गया. वहीं घायलों को पचास हजार रुपये नगद व पचास हजार रुपये का चेक दिया गया है.





घटना स्थल पर कार्य का जायजा लेने पहुंचे रेल जीएम अनिल कुमार मिश्रा.

**आज ये ट्रेन रहेगी रद्द**

18189 टाटा-अर्नाकुलम एक्सप्रेस 1 अगस्त को भी रद्द रहेगी. चूंकि इस ट्रेन के रैक को दुर्घटनाग्रस्त हुये हावड़ा-मुंबई मेल के यात्रियों को मुंबई तक भेजा गया था.रैक के अभाव में इस ट्रेन को 1 अगस्त तक रद्द किया गया है.

- मृतक के परिजनों व घायलों को रेलवे और राज्य सरकार ने मुआवजा दिया

इधर, हावड़ा-मुंबई रेल हादसे में मरने वाले राउरेकला निवासी पी विकास राव व अजीत कुमार सामल के परिजनों को झारखंड सरकार की ओर से दो-दो लाख रुपये का चेक दिया गया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पश्चिमी सिंहभूम जिला के उपायुक्त कुलदीप चौधरी व पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दोनों मृतक के भाइयों को सहायता राशि के तौर पर दो-दो लाख रुपये का चेक दिया. क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक को ठीक करने का कार्य दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा. दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा समेत अन्य वरीय अधिकारियों की देखरेख में रेल कर्मचारी बुधवार को रेलवे ट्रैक से इंजन समेत गिरी बोगियों को हटाने के साथ-साथ टूटे ट्रैक को ठीक करने, टूटे पोल व ओएचई तार को ठीक करने में जुटे रहे. मंगलवार को घटना के बाद से ही ट्रैक पर से बोगी, मलवा आदि हटाने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त पटरियों को ठीक करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था. बुधवार दोपहर में पत्रकारों से जोन के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बताया किदेर रात तक अप व डाउन लाइन को ठीक कर लिया जाएगा. इसके बाद गुरुवार सुबह से संभवतः पूरी तरह यातायात बहाल हो सकेगी. कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी इसकी जांच कर रही है.

### चतरा चैंबर अध्यक्ष से मिले चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल चतरा चैंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष जीतेन्द्र जैन, सचिव संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव मित्तल एवं उनके कार्यकारिणी सदस्य से मिला. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधित्व कार्यकारिणी सदस्य सह संबद्ध संस्था उप समिति के चेयरमैन रोहित पोद्दार एवं चैंबर के प्रवक्ता विकास विजयवर्गीय ने किया. बैठक में चतरा चैंबर के अध्यक्ष ने जिले की कई मुख्य परेशानियों से अवगत कराया, उन्होंने कहा कि चतरा में इंडस्ट्रियल एरिया बनाया जाना चाहिए जिससे चतरा जिले का विकास हो सके, जिले में टमाटर और मटर जैसे सब्जियों की अत्यधिक खेती होती है, जिसे पड़ोसी देशों पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में भारी मात्रा में निर्यात किया जाता है, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की बात पर चर्चा की गई.

### कनेक्ट सेंटर में दर्ज 3615 शिकायतों में से 2863 का निष्पादन कर चुका है निगम

**रांची।** नगर निगम ने शहर के नागरिकों की समस्याओं और सुझावों को महत्वपूर्ण मानते हुए व उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए अप्रैल में 24X7 कनेक्ट सेंटर की शुरुआत ट्रायल के तौर पर की थी. ट्रायल के दौरान निगम ने कनेक्ट सेंटर के माध्यम से अनेकों शिकायत प्राप्त किए. अप्रैल महीने में कनेक्ट सेंटर शुरु होने के बाद निगम ने बुधवार तक कुल 3615 शिकायतें दर्ज की. निगम ने कुल 3615 शिकायतों में से अब तक 2863 शिकायतों, जो 79.2 प्रतिशत है, उसका निष्पादन निर्धारित समय सीमा के अंदर कर दिया है. वहीं शेष बची शिकायतें फिलहाल प्रक्रियाधीन हैं. टोल फ्री नंबर पर आती है सबसे अधिक शिकायतें कनेक्ट सेंटर के माध्यम के शिकायत करने के कई माध्यम हैं.

---

# ग्राहक लाभान्वित होंगे तो हमारी उपलब्धियां बढ़ेगी: पूर्णिमा कुमारी

- लापुंग एवं ककरिया शाखा में वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया

**संवाददाता। लापुंग**

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ग्रामीण इलाकों के लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव तत्पर है. लोगों का जीवन स्तर में कोई बेहतर परिवर्तन होता है तो यह झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के लिए बेहतर प्रयास कहलाएगा. उक्त बातें लापुंग प्रखंड के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ककरिया शाखा के द्वारा आयोजित एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैम्प के दौरान ककरिया के शाखा प्रबंधक प्रिय नारायण झा ने कही. बुधवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक लापुंग एवं ककरिया के तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैम्प का अलग-अलग आयोजन किया गया. झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक लापुंग शाखा की शाखा प्रबंधक पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि बैंक सभी ज़रूरतमंदों को ऋण सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का काम करती है. जितनी अधिक संख्या में ग्राहक लाभान्वित होंगे उतनी ही हमारी उपलब्धियां बढ़ेगीं. लापुंग कैंप के दौरान सैकड़ों ग्राहकों की उपस्थिति में बैंक के विभिन्न प्रोडक्ट तथा सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में बताया गया.ककरिया में कार्यक्रम के दौरान नाबार्ड के प्रतिनिधि कमलेश नारायण तिवारी, बैंक कर्मी मनीष कुमार, श्रवण गोप, बैंक सखी किरण देवी तथा जेएसएलपीएस से बैंक सखी फूलकुमारी देवी, पूर्व मुखिया गंगाधर साहु, ब्रज बिहारी साहु, प्रवीण कुमार सहित कई गणमान्य लोग सहित छात्र छात्राएं मौके पर मौजूद थे.

### बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही महिला को कार ने रौंदा

**रांची।** तेज रफ्तार कार ने एक महिला को कुचल दिया. यह घटना बुधवार की सुबह पंडरा बाजार समिति के गेट के पास हुई है, जहां रिंकू देवी नाम की महिला की कार की चपेट में आने से मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार, रिंकू देवी अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी. उसी दौरान सड़क पार करते समय पिस्का मोड़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने महिला को कुचल दिया. हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया. इससे पहले भी कार चालक ने कुछ अन्य लोगों को टक्कर मारी थी. महिला की मौत से गुस्साए लोगों ने कार में तोड़-फोड़ शुरू कर दी. हालांकि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. पुलिस की टीम कार मालिक की तलाश में भी जुटी है.

# विधायक के खिलाफ मांडर मुखिया संघ का बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू

**संवाददाता। मांडर**

मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व विधायक बंधु तिर्की से आक्रोशित मांडर मुखिया संघ ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के समीप बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू का दिया. जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष लक्षण भगत ने किया. इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व विधायक बंधु तिर्की के खिलाफ जम कर नारे बाजी की गई.

वक्ताओं ने कहा कि बिना कारण सरवा के मुखिया प्रभा तिर्की को एक साजिश के तहत शिल्पी व बंधु तिर्की ने निलंबित करा पावर सीज करवाया है. सरवा मुखिया को बिना स्पष्टीकरण दिए निलंबित किया गया. जबकि मामला कोर्ट में लंबित है . पूर्व मंत्री देव कुमार धान प्रखंड मुख्यालय मांडर मुखिया संघ के धरना स्थल पर पहुंचे. धान ने कहा कि निजी स्वार्थ के चलते निर्वाचित महिला आदिवासी मुखिया प्रभा किस्पोट्टा, पंचायत सरवा को मांडर विधायक का मुखिया पद से निलंबित करवाना आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है. इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा . इस अवसर पर मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमा उरांव, प्रदेश उप सचिव गुरुचरण मुंडा, प्रदेश सचिव साधू उरांव, पूर्व डीडीसी व समाज सेवी डॉ०परमेश्वर भगत, समीम अख्तर अजाद, मांडर मुखिया प्रकाश खलखो, अनिता उरांव, बीजी उरांव, संतोष किस्पोट्टा, स्नेहा एक्का, सोहंती एक्का, अमित उरांव, शांति उरांव, बहादुर उरांव, बंधना उरांव, सुकरा उरांव, फुलमनी उरांव, मंगरा उरांव, संतोष कुजूर आदि मौजूद थे.

---

**आयोजन** मिनी टूल रूम में फॉउंडेशन की ओर से टेलरिंग एवं फैशन डिजाइनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

# उषा मार्टिन का महिला सशक्तीकरण की पहल

**खास बातें**

- गांवों की दो सौ से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ा
- महिलाओं के विकास से ही उज्जवल भविष्य संभव : श्रेया

**संवाददाता। नामकुम**

समाज का भविष्य कैसा बनाना चाहते है, यह महिलाओं के विकास से ही निर्धारित होगा. आधी आबादी को सशक्त बनाकर ही गांव और समाज को विकसित बनाया जा सकता है. उषा मार्टिन के निदेशक (रणनीति व विकास) श्रेया झावर ने कही. वह बुधवार को मिनी टूल रूम में फॉउंडेशन की ओर से टेलरिंग एवं फैशन डिजाइनिंग कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोली . अभी तक 200 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग, टैली और ब्यूटिशियन कोर्स का प्रशिक्षण कराया गया है. इसके अलावा 141 महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं 50 से अधिक महिलाओं को नकदी फसल से जोड़ा गया है. श्रेया झवर ने कहा कि महिला शक्ति को अपनी क्षमता की पहचान करनी होगी. इसके बाद घर से बाहर प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास करना होगा, ताकि वह एक साथ घर और बाहर की दोहरी भूमिका को सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके. फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि गांव में विकास के नये नये प्रयोग किये जा रहे है ताकि उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सके. प्राचार्य एम के गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन के सौजन्य से ऐसे प्रशिक्षण के कार्यक्रम से गांवों के युवाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा.



कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण महिलाएं.

**महिला सशक्तिकरण के लिए श्रेया झवर को सम्मान**

झारखंड सरकार के उद्योग विभाग द्वारा संचालित मिनी टूल रूम प्रशिक्षण केंद्र द्वारा श्रेया झवर को वुमन इंपावरमेंट के लिए सम्मानित किया है . इस अवसर पर प्राचार्य एमके गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन को नई ऊंचाईयों पर ले जाने की दिशा में कई पहल की गयी है .

**तीन सौ ग्रामीण को स्वरोजगार से जोड़ा**

अभी तक तीन सौ से अधिक ग्रामीण को खेती-बारी, मशरूम, मछली एवं मुर्गी पालन से एवं स्वरोजगार से जोड़ा गया है . 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, प्लंबर, मोटरसाईकिल सर्विसिंग, टैली का प्रशिक्षण दिलाया गया है .

---

## न्यूज अपडेट

### एनके एरिया से चार कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**डकरा।** सीसीएल एनके एरिया के विभिन्न यूनिट से कुल चार कर्मचारी सोमवार को सेवानृवित हुए. सेवानिवृत्त होने वाले लोगों के सम्मान में डकरा वीआईपी सभागार में सम्मान समारोह आयोजित की गई. एरिया के सीसीएल अधिकारी एवं यूनियन प्रतिनिधियों ने सेवानृवित होने वाले श्रीकांत सिंह,किशोर प्रधान,मोतीराम, रामजी चौहान को पौधा, श्रीफल ,अंगवस्त्र, सेवा प्रमाण और उपहार पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर सेफ्टी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने कहा सेवानिवृत्ति एक ऐसा अवसर है जहां व्यक्ति को बोलने के लिए शब्दों की कमी पड़ जाती है .

### टीएसपीसी ने अपने दो एरिया कमांडर को किया निष्काषित

**बुढ़मू।** टीएसपीसी के उत्तरी दक्षिणी ज़ोनल कमेटी सदस्य के अभिषेक जी ने एक प्रेस विग्यप्ति जारी कर संगठन के दो एरिया कमांडरों को संगठन से निष्काषित कर दिया है. निष्काषित सदस्यों में एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ़ रामेश्वर महतो, डमारु, हजारीबाग निवासी एवं अभिनाश जी उर्फ़ अनीश अंसारी मतवे, जिला रांची निवासी शामिल है. प्रेस विग्यप्ति कि माने तो कई वर्षो से दोनों टीएसपीसी संगठन के लिए कार्य कर रहे थे . एरिया कमांडर थे.टीएसपीसी संगठन का दोनों पर आरोप है कि दोनों कमांडर पीछे कई महीनों से गुप चुप तरीके से विकेश तिवारी नामक गिरोह बना कर लोगों से रंगदरी मांग रहे थे.इसलिए दोनों को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन से निकाल दिया गया है .

### मांडर में एक सप्ताह में दूसरी बार बहा डायवर्सन

**मांडर।** मांडर प्रखंड के बीरगोड़ा नदी पर निर्माणाधीन पूल को लेकर बनाया जा रहा डायवर्सन एक सप्ताह के भीतर बुधवार को दूसरी बार बह गया. लगभग पांच करोड़ की राशि से निर्माणाधीन पुल को लेकर डायवर्सन बनाया गया था. लेकिन लीपापोती कर ऐसा डायवर्सन बनाया गया था कि हल्की बारिश में ही उसकी गुणवत्ता की पोल खुल गई . डायवर्सन बुधवार सुबह बह गया. इससे पूर्व यह डायवर्सन शनिवार की अहले सुबह भी बह गया था. जिसे दो दिन बाद सही कराया गया था. डायवर्सन के बह जाने से एक बार फिर से सरवा, नरकोपी, बेयासी, बाजरा सहित कई गांवों का सीधा संपर्क मांडर प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है. इधर बार बार डायवर्सन के बह जाने से ग्रामीण संवेदक पर कारवाई की मांग कर रहे है.

### हम सभी को पौधा लगाना होगा: दीपक बड़ाईक

**ओरमांझी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम कर आम,जामुन, गम्हार, शीशम, कोयनार सहित दर्जनों पौधे लगाए गए. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बड़ाईक ने कहा आज जिस प्रकार से पर्यावरण दूषित हो रहा है उससे आने वाला पीढ़ी भी खतरे में है. इस अवसर पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बड़ाईक, चकला पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुण्डा, आर्ट ऑफ़ लिविंग के दीनदयाल लोहार मुंडा, मुन्नी देवी, बबिता देवी, शिक्षक संघ के प्रखंड प्रखंड सतीश बड़ाईक, कुमारी किरण माला, आशा कुमारी, निर्मला कुजूर, संगीता कुमारी, डिकेश शर्मा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

### खाद्य आपूर्ति मंत्री से लंबित मामलों के निष्पादन की मांग

**सिल्ली/मुरी।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले . राशन कार्ड में नए सदस्य जोड़ने के लंबित आवेदनों की यथाशीघ्र निष्पादन के संबंध में अवगत कराये. डॉ राकेश किरण ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में भोजन का अधिकार कानून लागू है. जिसके तहत हर जरूरतमंद निर्धन व्यक्ति को राशन देना सरकार की जिम्मेदारी है. मौके पर मौजूद झारखंड प्रदेश के खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ राकेश को आश्वस्त किया की राज्य के जितने गरीब वंचित हैं जिनका राशन कार्ड से किसी वजह से नाम छूट गया है या जिनका नाम जोड़ना है उनको यथाशीघ्र सूचीबद्ध करने का काम किया जाएगा .

### विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य सम्मेलन आयोजित

**डकरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विद्या भारती के झारखंड प्रांत के सचिव अजय कुमार तिवारी ने रांची विभाग के तीन जिलों से 25 की संख्या में आए प्रधानाचार्य के साथ सत्र 2024- 25 में आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता,विद्यालय विकास के कार्य की योजना एवं इसके निमित्त इसके सफल आयोजन के लिए नई दिशा निर्देश दिए. इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह समिति सदस्य कुसुम रानी जैन और विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा के साथ विभिन्न विद्यालय के सभी आचार्य दीदी उपस्थित थे.

### संस्थापक ने पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन

**ओरमांझी।** राम टहल चौधरी कॉलेज के एनएसएस और एनसीसी ने एडॉप्टेड विलेज हतवाल में आम की विभिन्न प्रजातियों को लगाकर उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद,पार्श्व गायक मो.रफी और कॉलेज के संस्थापक व निदेशक डॉ.पारस नाथ महतो का जन्मदिन मनाया. इस अवसर पर तीनों के कृतियों के नाम पौधे लगाए गए जैसे सोजे-वतन,सेवा-सदन,गबन ,गोदान और मानसरोवर व मो. रफी साहब के गाए मकबूल गीत मैंने पूछा चांद से,सुख के सब साथी सरीखे नाम दिए गए. कॉलेज के निदेशक डॉ.पारस नाथ महतो की रचना वीर बिरसा, टिकैत उमरॉव सिंह शेख भिखारी, जोहार पौधों के नाम रखे गए. अभियान में शैलेन्द्र मिश्र, प्रो.रीता कुमारी, प्रो.गफ्फार अंसारी, प्रो.प्रेमनाथ मुंडा,बारीडीह पंसस प्रो.शशि मिश्रा,मेजर रणजीत सिंह, डॉ.सुमन कुमार महतो, एथलीट बीरेन्द्र साहु,भूपेंद्र कुमार उपस्थित थे.

### मृतक के परिजन से सन्नी टोप्पो व आशुतोष तिवारी

**चान्हो/मांडर।** प्रखंड के अलग-अलग स्थान में वज्रपात की चपेट में आकर मारे गए लोगों के परिजनों से भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मुलाकात की. बता दें कि मंगलवार की शाम बसकी में नीरज उरांव नामक एक युवक के खेत में काम करने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई थी. उसके अंतिम संस्कार में सन्नी टोप्पो शामिल हुए और परिजनों को सांत्वना दी . वहीं दूसरी ओर चान्हो के लुंडरी और कंजगी में भी वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई थी. उनके भी परिजनों से सन्नी टोप्पो मुलाकात की. उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हुए उनके साथ है. साथ ही सरकार की ओर से ऐसे हादसों में दी जाने वाली सहायता राशि को अति शीघ्र परिजनों को दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे.

### ई रिक्शा चालकों ने आरटीए सचिव से मुलाकात की

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी प्रदेश ,उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे ने सीएनजी ऑटो का 17 रूट एवं ई-रिक्शा का 113 रूट मामले को लेकर बुधवार को आरटीए सचिव से मुलाकात कर ऑटो चालक ई रिक्शा चालक को रूट पास एवं परमिट मामले की जानकारी ली. झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ,प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह ,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष के अर्जुन यादव, महासचिव सुनील कुमार सिंह सुरेंद्र पांडे, सुरेंद्र प्रजापति ने बैठक किया.

### सभी कार्यक्रम टीमवर्क से सफल होते हैं : महतो

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में 16 दिवसीय स्कूल रुआर 2024 कार्यक्रम का स्वच्छता शपथ के साथ समापन किया गया. कार्यक्रम के अंतिम दिन नव नामांकित बच्चों का स्वागत, शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों और उनके माता-पिता को सम्मानित करने तथा विशेष मध्याह्न भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. लापुंग प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग सहित विभिन्न विद्यालयों में 16 जूलाई से चल रहे कार्यक्रम का 16 दिनों के उपरांत समापन किया गया. इस मौके पर राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी.के प्रधानाध्यापक सलीम सहाय तिग्गा ने कहा कि स्कूल रुआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन का विभिन्न विद्यालयों में बहुत ही अच्छे तरीके से आयोजन किया गया. श्री तिग्गा ने कहा कि विद्यालयों में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशों का पालन करना और बच्चों के शैक्षिक उन्नयन के लिए ईमानदारी पूर्वक काम करने से आत्मसंतुष्टि का अनुभव प्राप्त होता है. कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत प्रकाश होरो, ऐनी होरो, ग्लोरिया सांगा, रमेश गोप, नरकु साहु सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** अति पराक्रम हानि का कारण बन सकता है, पर समय उत्तम है. भाई बहन के सहयोग का समय है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**वृषभ** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी.

**मिथुन** कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. अन्न जल का दान करें.

**सिंह** समय उत्तम है. यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. भाग्य का साथ मिलेगा. किसी से कोई बहस से बचें साथ ही प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी.

**कन्या** कोई बड़ा कार्य होगा. कार्य सफल रहेगा, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी. गणेश जी का पूजन करें.

**तुला** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आपके कार्य के प्रभाव से आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं. जल दान करें.

**वृश्चिक** किसी अपरिचित महिला से विवाद हो सकता है. व्यापार से अच्छे लाभ का योग है. कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा.

**धनु** नया व्यापार लाभ का मौका देगा. अपनों के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें. काला नमक दान करें.

**कुंभ** संतान के प्रति जिम्मेवार होना चाहिए. परीक्षा का सुंदर परिणाम होगा. पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. मंदिर में दर्शन पूजन करें.

**मीन** किसी से बेकार की बहस हो सकती है. माता को कष्ट होगा. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी.

# हेमंत सरकार में : महिला सम्मान और आर्थिक सशक्तीकरण के एजेंडे शीर्ष पर

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के एजेंडे में महिला सम्मान और उनका आर्थिक सशक्तीकरण शीर्ष पर है. सरकार का मानना है कि महिलाएं अगर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हों, तो वह अपने परिवार, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकती हैं. झारखंड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं. हेमंत सरकार ने झारखंड की महिलाओं की इस कार्यशैली को बेहतर करने का फैसला लिया है और पिछले 4 सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफल योजनाओं को धरातल पर उतारा है.

**बालिक शिक्षा ओर उम्रदराज महिलाओं को पेंशन के जरिये किया जा रहा सशक्त :** सरकार की तरफ से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, उम्रदराज महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है. आधी आबादी को ध्यान में रखकर हेमंत सरकार कई योजनाएं चला रही है और कुछ पर काम कर रही है. अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधी दर्जन योजनाएं, जो सिर्फ महिलाओं के आत्मसम्मान और उनकी समृद्धि पर केंद्रित है, काफी सफल रही हैं.

**पलाश ब्रांड बना जीता जागता उदाहरण :** स्वयं सहायता समूहों को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं. कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखंड पर भी पड़ा था, लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देशन में क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 29 विभिन्न प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है.

**तीन वर्ष में पलाश ब्रांड से हुई 3982 लाख की बिक्री :** तीन वर्ष से कम अवधि में कुल 3982.00 लाख रुपए की बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की एक लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रही हैं. मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यावसायिक परिचालन के लिए पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी का गठन किया जा रहा है. इस योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी लाना है.

**एक हजार महीना आर्थिक सहयोग इसकी अगली कड़ी :** इन योजनाओं से झारखंड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है. पिछले 4 साल में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई हैं. हेमंत सरकार ने हाल में ही 21 से 50 साल तक की सभी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने की घोषणा की है. इस योजना से करीब 50 लाख महिलाओं को जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है. यह योजना उनकी रोजमर्रा की जरूरत के खर्च को सरकार द्वारा वहन करने के उद्देश्य से चलायी जा रही है विभिन्न योजनाओं के जरिये हेमन्त सरकार राज्य की हर महिला से जुड़ने की दिशा में कार्य कर रही है.




### 48 लाख महिलाओं को सीधा फायदा होगा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना हेमंत सरकार का महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है. इसके तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को उनकी रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. योजना के तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी.

### इन्हें मिलेगा फायदा

- आवेदिका झारखंड की निवासी हों, उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो. -आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो. जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है, वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकती हैं. बशर्ते मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो.
- आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना( पीला रंग का राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड) /किरासन राशन कार्ड (सफेद रंग का राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्डधारी हो. योजना को युद्धस्तर पर चलाने के लिए तीन अगस्त से पूरे राज्य में कैंप लगाकर आवेदन लेने का कार्य किया जाएगा. आवेदन फॉर्म और प्रक्रिया नि :शुल्क है.

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

**इस वर्ष 9 लाख किशोरियों को जोड़ने का लक्ष्य :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से इस वित्तीय वर्ष में नौ लाख किशोरियों को जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है. फिलहाल लगभग आठ लाख छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 5 बार में 40,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ होकर उनके 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक मिलती रहती है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500 रुपये, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में दी जाती है. जब किशोरी की उम्र 18 की हो जाये और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये, तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिये जाते हैं, ताकि वह उस पैसे से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण लेकर स्वावलंबी बन सके.

### महिला सशक्तीकरण से संबंधित कुछ अन्य योजनाएं

**हरा राशन कार्ड :** खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से 20 लाख जरूरतमंद लोगों को हर माह अनुदानित दर पर एक रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 5 किलोग्राम चावल प्रति लाभुक दिया जा रहा है.

**सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना :** खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से ही 66 लाख राशनकार्ड धारियों को एक वर्ष में दो बार 10-10 रुपए में धोती/लुंगी एवं साड़ी दी जाती है.

सर्वजन पेंशन योजना : समाज कल्याण विभाग से चलायी जा रही सर्वजन पेंशन योजना से अबतक लगभग 36 लाख 20 हजार लाभुकों को लाभ मिल रहा है. दिसंबर 2019 तक (20 वर्षों में) मात्र 15 लाख को लाभ मिलता था.

**फूलो झानो आशीर्वाद अभियान :** इस योजना के तहत अब तक 32 हजार से अधिक माता-बहनों को लाभ मिल चुका है. अब सहायता राशि भी बढ़कर 50 हजार रुपये कर दी गयी है.

**सखी मंडल से जुड़ी बहनों को बैंक क्रेडिट/लिंकेज :** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अब तक 1 लाख 40 हजार समूहों को लगभग 8,250 करोड़ रुपए की राशि बैंक क्रेडिट/लिंक की गयी है. जबकि, पिछली सरकार में 2019 दिसंबर तक सिर्फ 640 करोड़ रुपए से ही समूहों को बैंक क्रेडिट/लिंक किया गया था.

# शिक्षक ने बच्चों को वंदना करने से रोका, हंगामा

संवाददाता। भवनाथपुर

प्रखंड के मकरी पंचायत के धंगरडीहा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा बुधवार सुबह विद्यालय में प्रार्थना के दौरान बच्चों को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा साउंड सिस्टम तोड़े जाने से मामला सांप्रदायिक रंग ले लिया. इस दौरान शेख तौहीद के साथ विद्यालय के अन्य शिक्षकों में काफी नोंक-झोंक भी हुआ. विद्यालय में सरस्वती वंदना रोक जाने की सूचना पर बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर उक्त शिक्षक के प्रति आक्रोश जताया तथा समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर उक्त शिक्षक को अविलंब बर्खास्त करने की मांग करने लगे. उधर किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई नारायण यादव पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे तथा उक्त शिक्षक को हिरासत में लेकर थाना लाया. जहां पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव और बजरंग दल के द्वारा उक्त शिक्षक पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कारवाई के लिए आवेदन दिया गया.जिस पर थाना प्रभारी ने आवेदन के आलोक में वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करने की बात कही.



स्कूल पहुंचकर मामले की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी.

जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में बुधवार के सुबह प्रार्थना के बाद बच्चे सरस्वती वंदना कर रहे थे, तभी विद्यालय के ही सहायक शिक्षक शेख तौहीद बच्चो से कहा कि मेरे रहते इस विद्यालय में सरस्वती वंदना तो क्या कोई भी हिंदू देवी देवताओं का पूजा पाठ नहीं होगा, जब बच्चे नहीं माने तो उक्त शिक्षक ने सरकारी साउंड सिस्टम को पटक दिया. यह देख विद्यालय के ही सहयोगी शिक्षक निशीथ यादव ने उन्हें ये सब करने से रोकना चाहा तो शिक्षक शेख तौहीद उनसे धक्का मुक्की करते हुए अल्ला हू अकबर, नारे तकबीर जैसे धार्मिक उद्घोष करने लगे. मामले को बढ़ता देख विद्यालय के एचएम द्वारा इसकी सूचना बीईईओ तथा स्थानीय थाने को दी.

ज्ञात हो कि बीते 2017 में पुलवामा में आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों का जश्न मनाने का आरोप शिक्षक शेख तौहीद के उपर लगा था, उस समय उक्त शिक्षक द्वारा शहीद जवानों को लेकर आपत्तिजनक शब्द बोलते हुए विद्यालय में बच्चों के बीच मिठाईयां भी बांटी थी. मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमकुमार यादव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छवि कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशीला देवी आदि उपस्थित थे.

## पेज वन का शेष

**भाजपा विधायक वेल में ...**

भाजपा विधायक वेल में इसके बाद सीएम विधानसभा से अपने कांके रोड स्थित आवास आ गए. स्पीकर भी शाम को 4 बजे अपने आवास पहुंच गए. इधर समाचार लिखे जाने तक भाजपा विधायक वेल में धरने पर बैठे हुए थे.

**भाजपा विधायकों की ये है मांग :** पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी, मनरेगा कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, रसोइया, पोषण सखी, जल सहिया, एएनएम जीएनएम, होमगार्ड, पंचायत सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा ऑपरेटर, व्यवसाय प्रशिक्षित शिक्षक, अराजपत्रित कर्मचारी, भूमि संरक्षक जेई, दिव्यांगजन, जेएसएलपीएस, नगर पालिका सफाई कर्मचारी, बीआरपी सीआरपी एवं सभी समस्त अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण, बेरोजगारी भत्ता, स्थानीय नीति, जेएसएससी घोटाला, जेपीएससी घोटाला आदि पर मुख्यमंत्री को बुधवार को ही सदन के अंदर जवाब देने की मांग पर अड़े.

**क्या बोले नेता प्रतिपक्ष :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री यदि सत्र के अंतिम दिन बोल कर चले जाएंगे, तो अंतिम सत्र के कारण जनता को इन सभी विषयों पर जवाब नहीं मिल सकेगा.

**वेल में मौजूद विधायकगण :** सुनीता चौधरी, पुष्पा देवी, नीरा यादव, अपर्णा सेनगुप्ता, अमर कुमार बाउरी, बिरंची नारायण, सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही, रणधीर सिंह, अमित मंडल, आलोक चौरसिया, नवीन जायसवाल, लंबोदर महतो, किशुन दास, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, समरी लाल, अनंत ओझा, राज सिन्हा, रामचंद्र चंद्रवंशी, नारायण दास, केदार हाजरा और कोचे मुंडा.

**सीएम के जवाब देने तक सदन में ही रहेंगे :** भाजपा विधायकों का कहना है जब तक मुख्यमंत्री जवाब नहीं देंगे, तब तक हम इस सदन में ही बैठेंगे. बीजेपी विधायक बिरांची नारायण ने बाहर निकल कर मिडिया से कहा की दोपहर 2 बजे के बाद हमारे नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सरकार से जवाब चाहा और मुख्यमंत्री से जवाब चाहा. युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गई थी, पारा शिक्षक और सहायक पुलिस सबको परमानेंट करने की बात कही. जितने भी अनुबंधकर्मी हैं, उन सब पर वक्तव्य देने की मांग मुख्यमंत्री से की गई. उस पर उन्होंने वक्तव्य देने से इनकार किया. हमारे नेता प्रतिपक्ष को बोलते नहीं दिया जा रहा है. वह जब भी बोलते हैं, उनका माइक बंद कर दिया जाता है. यह बीजेपी के विधायक बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं. हमने इस सरकार से वक्तव्य देने की मांग की है. इन्होंने सदन में बिजली बंद कर दिया, पीने का पानी बंद कर दिया, किसी को निकलने नहीं दिया जा रहा है. एक बार में 40 मार्शल को भेजा गया कि उन्हें बाहर निकाला जाए. मुख्यमंत्री ने भी कहा कि आप निकलिए हम परसों जवाब देंगे. हमारे वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह ने आग्रह किया कि गुरुवार को इस पर चर्चा कर लें. वही मुख्यमंत्री हाथ उठाते हैं, तो अध्यक्ष का सिंहासन हिलने लगता है. जो लाखों नौजवान हैं वह विधानसभा की तरफ निगाहें लगा कर देख रहे हैं. अब चाहे कुछ भी हो जाए, रात भर इस सदन में ही रहेंगे.

### सीएम समेत मंत्रियों ने नए राज्यपाल को...

शपथ ग्रहण के बाद सीएम हेमंत सोरेन समेत कई मंत्रियों ने राज्यपाल संतोष गंगवार को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मौके पर सीएम के अलावा विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, बन्ना गुप्ता, डॉ. रामेश्वर उरांव, डॉ. इरफान अंसारी, हफीजुल अंसारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कल्पना सोरेन, राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य सचिव, प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी समेत कई लोग मौजूद रहे.

## देवंती प्रोजेक्ट को किया सस्पेंड, माइनिंग हुआ बंद

**रामगढ़** । जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत लोआडीह गांव में पत्थर खनन में लगी मे. देवंती प्रोजेक्ट को सस्पेंड कर दिया गया है. डीएमओ निशांत सिंह ने बुधवार को बताया कि पत्थर के माइंस में देवंती प्रोजेक्ट के द्वारा भारी अनियमितता बरती गई थी. यह अनियमितता खान निरीक्षक द्वारा किए गए जांच में स्पष्ट हुआ. जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है. देवंती प्रोजेक्ट के द्वारा जो कार्य किया जा रहा था, उसमें 12 बिंदुओं पर अनियमितता पाई गई है. डीएमओ ने बताया कि लोआडीह गांव के खाता नंबर तीन प्लाट नंबर 282 रकबा 5.30 एकड़ पर पत्थर खनिज के खनन पट्टा वर्ष 2017 में 10 वर्षों के लिए देवंती प्रोजेक्ट को दिया गया है.

## चक्रधरपुर के भीड़-भाड़ इलाके में हादसे की रोकथाम के लिए बनेगा फुटपाथ

**रांची।** चक्रधरपुर शहर के भीड़-भाड़ इलाके में राष्ट्रीय उच्च पथ 75 इ के दोनों ओर फुटपाथ का निर्माण कराया जायेगा. फुटपाथ नहीं होने के कारण अक्सर लोग दुर्घटना का शिकार होते रहे हैं. इसको ध्यान में रखते हुए पथ निर्माण विभाग सड़क की दोनों ओर नाली निर्माण और पेवर ब्लॉक लगाने का काम करेगी. यह कार्य शहर के पवन चौक से उलीडीह चौक तक किया जायेगा. इसके साथ ही सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के कार्य कराए जाएंगे.

## पूर्व आईपीएस अधिकारी रंजीत प्रसाद का हार्ट अटैक से निधन

**रांची।** पूर्व आईपीएस रंजीत प्रसाद का निधन हो गया. रंजीत प्रसाद को मंगलवार की रात करीब 11 बजे हार्ट अटैक आया था. इसके बाद उन्हें सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गयी. कुछ महीने पूर्व रंजीत प्रसाद की हार्ट की सर्जरी भी हुई थी. रंजीत प्रसाद सीआईडी आईजी के पद से सेवानिवृत हुए थे. इससे पहले उन्होंने दुमका आईजी के पद पर भी योगदान दिया था. उनकी छोटी बेटी लंदन में है, जो गुरुवार को दो बजे तक भारत पहुंचेगी. उनके आने के बाद रंजीत प्रसाद के पार्थिव शरीर को दाह संस्कार के लिए घर लाया जायेगा.



## धुरकी में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**धुरकी।** थाना पुलिस ने एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाते हुए भगाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस संबंध में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि धुरकी निवासी नाबालिग के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर शाहिद मंसूरी उर्फ लल्लू मंसूरी ग्राम अजीत महल, थाना अजीत महल, जिला अवरईया उत्तर प्रदेश निवासी पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का रिपोर्ट दर्ज कराया था. जिसके बाद एक टीम का गठन कर आरोपी को नगर उटारी से गिरफ्तार किया गया. नाबालिग को आवश्यक कार्रवाई के पश्चात उनके माता पिता को सौंप दिया गया है.

### विस्थापित मुक्ति वाहिनी और विभिन्न संगठनों ने की बैठक

# चुनाव में वास्तविक मुद्दों पर करें केंद्रितः प्रतिनिधि


श्यामल मार्डी की अध्यक्षता में बैठक करते सभी सदस्यगण.

संवाददाता । चाईबासा

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता के जीवन के वास्तविक मुद्दों को चुनाव में केंद्रित किया जाएगा. इसके लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जाएगा. यह निर्णय बुधवार को चांडिल डैम आईबी में विस्थापित मुक्ति वाहिनी की पहल पर श्यामल मार्डी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिया गया. बैठक में विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए. सभी ने अपने-अपने विचार रखे. बैठक में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि हमेशा से चुनाव में विस्थापितों को छला गया है. वादे तो बहुत किए गए पर रोजगार की व्यवस्था नहीं की गई. चांडिल जलाशय के पानी को डूब क्षेत्र में लिफ्ट तथा पाइप द्वारा पहुंचाने की योजना को आज तक लागू नहीं किया गया. सभी विस्थापित परिवारों को एक मुफ्त कृतज्ञता पैकेज देने की मांग अब तक लंबित है.

**18 अगस्त को होगी बैठक :** इस संदर्भ में व्यापक विचार-विमर्श कर कार्यक्रम निर्धारण के लिए 18 अगस्त को चौका पंचायत भवन में बैठक रखी गयी है. इस अवसर पर संसद में सांसद निशिकांत दुबे के गलत बयान और सांप्रदायिक तनाव फैलाने के प्रयास की घोर निंदा की गई. कहा गया कि सांसद दुबे का बयान समाज को बांटने वाला है.

### सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप

# झारखंड टीम महिला वर्ग में बनी विजेता, पुरुष वर्ग में उपविजेता

संवाददाता। रांची

दूसरी हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2024 में झारखंड की महिला टीम विजेता बनी. वहीं पुरुष वर्ग में फाइनल में हार के साथ दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. बुधवार को चैंपियनशिप के दोनों वर्गों का फाइनल मुकाबला खेला गया. महिला वर्ग में झारखंड और ओडिशा के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ. मैदानी खेल में दोनों ही टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रहे. मैच का परिणाम पेनाल्टी शूटआउट में हुआ, जिसमें झारखंड ने ओडिशा को 3-0 से मात दी. झारखंड को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली झारखंड की गोलकीपर सोनाली तिर्की को प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच चुना गया.

दूसरी ओर पुरुष वर्ग में फाइनल में झारखंड और ओडिशा आमने-सामने थे. इस मैच में गोल की बारिश हुई. दोनों टीम ने निर्धारित समय तक 6-6 गोल किए. इसके बाद मुकाबले में जीत हार पेनाल्टी शूटआउट से तय किया गया, जिसमें ओडिशा की टीम ने बाजी मार ली. झारखंड टीम को पेनाल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा और उपविजेता बनकर ही संतोष करना पड़ा. झारखंड टीम के विजेता और उपविजेता बनने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी. बता दें कि प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 31 जुलाई तक असम के गुवाहाटी में किया गया था.



**लापरवाही** अधिकारियों की उपेक्षापूर्ण रवैये और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण यह स्थल आज भी वीरान

# घास व झाड़ियों से भरा स्वतंत्रता सेनानियों का प्रतीक स्मारक बदहाल

संवाददाता ।हरिहरगंज/पलामू

देश की स्वतंत्रता के 76 वीं वर्षगांठ का जश्न मना चुके हैं. इस आजादी को पाने के लिए हरिहरगंज प्रखण्ड के भी कई स्वतंत्रता सेनानियों ने भी अपना योगदान दिया है. आजादी के इन स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में पुराने प्रखण्ड व अंचल भवन के सामने स्वतंत्रता सेनानी स्मारक भी बनाया गया है किंतु अधिकारियों की उपेक्षापूर्ण रवैया और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण यह स्थल चारो तरफ घास और झाड़ियों से भरा पड़ा है. यह स्थल आज वीरान व बदहाल स्थिति में है.स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में एक ओर जहां आजादी के 50 वीं वर्षगांठ के स्वर्णिम अवसर पर निर्मित स्तम्भ और पार्क बने हैं. वहीं दूसरी ओर स्तंभ पर प्रखण्ड के उन 07 सेनानियों के नाम अंकित है जिन्होंने देश की आजादी के लिए सुख सुविधा को त्याग दिया और स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे और थोड़ा ही सही किंतु अपना योगदान दिया था.

इन सेनानियों में राजकिशोर सिंह,नागेंद्र प्रसाद सिंह , सुखदेव राम,जगेश्वर राम ,राम प्रसाद गुप्ता,देवचंद राम और अंत में रामवृक्ष साव उर्फ गहरी साव का नाम शामिल हैं. आजादी के इन दीवानों ने देश को आजाद कराने के लिए आन्दोलन के दौरान न केवल अंग्रेजों की लाठियां खाई बल्कि कई यातनाएं सही. इन सभी सेनानियों के नाम इस स्मारक में अंकित है परंतु आज यह स्मारक घास व झाड़ियों के ढ़ेर में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है. बता दें कि इसके पहले जब पुराने भवन में प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का संचालन होता था तब अधिकारी और जनप्रतिनिधि इसी जगह स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन किया करते थे . जिस लिहाज से आस पास में साफ सफाई पर थोड़ा बहुत ध्यान रहता था.

जब से प्रखण्ड व अंचल नये भवन में स्थानांतरित हुआ है इसके पहले से ही यह ऐतिहासिक स्मारक उपेक्षित रहा है. साफ सफाई व देखभाल के अभाव में यह स्मारक बदहाल है. बाबजूद इसके न तो प्रखण्ड प्रशासन , न ही नगर प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस परिसर की स्वच्छता पर कभी कोई ध्यान दिया. परिणाम यह है कि अब धीरे धीरे स्मारक पर धूलकण जमने से नाम भी मिटने के कगार पर हैं. हमे यह नही भूलना चाहिए कि आज जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं उसमें इनके जैसे ही हजारों सेनानियों का योगदान रहा है. जरूरत है इनकी सम्मान और याद में बने स्मारक को सुरक्षित और स्वच्छ रखने की.


बदहाल स्थिति में स्वतंत्रता सेनानियों का प्रतीक स्तंभ

## भागिए मत, जवाब दीजिये मुख्यमंत्री जीः अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा है कि हम झुकेंगे नहीं. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि भागिए मत, जवाब दीजिए मुख्यमंत्री जी. भारतीय जनता पार्टी के विधायक गणों ने यह फैसला किया है कि जब तक मुख्यमंत्री युवाओं व अनुबंध कर्मियों के मुद्दों पर सदन में एक स्पष्ट जवाब नहीं देंगे तब तक बीजेपी के विधायक सदन नहीं छोड़ेंगे. ट्वीट में आगे लिखा है कि मुख्यमंत्री जी को अपनी लूट और झूठ की सरकार द्वारा युवाओं व अनुबंध कर्मियों को किये गए वायदों पर जवाब देना होगा. आप अपने वायदों और जिम्मेदारियों से नहीं भाग सकते हैं ! अब बस बहुत हुआ, राज्य के भविष्य के साथ खेलने नहीं दिया जाएगा.

**AFFIDAVIT**

I, RAJU AGARWAL, S/o Sri Kanhaiya Lal Agarwal, Resident of K.B. Gate Kuju, Near Forest Office, Kuju South, Murpa, P.O. - Kuju, P.S. - Mandu, District- Ramgarh (Jharkhand)- 825316, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian National bybirth.
2. That I am residing on the above mentioned address.
3. That AAYUG AGARWAL is my Son and his actual and correct date of birth is- 21/02/2010.
4. That I hence this affidavit for the purpose of Change my Son's name in his Aadhaar Card SHANKY AGARWAL to AAYUG AGARWAL.
5. That the above Statements are true and correct.

Affidavit No. 1662
Date 03 Jul 2024

# लोकतंत्र की सीमारेखा

पारदर्शिता, सामाजिक आर्थिक समावेश, सहकार, मत भिन्नता को सम्मान और अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब है मर्यादा, गरिमा और संवैधानिकता की सीमारेखा को पार नहीं करना. दुनिया भर में कोई भी लोकतंत्र विरोध के प्रति असम्मान के भाव से आगे नहीं बढ़ता है, न ही टकराव किसी भी देश की प्रगति के लिए स्वस्थ पहलू है. लेकिन भारतीय राजनीति की त्रासदी यह है कि जनप्रतिनिधि विधायिका और संसद के सदनों में बोलते हुए भी सीमारेखा का उल्लंघन करने से बाज नहीं आते. दुखद पहलू तो यह है कि अपमानजनक बातों को सत्ताशीर्ष अपना समर्थन भी दे देता है. 2024 के जनादेश साफतौर पर इंगित करता हैं कि देश की जनता अहंकार, तानाशाही, टकराव और दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति से उब गयी है, लेकिन अठारहवीं लोकसभा के अब तक चले दो सत्रों में जिस तरह की प्रवृत्तियां देखी गयी हैं, उससे यह नहीं लगता है कि सत्ता पक्ष ने जनादेश को सही अर्थों में समझने का प्रयास किया है. वह लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत को नजरअंदाज करने का कोई भी अवसर हाथ से नहीं जाने देता. लोकसभा में किसी की जाति की बात करना यह बताता है कि राजनीति कितनी तल्खी के दौर से गुजर रही है. जाति जनगणना के सवाल पर भाजपा का रुख बताता है कि उसने 1990 के दशक में मंडल आयोग को ले कर हुई प्रतिक्रियाओं से कुछ नहीं सीखा है. प्रधानमंत्री सहयोग की बातें तो करते हैं, लेकिन व्यवहार में सहयोग का प्रयास कभी दिखता नहीं है. विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना और किसानों को एमएसपी की गारंटी देने की बात क्या की है, भाजपा के नेता हर मौके पर उनके खिलाफ अपनी बौखलाहट प्रकट करते नजर आते हैं. जाति जनगणना का सवाल संजीदा मुद्दा है. बिहार में जाति जनगणना से सत्ता, संपत्ति और प्रशासन में भागीदारी की असमानता का पहलू उजागर हुआ. देश भर में वंचित तबकों को सामाजिक न्याय का लंबे समय से इंतजार है. जाति पूछने के बाद इंडिया गठबंधन की प्रतिक्रिया बताती है कि इस गठबंधन ने मुद्दों की वैचारिकता पर और ज्यादा मजबूती हासिल कर ली है. भाजपा को समझना चाहिए कि संजीदा और संवेदनशील सवालों को उठाने वालों को खारिज करने की प्रवृत्ति उसके लिए ही घातक साबित हो सकती है. जैसा कि मंडल आयोग के विरोध की कीमत हिंदी पट्टी में कांग्रेस अब तक चुका रही है. डॉ. अंबेडकर ने जाति उन्मूलन की लंबी लड़ाई का आगाज किया था. लोकतंत्र में नागरिकवाद और संविधानवाद को आधार तत्व बनाने की वकालत की गयी थी, लेकिन 21वीं सदी के दूसरे दशक की त्रासदी यह है कि जाति भारतीय समाज में निर्णायक है. यहां तक कि अब तो लोकसभा में भी जाति पूछी जाने लगी है. आजादी के बाद भारत में वैज्ञानिक चेतना और सोच विकसित करने पर जोर दिया गया है, लेकिन अभी जिस तरह का राजनीतिक माहौल बनाया गया है, उससे जितना जल्द हो, मुक्त हो जाना चाहिए. लोकतंत्र में किसी एक पार्टी की सरकार स्थायी नहीं रहती है. परिवर्तन लोकतंत्र का नियम है, लेकिन संविधान के मूल्य और लोकतंत्र के बुनियादी वसूल हमेशा विकासमान रहते हैं. इसकी रक्षा होनी चाहिए.

> लोकसभा में किसी की जाति की बात करना यह बताता है कि राजनीति कितनी तल्खी के दौर से गुजर रही है. जाति जनगणना के सवाल पर भाजपा का रुख बताता है कि उसने 1990 के दशक में मंडल आयोग को ले कर हुई प्रतिक्रियाओं से कुछ नहीं सीखा है.

## सुभाषित

**वदनं प्रसादसदनं सदयं हृदयं सुधामुचो वाचः।**
**करणं परोपकरणं येषां केषां न ते वन्द्याः॥**

सदैव प्रसन्न-वदन (हंसमुख), हृदय में दया की भावना रखने वाले, अमृत के समान मीठे वचन बोलने वाले तथा परोपकार में लिप्त रहने वाले व्यक्ति भला किसके लिए वन्दनीय नहीं होंगे? अर्थात् हंसमुख, दयालु, मृदुभाषी और परोपकारी व्यक्ति पूरे संसार के लिए वंदनीय होता है.

# किस तरह हल होगी चीन की पहेली

**देश में हकीकत से परे कथानक के साथ राष्ट्रवादी भावनाएं इस हद तक उभारी गई हैं कि आम चर्चा में लोग कहते सुने जाते हैं कि अब चीन तो छोड़िए, विश्व अर्थव्यवस्था को भी भारत या भारतवासी ही आगे बढ़ा रहे हैं. वर्तमान सत्ताधारी दल की तरफ से तो कथानक को इस हद तक उग्र बनाया गया है कि चीन की किसी खूबी की चर्चा को देशद्रोह जैसा बताया जाने लगता है. लेकिन अब खुद भारत सरकार सच का सामना करने को तैयार होती नज़र आ रही है.**



भारत सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में चीन से भारत के कारोबारी रिश्तों को लेकर जो कहा गया है, उसका असर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक देखने को मिला है. सर्वे रिपोर्ट जारी होने के एक दिन बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस कथन से सहमति जताई. इसलिए ये उचित ही है कि इस आकलन को भारत सरकार की आधिकारिक राय मान लिया गया है. इससे पहले कि इस पर बात की जाए कि भारत सरकार की इस नई समझ में खास क्या है, बेहतर होगा कि पहले हम यह देख लें कि आखिर कहा क्या गया है. आर्थिक सर्वेक्षण का पांचवां अध्याय मध्यम अवधि के बारे में दृष्टिकोण से संबंधित है. इसे नए भारत के लिए विकास दृष्टि शीर्षक से प्रकाशित किया गया है. इसी अध्याय में एक उप-शीर्षक चीन संबंधी पहेली है. इसमें कहा गया है-'भारत और चीन के बीच आर्थिक संबंधों का गतिशास्त्र लगातार बेहद जटिल और अंतर्संबंधित बना हुआ है. विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में विश्व आपूर्ति श्रृंखलाओं पर चीन का दबदबा आज एक प्रमुख वैश्विक चिंता है- खास कर यूक्रेन युद्ध के साथ आपूर्ति बाधाएं उत्पन्न होने के बाद यह स्थिति बनी है. हालांकि जी-20 के भीतर भारत सबसे तेज गति से उभरती अर्थव्यवस्था है और अब चीन से भी अधिक तीव्र गति से विकसित हो रहा है, मगर आज भी भारत चीन की अर्थव्यवस्था की तुलना में एक छोटा हिस्सा ही है. ऊर्जा संक्रमण के संदर्भ में, महत्त्वपूर्ण एवं रेयर-अर्थ सामग्रियों के उत्पादन और प्रोसेसिंग पर चीन की लगभग एकाधिकार की स्थिति वैश्विक चिंता का कारण बन चुकी है.' भारत के अक्षय ऊर्जा कार्यक्रम पर भी इसका खास असर पड़ेगा. भारत की स्थिति कमजोर है, क्योंकि आयातित कच्चे माल पर भारत की अति निर्भरता है. इस पृष्ठभूमि के कारण यह सोचना विवेक-सम्मत नहीं होगा कि हल्के मैनुफैक्चरिंग के क्षेत्र में चीन जो जगह खाली कर रहा है, उसे भारत भर देगा. असल में हाल के आंकड़ों से इस बारे में संदेह पैदा हो गया है कि क्या सचमुच चीन हल्के मैनुफैक्चरिंग के क्षेत्र से हट भी रहा है. भारत के सामने उपस्थित प्रश्न हैः (क) चीन के सप्लाई चेन से जुड़े बिना क्या भारत के लिए यह संभव है कि वह वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ पाए? और, (ख) चीन से सामग्रियां आयात करने और पूंजी आयात करने के बीच सही संतुलन क्या होना चाहिए? जब विभिन्न देश अपने कारोबार का स्थानांतरण कर रहे हैं, उन्हें दोस्त देशों में ले जा रहे हैं, उस समय चीन के बारे में भारत के सामने नीति संबंधी कठिन चयन की चुनौती है." रिपोर्ट में थिंक टैंक रॉडियम ग्रुप के शोध-पत्र के आधार पर उल्लेख किया गया है कि ब्राजील और तुर्किये ने हाल में चीन से आयात होने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर शुल्क बढ़ाए, लेकिन उसी समय उन्होंने चीनी एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेश निवेश) को आकर्षित करने के कदम भी उठाए हैं. इसके बाद कहा गया हैः "चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार घाटे को देखते हुए भारत को भी ऐसा फैसला करना होगा. इस (बड़ी मात्रा में आयात की) पृष्ठभूमि में आपूर्ति संबंधी रुकावटों की आशंका के कारण भारत कमजोर स्थिति में है. जबकि कुछ खास सामग्रियों के मामले में आयात की जगह चीनी निवेश को आमंत्रित करने से देश के अंदर तकनीकी ज्ञान पैदा होने की संभावना बनेगी. इसमें कई कुछ जोखिम हो सकते है, जैसा कि अन्य मामलों में होता है. लेकिन हम अपनी सर्वोत्तम पसंद की दुनिया में नहीं रहते. हमें दूसरे और तीसरे सबसे अच्छे विकल्पों में से किसी एक का चयन करना पड़ता है." आगे कहा गया है- "(तो) कुल मिला कर भारत में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और भारत को वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ने के लिए यह अपरिहार्य है कि भारत अपने को चीन के सप्लाई चेन से जोड़े. अब हम ऐसा पूरी तरह सामग्रियों के आयात पर निर्भर रहते हुए करते हैं या चीनी निवेश को आमंत्रित करके- यह चयन हमें करना है." देश में हकीकत से परे कथानक के साथ राष्ट्रवादी भावनाएं इस हद तक उभारी गई हैं कि आम चर्चा में लोग कहते सुने जाते हैं कि अब चीन तो छोड़िए, विश्व अर्थव्यवस्था को भी भारत या भारतवासी ही आगे बढ़ा रहे हैं. वर्तमान सत्ताधारी दल की तरफ से तो कथानक को इस हद तक उग्र बनाया गया है कि चीन की किसी खूबी की चर्चा को देशद्रोह जैसा बताया जाने लगता है. लेकिन अब खुद भारत सरकार सच का सामना करने को तैयार होती नज़र आ रही है. वह सच यह है कि आज की दुनिया में कम-से-कम आर्थिक संबंध और व्यापार के मामले में चीन से रिश्ता तोड़ना संभव नहीं है. दरअसल, यह अहसास सिर्फ भारत सरकार को ही हुआ हो, ऐसी बात नहीं है. यह अहसास होने के बाद ही पश्चिमी देशों में संबंध विच्छेद की जगह जोखिम घटाने की राह पर चलने की रणनीति तय की गई. मसलन, अमेरिका की सबसे बड़ी रक्षा उत्पादन कंपनियों में से एक- रेयथॉन लिमिटेड ने साल भर पहले यह दो टूक कहा कि मैनुफैक्चरिंग में चीन से संबंध विच्छेद असंभव है. ऐसे बेशुमार बयान पिछले दिनों आए हैं. बहरहाल, यह प्रश्न अप्रासंगिक इसलिए है, क्योंकि चाहे सरकार के पसंदीदा कॉरपोरेट घरानों की मांग हो, या देश की अर्थव्यवस्था का तकाजा, जो सवाल आर्थिक सर्वे में उठाए गए हैं, उनसे आज बचा नहीं जा सकता. उनका सामना देश को करना ही होगा. और देर-सबेर यह सवाल भी चर्चा में आएगा कि आखिर आर्थिक विकास के समान स्तर से लगभग एक ही समय पर यात्रा शुरू करने वाले दो देशों (चीन और भारत) में से एक- यानी (भारत) के सामने आज ऐसा अप्रिय सच क्यों उपस्थित हुआ है? इस क्रम में दोनों देशों ने विकास के जो मॉडल अपनाए, वे विचार-विमर्श के केंद्र में आएंगे. इस तुलना के क्रम में यह स्पष्ट होगा कि कुछ खास पहलुओं ने ये सारा फर्क डाला है. यह स्पष्ट होगा कि राज्य की क्षमता अर्थव्यवस्था में नियोजन की भूमिका, और राज्य की विचारधारा वो निर्णायक तत्व हैं, जो दोनों देशों को अलग दिशा में ले गए और जिनके बिल्कुल अलग परिणाम सामने आए हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**• देश-काल**



**सत्येंद्र रंजन**

**• बोधि-वृक्ष** सुज्ञ



## परम्परा के भेद

श्रुत के आधार पर किसी क्रिया-प्रणाली का यथारूप अनुगमन करना परम्परा कहलाता है. परम्परा के भी दो भेद है. पूर्व प्रचलित क्रिया-विधि के तर्क व्याख्या में न जाते हुए, उसके अभिप्रायः को समझ लेना. और उसके सप्रयोजन ज्ञात होने पर उसका अनुसरण करना, 'सप्रयोजन परम्परा' कहलाती है. दूसरी, निष्प्रयोजन ही किसी विधि का, गतानुगति से अन्धानुकरण करना 'रूढ़ि' कहलाता है. आज हम 'सप्रयोजन परम्परा' के औचित्य पर विचार करेंगे. मानव ने अपने सभ्यता विकास के अनवरत सफर में कई सिद्धांतों का अन्वेषण-अनुसंधान किया और वस्तुस्थिति का निष्कर्ष स्थापित किया. उन्ही निष्कर्षों के आधार पर किसी न किसी सैद्धांतिक कार्य-विधि का प्रचलन अस्तित्व में आया, जिसे हम संस्कृति भी कहते है. ऐसी क्रिया-प्रणाली को प्रयोजन सिद्ध होने के कारण, हम 'सप्रयोजन परम्परा' कह सकते हैं. आज के आधुनिकवादी इसे भी रूढ़ि में खपाते है. यह पीढ़ी प्रत्येक सिद्धांत को तर्क के बाद ही स्वीकार करना चाहती है. हर निष्कर्ष को पुनः पुनः विश्लेषित करना चाहती है. यदि विश्लेषण सम्भव न हो तो, उसे अंधविश्वास में खपा देने में देर नहीं करती. परम्परा के औचित्य पर विचार करना इनका मक़सद ही नहीं होता. ऐसे पारम्परिक सिद्धांत, वस्तुतः बारम्बार के अनुसंधान और हर बार की विस्तृत व्याख्या से बचने के लिए ही व्यवहार में आते है. समय और श्रम के अपव्यय को बचाने के उद्देश्य से ही स्थापित किए जाते हैं. जैसे- जगत में कुछ द्रव्य विषयुक्त है. विष मानव के प्राण हरने या रुग्ण करने में समर्थ है. यह तथ्य हमने, हमारे युगों युगों के अनुसंधान और असंख्य जानहानि के बाद स्थापित किया. आज हमारे लिए बेतर्क यह मानना पर्याप्त है कि 'विष मारक होता है'. यह अनुभवों का निचोड़ है. विषपान से बचने का 'उपक्रम' ही सप्रयोजन परम्परा है. 'विष मारक होता है' इस तथ्य को हम स्व-अनुभव की कसौटी पर नहीं चढ़ा सकते. और न ही समाधान के लिए, प्रत्येक बार पुनः अनुसंधान किया जाना उचित होगा. परम्परा का निर्वाह पूर्ण रूप से वैज्ञानिक अभिगम है. विज्ञ वैज्ञानिक भी सिद्धान्त इसलिए ही प्रतिपादित करते है कि एक ही सिद्धांत पर पुनः पुनः अनुसंधान की आवश्यकता न रहे. उन निष्कर्षों को सिद्धांत रूप स्वीकार कर, आवश्यकता होने पर उन्ही सिद्धांतों के आधार पर उससे आगे के अनुसंधान सम्पन्न किए जा सके.

# चौराहे पर खड़ी है भारतीय अर्थव्यवस्था

**• आर्थिकी**

**पी. सुधीर**

भारतीय अर्थव्यवस्था एक महत्वपूर्ण चौराहे पर है, जहां सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि किसी भी तरह से रोजगार सृजन क्षमता को बढ़ावा नहीं दे रही है. यहां तक कि सृजित नौकरियों में से 57.3 प्रतिशत स्वरोजगार वाले हैं, 18.3 प्रतिशत अवैतनिक घरेलू कामगार हैं और 45प्रतिशत से अधिक कृषि में कार्यरत हैं. मार्च 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार पैदा करने में पूरी तरह विफल रही और आश्चर्यजनक रूप से भारत की साल-दर-साल विनिर्माण उत्पादकता 2022-23 में 2.38 प्रतिशत गिर गई. दूसरी ओर मोदी सरकार की ओर से प्रोत्साहन और कई अन्य लाभकारी लाभों के कारण, भारत की सूचीबद्ध कंपनियों ने 2023-24 में 10.1 प्रतिशत की दर से भारी शुद्ध लाभ कमाया, जो 2007-08 के बाद से सबसे अधिक है. यह सरकारी खजाने से धन की हेराफेरी कर निजी क्षेत्र को देने का प्रमाण है, जो रोजगार सृजन के नाम पर किया गया था, परन्तु वास्तविक बेरोजगारी बढ़ी और रोजगार की गुणवत्ता घटी. मोदी सरकार तो घर के काम में सहयोग करने वालों को तथा जिन्हें सप्ताह में एक घंटे का काम मिला उन्हें भी रोजगार प्राप्त लोगों में गिन कर बेरोजगारी की दर कागजों में घटा ली है, जो अनेक धोखाधड़ियों में महज चुनिंदे उदाहरण हैं. अब आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की सख्त जरूरत है. इस गंभीर रोजगार संकट और लोकसभा चुनाव अभियान में इस मुद्दे के ज्वलंत विषय बनकर उभरने के मद्देनजर, अनेक लोगों ने सोचा होगा कि तीसरी मोदी सरकार का पहला केंद्रीय बजट रोजगार सृजन और नये रोजगार के अवसर पैदा करने पर विशेष ध्यान देगा. हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया 2024-25 का केन्द्रीय बजट औपचारिक क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के खोखले और भ्रामक उपायों के लिए उल्लेखनीय है, जबकि सार्वजनिक धन को कॉरपोरेट्स को उदारतापूर्वक बांटा गया है. वित्त मंत्री ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजनाओं की एक श्रृंखला की घोषणा की है, जिसने कॉरपोरेट पंडितों के बीच काफी चर्चा पैदा की है. योजना-ए सभी नियोक्ताओं पर लागू है, जबकि योजना-बी और योजना-सी विशिष्ट श्रेणियों के लिए है. योजना-ए के अनुसार, यदि कोई नियोक्ता किसी नये कर्मचारी की भर्ती करता है या किसी गैर-सूचीबद्ध कर्मचारी को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में सूचीबद्ध करता है तो सरकार कर्मचारी के एक महीने के वेतन का भुगतान तीन किस्तों में 15,000 रुपये तक करेगी. इसका मतलब है कि सरकार नियोक्ता को उसके देय वार्षिक वेतन हिस्से का बारहवां हिस्सा सीधे सब्सिडी देने जा रही है. विनिर्माण क्षेत्र के नियोक्ता, जो कम से कम 50 नये गैर-ईपीएफओ कर्मचारियों को काम पर रखते हैं, योजना-बी के लिए पात्र होंगे. इस योजना में, सरकार ईपीएफओ में कर्मचारियों और नियोक्ताओं के हिस्सों का भुगतान करेगी, जिसका भुगतान वेतन घटक के 24 प्रतिशत के रूप में सीधे जनता के पैसे से की जायेगी. एक और झटका इंटर्नशिप नीति है, जहां सरकार ने शीर्ष 500 सबसे अधिक मुनाफाखोर कंपनियों को अपने पूरे उत्पादन और सेवाओं को इंटर्न/प्रशिक्षुओं के साथ चलाने की अनुमति दे दी है. सरकार 5,000 रुपये के मासिक वजीफे और 6,000 रुपये की एकमुश्त सहायता का बोझ उठायेगी और बाकी प्रशिक्षण लागत कंपनी के सीएसआर फंड से ली जा सकती है. कॉर्पोरेट समर्थक सरकार इस कुख्यात योजना से रोजगार संबंधों को एक नाजुक दिशा की ओर ले जायेगी, जहां स्वचालन और प्रौद्योगिकी के अत्याधुनिक ज्ञान और तेजी से सीखने के कौशल के साथ नये इंटर्न बैचों पर उत्पादन प्रक्रिया की पूरी मुख्य जिम्मेदारी का बोझ डाला जायेगा. उत्पादन की प्रक्रिया से पुराने बैचों की जगह लेने के लिए हर साल बेरोजगार या व्यावसायिक रूप से शिक्षित युवाओं की विशाल रिजर्व सेना कारखानों के गेट पर इंतजार करेगी.सरकारी खजाने से निजी खजाने में पैसे की इस तरह की हेराफेरी से बेरोजगारी की समस्या का रत्ती भर भी समाधान नहीं होगा. उत्पादन से जुड़े मुनाफे को बढ़ाने का तरीका इसमें अवैतनिक श्रम घटक को बढ़ाना है और इम्पलॉयमेंट लिंक्ड इंटेंसिव (ईएलआई) और इंटर्नशिप योजनाएं मोदी सरकार द्वारा कॉरपोरेट्स के लिए मुफ्त श्रम को सौंपने का एक जानबूझ कर किया गया प्रयास है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> विनिर्माण क्षेत्र के नियोक्ता, जो कम से कम 50 नये गैर-ईपीएफओ कर्मचारियों को काम पर रखते हैं, योजना-बी के लिए पात्र होंगे. इस योजना में, सरकार ईपीएफओ में कर्मचारियों और नियोक्ताओं के हिस्सों का भुगतान करेगी, जिसका भुगतान वेतन घटक के 24 प्रतिशत के रूप में सीधे जनता के पैसे से की जायेगी.

# श्रीलंका सरकार की माफी का निहितार्थ

**• देशांतर**

**हरजिंदर**

माफी मांगने और माफ कर देने के बारे में दुनिया भर में काफी कुछ कहा गया है. महात्मा गांधी कहा करते थे कि माफी मांगना बहादुरों के वश की ही बात होती है. यह भी कहा जाता है कि उसे भले ही माफ किया जाए या नहीं, लेकिन जो माफी मांगता है, वह खुद को सर पर पड़े एक बहुत बड़े बोझ से जरूर आजाद कर लेता है. मामला जब इतिहास की किसी गलती के लिए किसी देश द्वारा माफी मांगे जाने का हो तो यह माफी अपने आप में एक इतिहास रच देती है. इस मामले में ताजा खबर की बात करने से पहले हम इतिहास की कुछ गलतियों और माफियों की बात कर लेते हैं. साल 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड की गिनती दुनिया के सबसे बर्बर नरसंहारों में होती है. यह ऐसा कांड था, जिसने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था. भारत में कई संगठन, कई राजनीतिक दल पिछली एक सदी से ब्रिटेन से यह मांग कर रहे हैं कि उस बर्बर कत्लेआम के लिए ब्रिटिश सरकार को माफी मांगनी चाहिए. 1919 में वहां जो हुआ, उसके लिए ब्रिटिश सरकार को समय-समय पर और कई बार शर्मिंदा होना पड़ा है, लेकिन सीधे तौर पर माफी मांगने की हिम्मत उसने नहीं दिखाई. ब्रिटेन के राज परिवार के लोगों ने जब भी भारत का दौरा किया, यह मुद्दा उछला. दिवंगत महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय तो वहां गईं भी. उन्होंने वहां मरने वालों के लिए एक मिनट का मौन भी रखा, लेकिन माफी के शब्द नहीं सुनाई दिए. इसी तरह डेविड कैमरून पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने जलियांवालां बाग का दौरा किया था. उन्होंने कत्लेआम की निंदा भी की थी, लेकिन इसके आगे कुछ नहीं हुआ. 2019 में जब इस हत्याकांड की एक सदी पूरी हुई तो ब्रिटिश संसद में उस हत्याकांड के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित हुआ. तब की ब्रिटिश प्रधानमंत्री थेरेसामे ने इसे पूरे ब्रिटिश इतिहास का सबसे बड़ा कलंक बताया. लेकिन जिसे माफी कहा जाता है, वह तब भी नहीं मांगी गई. अब नजर डालते हैं एक और मामले पर, जहां जापान ने इतिहास की गलती के लिए बाकायदा माफी मांगी. एक बार नहीं, कई बार मांगी. सदी की शुरुआत में जब जापानी सेना ने चीन और कोरिया जैसे देशों पर कब्जा जमा लिया था. उस दौरान जापानी फौजी अफसर कुछ स्थानीय औरतों को अपने पास रख लेते थे और फिर जाते समय उन्हें छोड़ जाते थे. इन औरतों को कंफर्ट वुमन कहा जाता था. एक दौर में चीन और कोरिया में ऐसी औरतों की संख्या काफी थी, जिनका पूरा जीवन ही बर्बाद हो गया था. चीन को पता था कि जो हो गया वह तो नहीं बदला जा सकता, लेकिन उसके लिए माफी तो मांगी ही जा सकती है. जब इसके लिए जापान पर दबाव बनाया गया तो जापान ने इसे लेकर चीन से और चीन की औरतों से बाकायदा माफी मांगी. यह माफी कईं मंचों पर मांगी गई, ताकि इसे लेकर चलने वाला विवाद खत्म हो सके. इसके बाद कोरिया ने भी कहा कि जापान को उससे भी माफी मांगनी चाहिए और जापान ने ऐसा ही किया. अब आते हैं ताजा खबर पर. श्रीलंका की सरकार ने अपने यहां रहने वाले मुस्लिम समुदाय से माफी मांगी है. जिस दौरान पूरी दुनिया में कोविड की महामारी फैली थी उस समय वहां की सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लोगों पर यह दबाव डाला था कि वे शवों को दफनाने के बजाए उनका दाह संस्कार करें. इसके पीछे सिर्फ कोविड महामारी को लेकर किसी तरह की भ्रांति का मामला भर नहीं था. दरअसल, उस समय पूरे श्रीलंका में सांप्रदायिक नफरत की राजनीति चल रही थी. इस दबाव के पीछे वहां का सांप्रदायिक उन्माद भी था. दरअसल, सरकार की नीतियों के कारण पूरा श्रीलंका भीषण आर्थिक संकट में फंसता जा रहा था और सरकार उससे बचने के लिए सांप्रदायिक नफरत का इस्तेमाल कर रही थी. जब मामला बढ़ा तो पूरे देश में विरोध शुरू हो गए. बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया. जुलाई 2022 में हुए इस जनविद्रोह में सभी धर्मों के लोग थे. सबकी समस्या समान थी, इसलिए वे अपने मतभेद भूल चुके थे. उन्हें उस नफरत के नुकसान का अहसास भी हो गया था. सरकार की ताजा माफी को सद्भाव की उस दिशा में लिया गया एक कदम माना जा सकता है. लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या अतीत के वे घाव अब भुला दिए जाएंगे? श्रीलंका में मुसलमानों की आबादी दस फीसदी से भी कम है.पिछले कुछ समय से वे सभी कम या ज्यादा कईं तरह के खौफ तले जीते रहे हैं. ऐसे खौफ रातो-रात खत्म नहीं होते. लेकिन सरकार की माफी से एक रास्ता बना है. यह रास्ता शांति और बड़े बदलाव की ओर ले जा सकता है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> ब्रिटेन के राज परिवार के लोगों ने जब भी भारत का दौरा किया यह मुद्दा उछला. दिवंगत महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय तो वहां गईं भी. उन्होंने वहां मरने वालों के लिए एक मिनट का मौन भी रखा, लेकिन माफी के शब्द नहीं सुनाई दिए. इसी तरह डेविड कैमरून पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने जलियांवालां बाग का दौरा किया था.

## मीडिया में अन्यत्र

# विकसित भारत : स्पष्ट रोडमैप की जरूरत

**गत** सप्ताह नीति आयोग की संचालन संस्था की नौवीं बैठक के बाद एक 'दृष्टिकोण पत्र' जारी किया गया. इसमें 2047 तक विकसित भारत बनाने को लेकर विजन पेश किया गया है. यह लक्ष्य चर्चा में है और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार इसका उल्लेख कर चुके हैं. यह महत्त्वपूर्ण है कि इस बात का आकलन किया जाए कि सरकार का थिंक टैंक इस बारे में क्या सोचता है कि इसे हकीकत में बदलने के लिए क्या कुछ करना होगा. दस्तावेज में काफी आत्मविश्वास नजर आता है और वह इस मान्यता पर आधारित है कि भारत ने 'बदलाव के अपने सफर में कई ऐसे मुकाम हासिल किए जो नजर आते हैं और अब वह उड़ान भरने को तैयार है.' परंतु कई लोगों का तर्क है कि भारत बीते कम से कम दो दशकों से रनवे पर ही खड़ा है और उसकी उड़ान अभी भी कुछ दूर नजर आती है. संबंधित दस्तावेज में बीते एक दशक के प्रदर्शन की काफी बात की गई है और यह दर्शाया गया है कि भारत ने तेज छलांग लगाने की क्षमताएं दिखाई हैं. इस बात को जन धन खातों में विस्तार, चंद्रयान की उपलब्धि और एशियाई खेलों में पदक तालिका में स्थान तक के संदर्भ में कहा गया है. ये सभी बातें गर्व करने लायक हैं, लेकिन ये तथा ऐसे अन्य उदाहरणों का आवश्यक तौर पर यह अर्थ नहीं हो सकता है कि ये आर्थिक विकास की योजनाओं में भी अनिवार्य तौर पर अपनी भूमिकाएं निभाएं. इसका काफी हिस्सा इस बात की पड़ताल करता है कि विकसित भारत का क्या अर्थ हो सकता है.यह दावा किया गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर 15 लाख लोगों के साथ संवाद करके विकसित भारत 2047 के लिए विजन का प्रारूप तैयार किया गया. बहरहाल इसमें कुछ लोकप्रिय मांगें मसलन स्वच्छ पेय जल, सबके लिए कौशल तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को जीवंत बनाना आदि शामिल हैं और इस आधार पर लगता है कि इसके लिए इतनी गहन चर्चा की क्या आवश्यकता थी. 'आंतरिक चुनौतियों' वाला हिस्सा सबसे अधिक प्रासंगिक है. इसमें ऊर्जा क्षेत्र की दिक्कतें दूर करना, ग्रामीण शहरी असमानता और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा जैसे विषय शामिल हैं. हालांकि इन पर कैसे काम होगा, ये सुझाव भी प्राप्त करने होंगे.पत्र में कहा गया है, 'हमें 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है और उस समय तक हम 18,000 डॉलर वार्षिक की प्रतिव्यक्ति आय का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं.' हालांकि इसे हकीकत में बदलने के लिए दो अंकों की वृद्धि लगातार बरकरार रखनी होगी. पत्र में ऐसी वृद्धि के उदाहरणों में जापान, जर्मनी, सिंगापुर और कोरिया के साथ चीन का नाम पढ़ना दिलचस्प है. इन देशों ने दशकों तक उच्च वृद्धि हासिल की है और इसे नाटकीय संस्थागत और सामाजिक बदलावों से भी मदद मिली है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

### कांवर/ कांवड़

**श्रावण** मास के आगमन के साथ ही कांवर और कांवरियों का महत्व बढ़ जाता है. झारखंड और बिहार में तो कांवर यात्रा की शोभा देखते बनती है, जब सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर के बाबाधाम तक कांवरियों का सैलाब उमड़ पडता है और पूरे महीने उसी उत्साह से यात्रा चलती रहती है. जिस बहंगी पर गंगा जल लेकर भोले बाबा के दरबार में पहुंचा जाता है, उसे कांवर कहते हैं. इधर इस शब्द के समानांतर कांवड़ शब्द प्रचलन में आ गया है. सोशल मीडिया से लेकर स्थापित मीडिया तक में कांवड़ शब्द का ही प्रयोग हो रहा है, जबकि हिंदी शब्दकोशों में कांवड़ शब्द को मान्यता देने की बात तो दूर, उसकी चर्चा तक नहीं की गयी है. कांवड़ प्रचलन में चाहे जितना भी आ जाये, लेकिन सही शब्द तो कांवर और कांवरिया ही हैं, न कि कांवड़ या कांवड़िया. विभिन्न शब्दकोशों के अनुसार कांवर हिंदी संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है बांस का फट्टा, जिसे कंधे पर रखकर तथा उसके दोनों छोर पर बंधी पिटारियों में सामान रखकर ढोया जाता है. इस प्रकार के बांस के फट्टे में बंधी छोटी पिटारियों में तीर्थयात्री गंगाजल आदि लेकर तीर्थ यात्रा के लिए निकलते हैं. जो अपने कंधे पर कांवर लेकर भोले बाबा के दरबार में पहुंचते हैं, उन्हें कांवरिया कहा जाता है. कांवरिया का मतलब कामना पूर्ति के उद्देश्य से कंधे पर कांवर उठाकर तीर्थयात्रा के लिए जानेवाला व्यक्ति. विद्वानों के मतानुसार कांवर शब्द की व्युत्पत्ति कांध+अवर (प्रत्यय) से होती है. अर्थात इन दोनों शब्दों के मेल से जो शब्द बना वह तो कांवर ही है, लेकिन कांवर बदल कर कांवड़ कैसे हो गया, शोध का विषय है. इससे बना मुहावरा है कांवर बहना, जिसका मतलब है भार या उत्तरदायित्व का निर्वाह करना, बोझ ढोना. हालांकि कांवर का संज्ञा पुल्लिंग के रूप में मतलब होता है एक रोग, जिसमें आंखों में पीलापन आ जाता है. व्याकरण और शब्दकोशों के अनुसार कांवर ही सही है.

# शरीर की नश्वरता और जीवन का आनंद

**• तीर-तुक्का**

**रवि प्रकाश**



मरने का नाम सुनते ही व्यक्ति दार्शनिक हो जाता है. सर्वप्रथम प्रतिक्रिया यही होती है कि दुनिया में कुछ नहीं रखा है. शव के अंतिम दर्शन करते समय तथा शव-यात्रा के समय संसार की नश्वरता का बोध हर प्राणी को होता है. शमशान घाट में बैठकर आदमी अपने शरीर को देखकर भी उदासीन होने लगता है. कहता है कि इसमें कुछ नहीं रखा है. फिर दो घंटे बाद जब चाट-पकौड़ी खाता है तो कहता है कि मसाला और मिर्च थोड़ी कम है. स्वाद नहीं आ रहा. मरने का मतलब यह नहीं होता कि आदमी जीवन का स्वाद लेना छोड़ दे. शरीर की नश्वरता अपनी जगह है. जीवन का आनंद अपनी जगह है. सबको मालूम है कि एक दिन इस दुनिया से जाना है मगर जोड़-तोड़ करके ज्यादा से ज्यादा धन एकत्र करने की होड़ सब जगह लगी हुई है. आदमी का वश चले तो मरते समय अर्थी पर अपने साथ तिजोरी लेकर चले. लेकिन यह संभव नहीं होता. तिजोरी छोड़कर व्यक्ति चला जाता है और बाद में बंटवारे के झगड़े इस बात पर होते हैं कि तिजोरी का माल किस-किसको मिलेगा ? कितना– कितना मिलेगा ? उस का बँटवारा किस प्रकार होगा ? कई बार तिजोरी खोलने पर उस में अथाह धन निकलता है और बंटवारे में झगड़े होने लगते हैं. कई बार तिजोरी बहुत मुश्किल से खुलती है और अंदर से खाली मिलती है. जब तक व्यक्ति जीवित है, उसे बैठने के लिए सोफा तथा लेटने के लिए पलंग चाहिए. जब मर गया तो न सोफे की जरूरत, न पलंग की. घर वाले इस बात पर विचार करते हैं कि सूर्यास्त में अभी कितना समय है? अगर समय कम है तो विचार यही रहता है कि तुरत-फुरत ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया जाए वरना लाश के पास रात भर बैठ कर रोना पड़ेगा. आदमी एक लिमिट में रोना चाहता है. रोने के लिए एक निश्चित समय से ज्यादा कोई अपना समय नहीं दे सकता. फिर उसके बाद सभी हंसना और मुस्कुराना चाहते हैं. शव-यात्रा में अगर देर है तो आदमी खिसक लेता है और कहता है ठीक समय पर दोबारा आ जाऊंगा. कई बार शव-यात्रा जब ठीक समय से आरंभ नहीं होती है तब लोग एतराज करते हैं और कहते हैं कि हमारा समय बर्बाद हो रहा है. शोक को प्रकट करने का एक अन्य माध्यम आंसू होते हैं. जिन लोगों के आंसू आराम से निकल आते हैं, उनका शोक प्रकट हो जाता है. कुछ लोगों के आँसू नहीं निकलते हैं. उनके सामने दिक्कत आती है. कुछ लोग यद्यपि आँसू नहीं निकाल पाते हैं फिर भी आँखों को रुमाल से पोंछते रहते हैं. कुछ लोग भावुक इस प्रकार से होते हैं कि आँसुओं का कोटा भावुकता से पूरा कर लेते हैं. कुछ लोग गजब का रुदन करते हैं. सबका ध्यान उनकी तरफ आकृष्ट हो जाता है. लोग पूछते हैं– "यह कौन हैं?" बाद में पता चलता है कि उन्हें कोई नहीं जानता.

# लाइफ लाइन

## झारखंड के औषधीय वृक्ष

# अर्जुन की छाल से बनता है अर्जुनारिष्ट





अर्जुन नामक औषधीय वृक्ष को कहुआ, कहु, कोह नाम से भी जानते हैं. हिंदी में और बंगला में अर्जुन नामक से ज्यादा जाना जाता है. लैटिन में टरमिनेलिया अर्जुना कहते हैं. मुख्य रूप से इसकी छाल ही उपयोग में लिया जाता है. यह एक लोकप्रिय वृक्ष है. आयुर्वेद में अर्जुनारिष्ट नामक औषधी विभिन्न कंपनियों द्वारा बनाई जाती है. हृदय रोग के लिए यह औषधीय वृक्ष अर्जुन का छाल उपयोगी साबित होता है. मेरी जानकारी में कुछ मेडिकल कॉलेज में इस वृक्ष पर कई लोगों ने शोध पत्र भी लिखा है. झारखंड के पारंपरिक वैद्य लोग इसका उपयोग महिलाओं में होने वाली प्रदर रोग में भी देते हैं. हृदय रोग के साथ साथ रुधिर विकार, मेद रोग अर्थात मोटापा, कफ, पित्त, व्रण, क्षय को नाश करता है. एक शोध के अनुसार इसके छाल के भस्म में 34%कैलशियम कार्बोनेट पाया जाता है और छाल में टैनीन पाया जाता है.



**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

पुष्प काल वैसाख, जेष्ठ होता है अर्थात गर्मी का मौसम लेकिन कभी-कभी आषाढ़ अर्थात वर्षा काल में भी पुष्प आते हैं जो बहुत छोटे हरिताभ श्वेत वर्ण का होता है और मंजर की तरह रहता है. पत्ते अमरुद की तरह दिखते हैं लेकिन कुछ लंबे-चौड़े रहते हैं. फल स्टार फ्रूट की तरह अर्थात कमरख की तरह देखने में रहता है पर गूदा नहीं रहता है. पारंपरिक वैद्य को इसके फल, पत्ता और छाल का औषध प्रयोग में लाते देखा है. पत्रोदर चिकना और पत्र पृष्ठ रूक्ष होता है. इसके तना का रंग श्वेत वर्ण का होता है और 30 फीट से 75 फीट तक लंबा वृक्ष पाया जाता है.

पारंपरिक वैद्य भदवा भगत नेतरहाट निवासी को मैंने देखा है कि इसके क्वाथ से घाव साफ करवाते थे. इसके छाल का उपयोग अस्थिभग्न में लेप के रूप में भी काम में लेते हैं. दुखद स्थिति यह है कि राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड और वन मंत्रालय इसके संरक्षण संवर्धन पर काम ना के बराबर किया है. एक विशेष योजना बनाकर संवर्धन पर काम करने की आवश्यकता है जिससे हृदय को सुख शांति पहुंचने वाली औषधीय वृक्ष अर्जुन को विलुप्त होने से बचाया जा सके.

**(औषधीय पौधा की खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**

# क्या आप भी हैं हाई बीपी से परेशां

**हाई ब्लड प्रेशर एक आम समस्या है जिससे प्रत्येक चार में ये एक भारतीय पीड़ित है. अपने देश में मौत का चौथा सबसे बड़ा कारण भी यही है. यह अपने साथ कई अन्य घातक बीमारियों को भी साथ लाता है जिसमें हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, डायबिटीज आदि शामिल हैं. इतना घातक होते हुए भी यह जल्दी पकड़ में नहीं आता, इसलिए इसे खामोश हत्यारा के नाम से भी जाना जाता है. हमारी आधुनिक जीवनशैली इसके लिए मुख्य तौर पर जिम्मेदार मानी जा रही है. चूंकि आधुनिकता की धमक के कारण गांव भी अब शहरी जीवनशैली को अपनाना शुरू कर रहे हैं इसलिए शहरों का माने जाने वाला यह रोग अब गांवों में भी अपना असर दिखा रहा है. इसकी पुष्टि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के हालिया रिपोर्ट से होती है. रिपोर्ट के मुताबिक गांवों में ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) के विभिन्न स्टेज पर 5.2 फीसदी से लेकर 22.7 फीसदी शिकार बन रहे हैं.**

- **पहचानिए लक्षण**

हाई ब्लड प्रेशर के मुख्य लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर आना, थकान, सुस्ती, एड़ी में सूजन, जल्दी-जल्दी टॉयलेट जाने की जरुरत, रात में कई बार पेशाब लगना, बेहोशी, दिल की धड़कन का बढ़ जाना, सीने में दर्द, तेज चलने में दिक्कत, सांस लेने में दिक्कत, आंखों के आगे धुंधला छा जाना आदि शामिल हैं. अगर इनमें से तीन या अधिक लक्षण हों तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें.

- **कितना सिस्टोलिक और डायस्टोलिक अलार्मिंग**

हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में हृदय की धमनियां यानि आटरीज प्लाक बनने के कारण संकरी हो जाती हैं. इससे हृदय के लिए समान मात्रा में ब्लड पंप करने में कठिनाई होती है. ऐसी स्थिति में रक्त वाहिकाओं की दीवारों पर लगातार सामान्य से अधिक जोर पड़ता है. इस दबाव को मापने के लिए बीपी मॉनिटर का इस्तेमाल किया जाता है. बीपी मॉनिटर में ब्लड प्रेशर की दो संख्या दिखाई देती है, जिसमें ऊपरी रीडिंग को 'सिस्टोलिक' और निचले रीडिंग को 'डायस्टोलिक' ब्लड प्रेशर कहा जाता है.

आराम की अवस्था में हमारा सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर रीडिंग 120 एमएमएचजी से कम होता है. यह सामान्य स्थिति है. वहीं सिस्टोलिक प्रेशर जब 90 एमएमएचजी से कम है, तो इसे लो माना जाता है और इसे अलार्मिंग माना जाता है जब तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेनी चाहिए. इसी तरह जब सिस्टोलिक प्रेशर की रीडिंग 180 एमएमएचजी से अधिक आती है, तो भी इसे चिंताजनक मानते हुए तत्काल अस्पताल में सहायता के लिए पहुंचना चाहिए. इसीतरह आराम की स्थिति में डायस्टोलिक डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 60 एमएमएचजी या उससे कम होता है, तो इसे लो माना जाता है. वहीं, 110 एमएमएचजी से अधिक होता है, तो



इसे हाई डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर माना जाता है. यदि आपका डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर रीडिंग में लगातार कम या अधिक होता है, तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेनी चाहिए.

- **इन बातों का रखें ध्यान**

अगर आपको बीपी की शिकायत है तो डिजिटल बीपी मॉनिटर खरीदें और इससे नियमित घर पर अपना ब्डल प्रेशर जांच करें. अगर आपका ब्ल्ड प्रेशर 180/120 एमएम की सीमा पार करता है तो तत्काल हॉस्पिटल पहुंचे. इसके अलावा लो ब्ल्ड प्रेशर के लक्षण अनुभव हो जैसे सिरदर्द, थकावट, बेहोशी आदि का अनुभव हो तब भी तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें. हाईबीपी होने पर नमक का सेवन कम करें. प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड, मीठे डब्बाबंद पेय पदार्थ का सेवन बंद करें. अपनी डाइट में पालक, गोभी, केला, सौंफ और लेट्यूस जैसी सब्जियों को शामिल कर सकते हैं. दही को हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में मददगार माना गया है. अगर आप हाई बीपी के मरीज हैं तो आप लो फैट दही को डाइट में शामिल कर सकते हैं. हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को लहसुन को अपनी डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है. सुबह खाली पेट कच्ची लहसुन का सेवन करना भी लाभदायक माना गया है. शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं. दिन भर में कम से कम आधे घंटे के लिए तेज कदम से चलें. एक्सरसाइज को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें. शराब, तंबाकू, सिगरेट का सेवन नहीं करें. तनाव से बचें.



## विश्व लंग कैंसर दिवस आज

# सजगता से होगी दुश्मन की जल्दी पहचान



**डॉ गुंजेश कुमार सिंह**
एचओडी, अंकोलॉजी डिपार्टमेंट, मेडिका, रांची

**भारत में कैंसर के मामले 2022 में 1.46 मिलियन थे, यह अनुमान जताया जा रहा है कि 2025 तक यह संख्या बढ़कर 1.57 मिलियन तक पहुंच सकती है. वहीं अपने देश में फेफड़ों का कैंसर का लगभग सभी तरह के कैंसरों में 6% और कैंसर संबंधित मौतों का 8% हिस्सा है. वैश्विक रूप से हर साल करीब 20 लाख फेफड़ों के कैंसर के नए मरीज चिन्हित किए जाते हैं, जिनमें से 18 लाख हर साल मर जाते हैं. कैंसर हो रही मौतों और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फेफड़ों को स्वस्थ रखने के महत्व को समझाने और फेफड़ों के कैंसर को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 1 अगस्त को विश्व लंग कैंसर दिवस मनाया जाता है.**

### क्या है इस वर्ष की थीम

लंग कैंसर फाउंडेशन ऑफ अमेरिका के अनुसार, पहली बार विश्व लंग कैंसर दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 2012 में की गई थी. तब से आजतक फेफड़ों के कैंसर के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 1 अगस्त को यह दिवस मनाया जा रहा है. हर साल इसका एक विशेष थीम होता है. इस साल इसका थीम है ₹एक साथ मजबूतः फेफड़े के कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए एकजुट.₹

### धूम्रपान से फेफड़ों के कैंसर का खतरा

फेफड़ों के कैंसर के लिए सिगरेट (धूम्रपान) प्रमुख रूप से जिम्मेदार है. संयुक्त राज्य अमेरिका में, फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 80-90% मौतों के लिए सिगरेट मुख्य कारण है. तम्बाकू के धुआं में 7,000 से अधिक रसायनों का जहरीला मिश्रण होता है, जिससे न केवल फेफड़ों के क्षति पहुंचती है, साथ ही ये हृदय, मस्तिष्क, तंत्रिकाओं से संबंधित गंभीर बीमारियों के खतरे को बढ़ाने वाली आदत भी हो सकती है. लंग्स कैंसर से बचने के लिए सिगरेट से बिल्कुल दूरी बनाना जरूरी है. धूम्रपान सबसे पहले हमारी कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाना शुरू करती है. डीएनए ही हमारी कोशिकाओं के विकास और कार्यों को नियंत्रित करता है. डीएनए में होने वाली क्षति के कारण कोशिकाएं असामान्य तरीके से परिवर्तित होने लगती हैं, और समय के साथ डीएनए क्षति के बढ़ने से कैंसर हो सकता है.

### सेकेंडहैंड स्मोकिंग भी खतरनाक

अगर आप खुद स्मोकिंग नहीं करते लेकिन आपके आसपास कोई सहकर्मी, कोई साथी, कोई परिजन स्मोक करता है तो भी आपको फेफड़ों का कैंसर होने की उतनी ही आशंका है. इसे सेकेंडहैंड स्मोकिंग कहते हैं. सेकेंडहैंड स्मोकिंग भी फेफड़ों के कैंसर का खतरा 20-30% तक बढ़ा सकती है. धूम्रपान न करने वाले अमेरिकी वयस्कों में हर साल सेकेंडहैंड स्मोकिंग के कारण फेफड़ों के कैंसर से 7,300 से अधिक मौतें होती हैं.

### ये भी हैं जिम्मेदार

रेडॉन गैस, एस्बेस्टस और इंडस्ट्री से निकलने वाले केमिकल के संपर्क में आने से भी फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है. अगर परिवार में कोई निकट परिजन इसका शिकार है, तब भी इसकी आशंका होती है. यानी फैमिली हिस्ट्री को भी इसका कारक माना गया है. जिन लोगों को क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी फेफड़ों की बीमारी होती है उन्हें फेफड़ों के कैंसर का खतरा ज्यादा होता है. इसके अलावा खानपान, कम शारीरिक सक्रियता आदि भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं.

### वायु प्रदूषण बड़ा कारण

इन दिनों वायु प्रदूषण को भी कैंसर का एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है. खासकर गाड़ियों के धुएं से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड का हमारे फेफड़ों पर इतना बुरा असर पड़ रहा है कि नॉन स्मोकर्स भी लंग्स कैंसर के शिकार हो रहे हैं. झारखंड की राजधानी रांची की ही बात करें तो यहां पिछले एक दशक में गाड़ियों की संख्या में बेहताशा वृद्धि नजर आती है. पूरी सड़क ऑटो रिक्शा से पटी दिखती है. इस स्थिति पर कंट्रोल के लिए सरकार के स्तर पर प्रयास होने चाहिए. शेयर वाले सरकारी बसेज चलाना, एक नाम से अधिक गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन में नियम कड़े करना जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं.



### लंग कैंसर के प्रमुख लक्षण

फेफड़ों के कैंसर के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं. मुश्किल यह है कि शुरुआती स्टेज में इसकी पहचान जरा मुश्किल होती है. फेफड़ों के कैंसर के कुछ सामान्य लक्षणों में लगातार खांसी, खांसी के साथ खून आना, सीने में दर्द, आवाज बैठना, बिना कारण वजन कम होना, बार-बार रेस्पिरेटरी इंफेक्शन आदि शामिल हैं. एडवांस स्टेज में मरीज को सांस की तकलीफ, थकान और हड्डियों में दर्द हो सकता है.



### ऐसे होता है इलाज

मेडिकल साइंस की लगातार प्रगति की वजह से लंग कैंसर के इलाज का तरीका बहुत उन्नत हो चुका है. बहुत गंभीर मामलों को छोड़ कर ज्यादातर में कैंसर की जड़ को ढंग से टारगेट करके मरीज को फायदा पहुंचाया जाता है. इसके उपचार में इम्यूनोथेरेपी शामिल है जिसके तहत कैंसर से लड़ने के लिए इम्यून सिस्टम को तैयार किया जाता है. पेम्ब्रोलिज़ुमैब और निवोलुमैब जैसी दवाओं ने फेफड़ों के कैंसर के कुछ मामलों में बेहतरीन परिणाम दिखाया है. वहीं टारगेटेड थेरेपी भी कारगर है जिसके तहत टारेगेटेड दवाएं कैंसर ग्रोथ की जिम्मेदार खास मॉलेक्यूल पर फोकस करती हैं. इसके अलावे चिकित्सक प्रीसिशन मेडसिन, मिनिमल इंवेसिव सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी इनोवेशन, मल्टीडिस्प्लिनरी केयर आदि को भी जरुरत के अनुसार अपनाते हैं.

### फेफड़ों के कैंसर के स्टेज क्या हैं

स्मॉल-सेल लंग कैंसर स्टेज- अगर आपको इस तरह का कैंसर है, तो आपका डॉक्टर इसे टीएनएम भी बता सकता है. डॉक्टर एनएससीएलसी के लिए सामान्य स्टेज का भी उपयोग कर सकते हैं. इनमें से प्रत्येक के लिए टीएनएम प्रणाली और संख्याओं का उपयोग भी होता है.

**गुप्त अवस्था :** कैंसर वाले सेल आपके द्वारा खांसने के दौरान आने वाले बलगम तक पहुंच सकते हैं. इसे ट्यूमर इमेजिंग स्कैन या बायोप्सी पर नहीं देखा जा सकता. इसे हिडन कैंसर भी कहते हैं.

**स्टेज 0 :** इस अवस्था में कैंसर ट्यूमर बहुत छोटा होता है. इसमें कैंसर की कोशिकाएं फेफड़ों के गहरे टिशू में या फेफड़ों के बाहर नहीं फैली होती हैं.

**स्टेज 1 :** इस स्थिति में कैंसर फेफड़ों के सेल्स में होता है, ना कि लिम्फ नोड्स में.

**स्टेज 2 :** हो सकता है कि बीमारी फेफड़ों के पास मौजूद लिम्फ नोड्स में फैल गया हो.

**स्टेज 3 :** इस स्थिति में कैंसर लिम्फ नोड्स और छाती के बीच में फैल गया होता है.

**स्टेज 4 :** इस स्थिति में कैंसर शरीर में व्यापक रूप से फैल गया होता है. इस स्टेज में इसके मस्तिष्क, हड्डियों या यकृत में फैलने की आशंका होती है, जैसा कि रांची के पत्रकार रवि प्रकाश के साथ हुआ है. फेफड़े का कैंसर अब उनके मस्तिष्क में दस्तक दे चुका है.

# थायराइड को नियंत्रित करने के लिए 5 योगासन



**ऋषि रंजन**
योग एक्सपर्ट

**थायराइड इनदिनों एक आम समस्या है जिसमें आपके गले में मौजूद थायराइड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में हार्मोन का उत्पादन नहीं करती है. थायराइड हार्मोन आपके शरीर की उर्जा के उपयोग को नियंत्रित करने का काम करता है. थायराइड की समस्या निम्न कारणों से हो सकती है- इसमें आयोडीन की कमी, ऑटोइम्यूनिटी, असंतुलित जीवनशैली प्रमुख है. इससे या तो हाइपरथायरायडिज्म या हाइपोथायरायडिज्म होता है. आइए, आज आज 5 अलग-अलग आसन करने का तरीकों की चर्चा करें जो आपको थायरॉइड में मदद करेगा-**

### सर्वांगासन

यह थायरॉयड ग्रंथियों को उत्तेजित करने में मदद करता है और थायरोक्सिन को नियंत्रित करता है. इस विशेष मुद्रा में, उल्टे आसन के कारण रक्त पैरों से सिर क्षेत्र की ओर प्रवाहित होता है जो थायराइड को कम करने में मदद करता है.

**कैसे करें**

इस आसन को करने के लिए पहले आप अपनी पीठ के बल लेट जाएं. इसके बाद एक साथ अपने पैरों, कूल्हे और फिर कमर को उठाएं. इस दौरान आपका सारा भार आपके कंधों पर आ जाएगा. अपनी पीठ को अपने हाथों से सहारा दें.



### सेतुबंधासन (ब्रिज पोज़)

ब्रिज पोज़ को सफलतापूर्वक करने से थायरॉयड ग्रंथियों को सक्रिय करने में मदद मिलती है. यह मस्तिष्क को शांत करने, चिंता को कम करने और पाचन तंत्र में सुधार करने में सहायता करता है.

**कैसे करें**

इस योग के अभ्यास के लिए सबसे पहले योग मैट पर पीठ के बल लेट जाएं और हाथों को बगल में रखें. अब धीरे-धीरे अपने पैरों को घुटनों से मोड़कर हिप्स के पास ले आएं. हिप्स को जितना हो सके फर्श से ऊपर की तरफ उठाएं. कुछ देर के लिए इस स्थिति में सांस को रोककर रखें और फिर सांस छोड़ते हुए वापस पूर्ववत अवस्था में आ जाएं.



### मत्स्यासन



यह आसन मछली का आकार लेता है इसलिए इसे मत्स्यासन कहा जाता है. यह आसन थायरॉइड रोगियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सौम्य उपचार प्रदान करता है और तनाव के स्तर को कम करता है.

**कैसे करें**

पहले पद्मासन लगाकर बैठ जाएं. भूमि पर बिछे हुए आसन पर पद्मासन लगाकर सीधे बैठ जायें. फिर पद्मासन की स्थिति में ही सावधानीपूर्वक पीछे की ओर चित होकर लेट जाएं. ध्यान रहे की लेटते समय दोनों घुटने जमीन से ही सटे रहें.

### हलासन

यह व्यायाम गर्दन पर दबाव डालता है, जिससे पेट और थायरॉयड ग्रंथियां उत्तेजित होती हैं. यह मस्तिष्क को भी शांत करता है और तनाव और थकान को कम करता है.

**कैसे करें**

हलासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटकर गहरी सांस भीतर की ओर लेते हुए अपने पैरों को धीरे-धीरे उठाएं. अपने पैरों को पहले 30 डिग्री और फिर 90 डिग्री तक उठाने के बाद सिर के पीछे की ओर ले जाएं. ऐसा करते हुए अपनी पीठ को भी ऊपर उठाते हुए सांस बाहर की तरफ छोड़ें. इसके बाद अपने पैरों को सिर के पीछे जमीन पर टिका दें.



### भुजंगासन (कोबरा मुद्रा)

इस मुद्रा के दौरान बहुत अधिक दबाव और खिंचाव होता है जो थायरॉयड ग्रंथियों को विनियमित करने में मदद करता है. यह मुद्रा रक्त परिसंचरण और ऊपरी और मध्य पीठ के लचीलेपन में सुधार करने में मदद करती है.

**कैसे करें**

आपकी कोहनी मुड़ी हुई होनी चाहिए. पेट के नीचे का हिस्सा जमीन पर लगा होना चाहिए और हाथों को शरीर के ऊपरी हिस्से को ऊपर की तरफ उठाएं और ऊपर की ओर देखने की ही कोशिश करें. इस पोजीशन को कुछ देर होल्ड करने के बाद पहले वाली पोजीशन में आ जाएं. भुजंगासन करते समय गहरी सांस लेते रहें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ें.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# सिमोन और अमेरिकी टीम ने जिम्नास्टिक में जीता गोल्ड



एजेंसी। पेरिस

मानसिक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर टोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं के फाइनल से पीछे हटने वाली सिमोन बाइल्स की अगुवाई में अमेरिकी महिला जिम्नास्टिक टीम ने टोक्यो में स्वर्ण पदक जीतकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिये. बाइल्स, जोर्डन चिलेस और सुनिसा ली पहले भी ओलंपिक में पदक जीत चुकी हैं, लेकिन इसी मंच ने उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक घाव भी दिये, जो शायद कभी भरेंगे तो नहीं लेकिन उनकी टीस जरूर इस स्वर्ण से कम हो जायेगी. अपने करियर में इन तीनों ने कई चुनौतियों का सामना किया. तीन साल पहले अपने करियर के शिखर पर मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर टोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं से हटने वाली बाइल्स पर सभी की नजरें थीं. टोक्यो में उन्होंने टीम वर्ग का रजत पदक जीता था. पेरिस ओलंपिक में फाइनल में पहुंचते ही पिछली सारी बुरी यादें तिरोहित हो गई और आखिर में पीले तमगे के साथ खुशी के आंसू थे. अमेरिका की टीम ने 171-296 स्कोर करके इटली और ब्राजील को पछाड़ा. इसके साथ ही बाइल्स ने खेलों के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया. बाइल्स के पास अब बड़ी स्पर्धाओं के 38 पदक हैं जिनमें से आठ ओलंपिक पदक है.



## फ्रांस की ब्यूग्रैंड ने महिला ओलंपिक ट्रायथलॉन जीती

पेरिस। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता के बाद आखिरकार पेरिस ओलंपिक खेलों की महिला ट्रायथलॉन बुधवार को यहां संपन्न हो गई, जिसमें मेजबान फ्रांस की कैसेंड्रे ब्यूग्रांड ने स्वर्ण पदक जीता. सीन नदी में ट्रायथलॉन की तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जाना था, लेकिन उसके पानी की गुणवत्ता को लेकर पिछले कुछ समय से चिंता व्यक्त की जा रही थी. इस वजह से यहां पुरुष और महिला ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र और मुख्य मुकाबले स्थगित करने पड़े थे. ब्यूग्रैंड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच एक घंटे, 54 मिनट और 55 सेकंड का समय लेकर स्विट्जरलैंड की जूली डेरोन को छह सेकंड से पीछे छोड़ा. ब्रिटेन की बेथ पॉटर ने कांस्य पदक जीता.

## ओलंपिक फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक

**मैदान में घुसा दर्शक**

**सेंट एटीने (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक हुई, जब अमेरिका और गिनी के बीच खेले गए मैच के दौरान एक दर्शक मैदान में घुस गया. यहां मंगलवार को स्टेड जियोफ़रॉय गुइचार्ड में अमेरिका की गिनी पर 3-0 की जीत के आखिर में एक व्यक्ति ने मैदान पर दौड़ लगाई. इसी स्टेडियम में अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच के दौरान दर्शकों ने उपद्रव मचाया था. मोरक्को के प्रशंसक तब मैदान में घुस आए थे जिससे खेल दो घंटे तक रोकना पड़ा था. अमेरिका और गिनी के बीच मैच के दौरान मैदान पर दौड़ लगाने वाला दर्शक गिनी के अलीउ बाल्डे से भिड़ गया था. सुरक्षा कर्मियों ने बाद में उसे पकड़ कर बाहर निकाला.

### पेरिस ओलंपिक 2024 पदक तालिका

| देश | गोल्ड | सिल्वर | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 8 | 6 | 2 | 16 |
| 2. जापान | 7 | 2 | 4 | 13 |
| 3. फ्रांस | 6 | 9 | 5 | 20 |
| 4. ग्रेट ब्रिटेन | 4 | 2 | 0 | 6 |
| 35. भारत | 0 | 0 | 2 | 2 |

### पेरिस ओलंपिक में आज भारत

- **गोल्फ :** पुरुष व्यक्तिगत फाइनल : गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा – दोपहर 12.30 बजे.
- **निशानीबाजी :** पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (फाइनल) : स्वप्निल कुसाले – दोपहर 1.00 बजे. महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (क्वालीफिकेशन) : सिफत कौर सामरा और अंजुम मौदगिल – दोपहर 3.30 बजे.
- **हॉकी :** भारत बनाम बेल्जियम (ग्रुप चरण मैच) : दोपहर 1.30 बजे
- **तीरंदाजी :** पुरुष व्यक्तिगत (1/32 एलिमिनेशन) : प्रवीण जाधव बनाम काओ वेनचाओ (चीन) – दोपहर 2.31 बजे. पुरुष व्यक्तिगत (1/16 एलिमिनेशन) : दोपहर 3.10 बजे से.
- **टेबल टेनिस :** महिला एकल (क्वार्टर फाइनल) : दोपहर 1.30 बजे से.
- **नौकायान :** पुरुष डिंगी रेस एक : विष्णु सरवनन : दोपहर 3.45 बजे. पुरुष डिंगी रेस 2 : विष्णु सरवनन : रेस 1 के बाद. महिला डिंगी रेस एक : नेथ्रा कुमानन : शाम 7.05 बजे, महिला डिंगी रेस दो : नेथ्रा कुमानन – रेस 1 के बाद.

### धावकों को नये नियमों के तहत मिलेगा मौका

**सेंट-डेनिस (फ्रांस)।** ओलंपिक ट्रैक प्रतियोगिता में एक नये नियमों के कारण बाधा और फर्राटा दौड़ धावकों को शुरुआती चरण में पिछड़ने के बाद भी रेपेचेज दौर से इन खेलों में अगले दौर में आगे बढ़ने और ओलंपिक पदक जीतने का एक और मौका मिलेगा. इस ओलंपिक खेल में बाधा दौड़ स्पर्धाओं सहित 200 मीटर से 1500 मीटर तक की सभी व्यक्तिगत ट्रैक स्पर्धाओं में रेपेचेज राउंड शुरू किया जाएगा. अब प्रत्येक हीट में शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ियों को सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश मिलेगा.

## पेरिस ओलंपिक 2024 : बैडमिंटन में बल्ले-बल्ले, स्टार खिलाड़ी चमके

# सिंधू और लक्ष्य प्री क्वार्टर फाइनल में

भाषा। पेरिस

बुधवार को पेरिस ओलंपिक के पांचवें दिन बैडमिंटन से भारत के लिए अच्छी खबर आयी. भारत के स्टार शटलर पीवी. सिंधू और लक्ष्य ने अपने-अपने मैच जीत लिये. दोनों ने अपने-अपने वर्गों के एकल मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी. सिंधू ने पेरिस ओलंपिक की महिला एकल स्पर्धा में एस्तोनिया के क्रिस्टीन कूबा को सीधे गेमों में 21-5, 21-10 से हराकर नॉकआउट दौर में प्रवेश कर लिया. रियो ओलंपिक में रजत और टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने यह एकतरफा मुकाबला 33 मिनट में जीता. इससे पहले उन्होंने ग्रुप एम के पिछले मैच में मालदीव की फातिमा अब्दुल रज्जाक को 21-9, 21-6 से हराया था. सभी 16 ग्रुप से शीर्ष खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचते हैं. पहले मैच की ही तरह सिंधू को इस मुकाबले में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा. विश्व रैंकिंग में 73वें स्थान पर काबिज एस्तोनिया की खिलाड़ी 13वीं रैंकिंग वाली भारतीय का सामना नहीं कर सकी. सिंधू ने पहला गेम 14 मिनट में जीता. दूसरे गेम में कूबा ने चुनौती पेश की लेकिन सिंधू ने हर वार का माकूल जवाब दिया. कूबा ने 2-0 की बढ़त बनाई, लेकिन सिंधू ने जल्दी ही बराबरी कर ली. इसके बाद लंबी रैलियां चली और एक समय सिंधू को पूरा नेट कवर करके दौड़ना पड़ा और कूबा ने शटल उनकी पहुंच से बाहर फेंकी. इसके बाद सिंधू ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करके क्रॉसकोर्ट स्मैश से 15-6 से बढ़त बना ली और इसके बाद कूबा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया.

**'वंडर ब्वॉय' लक्ष्य सेन वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी को हराया :** वहीं, अपना पहला ओलंपिक खेल रहे भारतीय बैडमिंटन के 'वंडर ब्वॉय' लक्ष्य सेन ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में हराकर पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. अलमोड़ा के तेईस वर्ष के लक्ष्य ने यह मुकाबला 50 मिनट में 21-18, 21-12 से जीता. लक्ष्य के ग्रुप से गुआटेमाला के खिलाड़ी केविन कोर्डन के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को 'डिलीट' कर दिया गया. लक्ष्य ने रविवार को केविन कोर्डन को हराया था. ग्रुप एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती बाकी थी जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे. इसलिये यह मुकाबला भी नॉकआउट की तरह ही था.

**मुक्केबाज प्रीति पवार ओलंपिक से बाहर :** भारतीय मुक्केबाजों का पेरिस ओलंपिक खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और अनुभवी अमित पंघाल और जैस्मीन लम्बोरिया के बाद प्रीति पवार भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गई. प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की पैन अमेरिकन खेलों की चैंपियन और विश्व रजत पदक विजेता येनी मार्सेला एरियास को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बावजूद उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा. इससे पहले पंघाल पुरुष 51 किग्रा वर्ग में और महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गये थे. पंघाल का पेरिस ओलंपिक अभियान राउंड 16 में अफ्रीकी खेलों के चैंपियन और तीसरे वरीय जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा से 1-4 से हारकर समाप्त हुआ जबकि जैस्मीन फिलीपींस की टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो से 0-5 से हारकर बाहर हो गईं.





### स्वप्निल कुसाले 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस फाइनल में

**टराउ।** भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है लेकिन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर चूक गए. कुसाले क्वालीफाइंग दौर में 590 (38 एक्स) का स्कोर करके सातवें स्थान पर रहे. वहीं ऐश्वर्य प्रताप 589 (33 एक्स) का स्कोर करके 11वें स्थान पर रहे. शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं. कुसाले ने नीलिंग में 198 (99 और 99), प्रोन में 197 (98 और 99) और स्ट्रैंडिंग पोजिशन में 195 (98 और 97) स्कोर किया. वहीं ऐश्वर्य प्रताप ने नीलिंग में 197 (98 और 99), प्रोन में 199 (100 और 99) और स्ट्रैंडिंग पोजिशन में 193 (95 और 98) स्कोर किया.



### दीपिका तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत वर्ग के अंतिम 32 में

**पेरिस।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने एस्तोनिया की रीना परनाट को शूटआफ में 6–5 से हराकर पेरिस ओलंपिक महिला व्यक्तिगत वर्ग के अंतिम 32 में प्रवेश कर लिया. कुछ दिन पहले भारतीय महिला तीरंदाजों की टीम क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हार गई थी, जिसमें दीपिका के प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई थी. दीपिका बुधवार को पहला सेट जीतने में कामयाब रही लेकिन दूसरा हार गई. तीसरे में स्कोर बराबर था, जबकि चौथा हार गई, लेकिन पांचवें में बराबरी कर ली. इसके बाद मुकाबला शूटआफ में गया, जिसमें उन्होंने नौ और विरोधी ने आठ स्कोर किया.

### लवलीना क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ने नॉर्वे की सुन्निवा होफ्स्टाड को 5–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. लवलीना ने तोक्यो में 69 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता था. अब उनका सामना चार अगस्त को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की लि कियान से होगा. कियान ने तोक्यो ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में रजत पदक जीता था.



### श्रीजा अकुला प्री क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला सिंगापुर की जियान झेंग को कड़े मुकाबले में 4–2 से हराकर पेरिस ओलंपिक महिला एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई. श्रीजा ने 9–11, 12–10, 11–4, 11–5, 10–12, 12–10 से जीत दर्ज की. इससे पहले मनिका बत्रा भी अंतिम 16 में जगह बना चुकी हैं. श्रीजा ने 51 मिनट तक चला यह मुकाबला पहला गेम गंवाने के बाद जीता.



## क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर चुकी है टीम इंडिया

# भारतीय हॉकी टीम के सामने बेल्जियम की कठिन चुनौती

भाषा। पेरिस



क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के पूल बी के मैच में गुरुवार को मौजूदा चैंपियन बेल्जियम के रूप पहली कठिन चुनौती का सामना करेगी तो उसे प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी. बेल्जियम पूल बी में तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर है जबकि भारत दो जीत और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है. ऑस्ट्रेलिया दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है. अर्जेंटीना ने भी तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ अंतिम आठ में जगह बना ली है. न्यूजीलैंड और आयरलैंड लगातार तीन हार के साथ दौड़ से बाहर हो गए हैं. हर पूल से शीर्ष चार टीमें ही अंतिम आठ में पहुंचेंगी. भारत ने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया और फिर आखिरी मिनट में किये गए गोल की मदद से 2016 की चैंपियन अर्जेंटीना को ड्रॉ पर रोका. आयरलैंड के खिलाफ भारत ने 2-0 से जीत दर्ज की. कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहले दोनों मैचों में निर्णायक गोल दागे और फिर आयरलैंड के खिलाफ पेनल्टी स्ट्रोक पर पहला और पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया. अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह ने भी आयरलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके कई मौके बनाये. मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत सिंह ने भी दबाव बनाये रखा.

# स्वियातेक ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में, जोकोविच भी आगे बढ़े

एजेंसी। पेरिस



विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद चीन की विश्व में 52वें नंबर की खिलाड़ी वांग ज़ियू को सीधे सेटों में हराकर ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. फ्रेंच ओपन में चार बार की चैंपियन स्वियातेक ने वांग को 6-2, 6-4 से हराने के बाद कहा कि यह जीत आसान नहीं थी. उन्होंने कहा, मैं जानती थी कि वह अच्छे खेल का प्रदर्शन कर सकती है. मुझे पता था कि वह गलतियों का फायदा उठा सकती है. मैंने आक्रामक खेल दिखाया और खेल के अहम पलों में अच्छी टेनिस खेली. स्वियातेक की क्वार्टरफाइनल प्रतिद्वंद्वी आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स होंगी. अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हालांकि हार का सामना करना पड़ा. उन्हें क्रोएशिया की डोना वेकिच ने 7-6 (7), 6-2 से हराया. जर्मनी की एंजेलिक कर्बर ओलंपिक के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है. उन्होंने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 6-4, 6-3 से पराजित किया. वह पहले ही घोषणा कर चुकी है कि पेरिस ओलंपिक उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा. वहीं, सर्बिया के शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ओलंपिक खेलों की टेनिस स्पर्धा के पुरुष एकल में जर्मनी के डोमिनिक कोपफर पर 7-5, 6-3 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया.

## टीम इंडिया : सूर्यकुमार ऐसे कप्तान, जो जोखिम लेने से नहीं डरता है

# बड़े दिल वाला कप्तान है सूर्यकुमार : वाशिंगटन सुंदर

भाषा। पालेकल



ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने सूर्यकुमार यादव को 'बड़े दिल वाला' कप्तान करार देते हुए कहा कि जोखिम लेने की उनकी अद्भुत क्षमता के कारण ही भारत तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को हराने में सफल रहा. सूर्यकुमार ने मंगलवार को खेले गए मैच में श्रीलंका की पारी के अंतिम क्षणों में कुछ दिलचस्प बदलाव किए. श्रीलंका को जब 138 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दो ओवर में 12 रन चाहिए थे तब उन्होंने रिंकू सिंह को गेंद थमाई जिन्होंने तीन रन देकर दो विकेट लिए. इसके बाद सूर्यकुमार अंतिम ओवर करने के लिए स्वयं आए और उन्होंने भी दो विकेट हासिल करके स्कोर बराबर करवा दिया. सुपर ओवर में श्रीलंका ने केवल चार गेंदों के भीतर दो विकेट खो दिए और भारत ने पहली ही गेंद पर सूर्यकुमार के चौके की मदद से तीन रन का लक्ष्य हासिल कर श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया. सुंदर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह उनका कमाल है. यह उनकी नेतृत्व क्षमता का कमाल है क्योंकि जीत के लिए जब 12 गेंद पर 12 रन चाहिए थे सब रिंकू सिंह को गेंद सौंपना और वह भी तब जब कुसल परेरा बल्लेबाजी कर रहे हों.

### गंभीर ने भारतीय टीम की प्रशंसा की

**पालेकल।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सुपर ओवर में जीत हासिल करके श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए टीम की प्रशंसा की. लेकिन साथ ही कहा कि टर्न लेती पिचों पर लगातार सुधार करने की जरूरत है. बारिश के कारण एक घंटे देर से शुरू हुए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 137 रन बनाए. इसके जवाब में श्रीलंका की टीम आठ विकेट पर 137 रन नहीं बना सकी। भारत ने सुपर ओवर में यह मैच जीता. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ड्रेसिंग रूम में बातचीत का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें गंभीर ने कहा, श्रृंखला में शानदार जीत के लिए सभी को बधाई.

# 55 साल की उम्र में दसवें ओलंपिक में भाग ले रहीं जॉर्जिया की निशानेबाज

- पिता की इच्छा पूरी करने के लिए ओलंपिक खेल रही नीनो

भाषा। शेटराउ (फ्रांस)



जॉर्जिया की निशानेबाज नीनो सालुकवद्जे ने नौ ओलंपिक में तीन पदक जीतने के बाद खेल को अलविदा कहने का मन बना दिया था, लेकिन अपने दिवंगत पिता की आखिरी इच्छा पूरी करने के लिए वह यहां लगातार 10वें ओलंपिक खेलों में भाग ले रही है जो महिला वर्ग में रिकॉर्ड है. यह 55 वर्षीय खिलाड़ी उद्घाटन समारोह में जॉर्जिया की ध्वजवाहक थीं. वह लगातार दसवें ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली पहली महिला और घुड़सवार इयान मिलर के बाद दूसरी खिलाड़ी है. सालुकवद्जे ने 1988 में सियोल ओलंपिक खेलों में सोवियत संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में एक स्वर्ण और रजत पदक जीते थे. इसके 20 साल बाद उन्होंने बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीता था. सालुकवद्जे पिछले ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने का मन बना चुकी थी लेकिन अपने पिता वख्तंग सालुकवाद्जे के शब्द याद आए, जो उन्हें उनकी अंतिम इच्छा की तरह लग रहे थे. इसके बाद ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने का फैसला किया. 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में प्रतिस्पर्धा करने वाली इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, उन्होंने मुझसे कभी कुछ नहीं मांगा, इसलिए मुझे लगता है कि शायद यह उनकी अंतिम इच्छा थी. यह हैरान करने वाली बात है कि 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का जूनियर विश्व रिकॉर्ड आज भी सालुकवद्ज़े के नाम पर दर्ज है.

ब्रीफ खबरें

### नवविवाहिता की मौत हत्या का आरोप

**नवादा ।** नवादा में नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में बुधवार को मौत हो गयी है. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे नवविवाहिता के मायके वालों ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है. बहरहाल पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा है. यह घटना नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव का बताया गया है, जहां संदिग्ध अवस्था में एक नवविवाहित की मौत हो गई है.

### दोस्त ने ही किया गला रेतकर हत्या का प्रयास

**नवादा ।** नवादा जिला के हिसुआ थाना क्षेत्र स्थित बढ़ही बिघा गांव में बुधवार को प्रदीप मिस्त्री के 25 साल के पुत्र अजय कुमार को अपने अजीज दोस्त ने फ़ोन पर घर में बुलाकर धारदार हथियार से हत्या की नियत से गला पर जोरदार प्रहार किया है, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल अवस्था में पुलिस ने युवक को हिसुआ से इलाज करवाकर नवादा सदर अस्पताल में भेज दिया है. पीड़ित अजय कुमार के परिजन ने बताया कि सुरेश मालाकार के पुत्र जितेंद्र मालाकर ने मेरे बेटे को फ़ोन पर घर से बुलाकर एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर हत्या की नियत से प्राण घातक हमला किया है.

### खेत में पटवन करने गए किसान की हत्या

**पटना ।** पटना के शाहजहांपुर में अपराधियों ने मंगलवार मध्य रात्रि को खेत में पटवन कर रहे एक किसान की चाकू गोद कर हत्या कर दी. बुधवार सुबह जब लोग मॉर्निंग वॉक और शौच के लिए गांव में निकले तो किसान के शव को देखकर इसकी सूचना शाहजहांपुर थाने को दी. सूचना मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई. गांव के लोग मौके पर पहुंचकर मृतक किसान की पहचान भगवान को 45 वर्ष के रूप में की है. स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय थाना शाहजहांपुर को दी. सूचना मिलने के बाद शाहजहांपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची.

सुपौल : त्रिवेणीगंज-लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल का मामला

# नर्सरी के बच्चे ने छात्र को मारी गोली

स्कूल में बंदूक लेकर पहुंचा छह साल का बच्चा

संवाददाता । पटना

सुपौल में बुधवार की सुबह तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र को दूसरे लड़के ने गोली मार दी. घटना त्रिवेणीगंज के लालपट्टी स्थित एक प्राइवेट बोर्डिंग स्कूल की है. जिस छात्र को गोली लगी है उसका नाम मो. आसिफ है. उसकी उम्र 10 से 12 साल के आसपास होगी. गोली उसके बाएं हाथ की हथेली में लगी जो आर-पार हो गई है. हालांकि गोली मारने की वजह अभी सामने नहीं आई है.

मो. आसिफ को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में भर्ती कराया गया है. यहां उसका इलाज चल रहा है. हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर है. इस घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया. इसकी सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल उठ रहा है जिस बच्चे ने गोली मारी है उसके पास हथियार कहां से पहुंचा? कहा जा रहा है कि जिस छात्र ने गोली मारी है वह भी इसी स्कूल का बच्चा है. उसकी उम्र 6-7 साल के आसपास होगी. स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस छात्र ने गोली चलाई है उसका पिता पहले इस स्कूल में गार्ड का काम करता था. गोली चलाने वाला छात्र नर्सरी में पढ़ता है.



पुलिस को घटना की जानकारी देते परिजन.

### प्रिंसिपल के टेबल से बंदूक लेकर फरार हो गया पिता

इस मामले में घायल छात्र के परिजन (मामा) ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल ने सूचना दी कि आपके बच्चे मो. आसिफ को गोली लगी है. अस्पताल आइए. आरोपित छात्र के पिता को सूचना दी गई तो वह भी स्कूल पहुंचे. आनन-फानन में प्रिंसिपल के टेबल से बंदूक लेकर अपने बेटे के साथ स्कूल की दीवार फांदकर वह फरार हो गए.

## छात्र के बैग से निकला कंडोम का पैकेट, कई छात्र हुए बेहोश

**गया ।** गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के ढोलकिया गली में संत कबीर एकेडमी स्कूल में अचानक छात्र बुधवार को बेहोश होने लगे. कई छात्रों को उल्टी होने लगी. पूरे स्कूल और स्कूल के बाहर अफरातफरी मच गई. स्कूल के प्राचार्य तब तक क्लास रूम में पहुंचते अचानक एक एक कर छात्र बेहोश होने लगे. इसे देख डायल 112 को सूचना दी गई. इसके बाद सात छात्रों को इलाज के लिए जय प्रकाश नारायण अस्पताल लाया गया. वहीं, उल्टी होने के बाद 6 छात्र अब ठीक हैं. स्कूल के क्लास छह के छात्र राज कुमार ने बताया कि वह स्कूल आ रहा था तभी उसका पानी का बोतल गिर गया जिसके बाद वह बैग को रखकर बोतल लाने गया. इस दौरान 2 युवक उसके बैग में कुछ डाल दिए. स्कूल का समय हो रहा था तो उसने चेक नहीं किया. स्कूल के क्लासरूम में छात्र ने बैग खोला तो अजीब गंध आने लगा. बैग देखा तो कंडोम का पैकेट था जिसे छात्रों ने खोला. कंडोम के पैक को खोलते ही कई छात्र बेहोश हो गए तो कई छात्रों को उल्टी होने लगी. इस संबंध में स्कूल के प्रिंसिपल दामोदर प्रसाद ने बताया कि छात्र के कॉपी से कंडोम का रैपर निकला है. वहीं, बेहोश होने और उल्टी होते देख क्लासरूम के खिड़की से कंडोम को छात्रों ने फेंक दिया.

## आकाशीय बिजली से चाचा भतीजे की मौत, पांच घायल

संवाददाता । डेहरी आन सोन

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र के देव खैरा गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से चाचा भतीजे की मौत हो गई तथा परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक शंकर राम 45 वर्ष एवं उनका भतीजा विवेक कुमार 21 हैं. सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. पुलिस ने शव को अंतपरीक्षण के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है. परिजन के अनुसार परिवार के सभी सदस्य छत के ऊपर लगाए गए झोपड़ी में तथा आंगन में थे. तभी वर्षा के बीच बिजली गिरी जिसमें चाचा शिवपूजन राम तथा भतीजा विवेक कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि धनजी राम की पत्नी बुद्धि देवी ऋषि कपूर राम की पत्नी रानी देवी श्री कृष्णा राम की पत्नी सिंधु देवी शंकर राम की पुत्री दुर्गा कुमारी एवं धनजी राम की पुत्री दिव्यांशु कुमारी घायल हो गई. घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया. देखने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई.सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां दिव्यांशु को छोड़कर सभी घायलों को गंभीर अवस्था में सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया.

खनन माफिया ने गश्ती दल पर किया हमला

## चार लोगों पर मामला दर्ज तीन अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता । किशनगंज

जिले में अवैध खनन एवं भंडारण और परिवहन करने वालों पर खनन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है. किशनगंज प्रखंड के गाछपारा में अवैध खनन करने वालों पर खनन विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए गाछपारा के कमारमुनी बांध के समीप अवैध खनन कर भाग रहे बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चार लोगों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है. ट्रैक्टर को थाना लाने के दौरान पीपला चौक के समीप ट्रैक्टर मालिक व पल्सर बाइक है पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भीड़ जमा कर गश्ती दल का विरोध किया गया व धक्का-मुक्की कर ट्रैक्टर को भगा ले जाने की कोशिश की गयी. हालांकि पुलिस गश्ती दल की सूझ-बूझ से तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है. ग्रामीणों से पूछ-ताछ में पता चला कि शाकिर हक, हाकिम हक, गणेश मुर्मू व मन्नारुल हक गाछपाड़ा द्वारा बालू का खनन कर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है. वर्तमान समय में सभी प्रकार का खनन प्रतिबंधित है.

गांव की महिला से बात करना युवक पर पड़ा भारी

## लोगों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

संवाददाता । मुंगेर

मुंगेर के शामपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. पहले युवक को पिलर में बांधा गया, फिर पीट-पीट कर उसकी जान ले ली गई. बुधवार सुबह जब इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को लगी तो उन्होंने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी.

जानकारी मिलने के बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे. मृतक व्यक्ति की पहचान अभिनंदन सिंह उर्फ सेंपू कुमार (35) के रूप में हुई है, जो बहिरा गालिमपुर निवासी भीम सिंह का बेटा था. जानकारी के मुताबिक, अभिनंदन सिंह गर्भु स्थान स्थित अपने वासा पर रहता था. घटनास्थल पर से पुलिस ने महिला की टूटी चूड़ी बरामद की है. मृतक के भाई सतीश कुमार सिंह ने बताया कि सेंपु कुमार गांव के सनोज मंडल की पत्नी से मोबाइल पर बात करता था. एक महीने पूर्व सनोज मंडल और बबलू मंडल ने धमकी दी थी कि अपने भाई को समझा लो. सतीश कुमार ने आरोप लगाया कि मेरे भाई की उन्हीं दोनों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी है.

इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद शामपुर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति की हत्या कर पोल से बांध दिया गया है. उसके बाद हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे, जिसमें सत्यता पाई गई है. एफएसएल की टीम को बुलाया गया है. घटनास्थल से कुछ समान बरामद किए गए हैं. उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है. मामले की जांच की जा रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

### खान सर के इंस्टीट्यूट में लगा ताला, हड़कंप

**पटना ।** दिल्ली की एक कोचिंग संस्थान की लाइब्रेरी में तीन छात्रों की मौत की घटना ने सभी को झकझोर दिया है. पटना में कोचिंग संस्थानों पर एसडीओ टीम ने मंगलवार को छापा मारा था. खान सर के कोचिंग इंस्टिट्यूट में ताला लग गया है. पटना के बोरिंग रोड कैंपस में ताला लगा है. वहीं, बातचीत में गार्ड ने बताया कि कोचिंग के मलिक ने कहा कि ताला लगा दीजिए और अगर बच्चे आते हैं तो उन्हें कह दीजिए कि फिलहाल कोचिंग बंद है. बता दें कि भिखना पहाड़ी में खान सर के कोचिंग कैंपस में डीएम की बनाई गई स्पेशल टीम पहुंची थी.

बानाबर हॉल्ट के पास रेल हादसा होने से बचा

## रेल ट्रैक पर फंसी जेसीबी मशीन, हादसा टला

संवाददाता । पटना

पटना-गया रेल खंड के जहानाबाद रेल थाना क्षेत्र के मखदुमपुर से दक्षिण बानाबर हॉल्ट के पास स्थानीय लोगों की सूझबूझ के कारण एक बड़ा रेल हादसा होने से बच गया. रेल हादसा होने से बचने के बाद काफी देर तक घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल कायम रहा. दरअसल, बताया जा रहा है कि बानाबर हॉल्ट के पास रेल पटरी क्रॉस कर रहे रेलवे क्रॉसिंग पर एक जेसीबी मशीन रेल पटरी में फंस गई. रेल पटरी में फंसी जेसीबी मशीन को निकालने के लिए दूसरी



जेसीबी मशीन बुलाई गई. दोनों जेसीबी अप और डॉउन रेलवे ट्रैक पर खड़ी थीं. इसी दौरान गया की ओर से तेज रफ्तार से आ रही मेमू पैसेंजर ट्रेन को देखकर स्थानीय लोगों ने अपने लाल गमछे को काफी दूर जाकर हवा में लहराया और ड्राइवर को सचेत किया. लोगों द्वारा लाल गमछा लहराते देख मेमू ट्रेन के चालक ने ट्रेन को रोक दिया.

कारोबार

### बीएचईएल का घाटा 211.40 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (बीएचईएल) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 211.40 करोड़ रुपये हो गया. कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में घाटा 204.70 करोड़ रुपये था. बीएचईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 5,581.78 करोड़ रुपये हो गई. पिछले साल समान अवधि में यह 5,117.20 करोड़ रुपये थी.

### ब्रेनबीज सॉल्यूशंस का आईपीओ छह को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** ऑनलाइन ई-वाणिज्य मंच फर्स्टक्राई की मूल कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड छह अगस्त को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है. आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, तीन दिन का निर्गम आठ अगस्त को बंद होगा. एंकर (बड़े) निवेशक पांच अगस्त को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे. पुणे स्थित ब्रेनबीज सॉल्यूशंस के प्रस्तावित निर्गम में 1,666 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और 5.44 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है.

### अधीप चौधरी ने सीएमडी पद का कार्यभार संभाला

**कोलकाता ।** अधीप नाथ पाल चौधरी ने विविध सार्वजनिक उपक्रम बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद का कार्यभार संभाल लिया है. उन्होंने आदिका रत्न शेखर का स्थान लिया है जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए. कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, पाल चौधरी सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं. वह सेवा कारोबार की देखरेख भी करते रहेंगे. गौरतलब है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 46.79 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो सालाना आधार पर 3.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है.

वैश्विक शोध फर्म काउंटरपॉइंट की रिपोर्ट के मुताबिक

## देश में स्मार्टफोन की बिक्री जून तिमाही में 2% घटी

- गिरावट गर्मी, मौसम-जनित सुस्ती और मंदी और धीमी मांग के कारण रही

एजेंसी । नयी दिल्ली

जून तिमाही में तेज गर्मी और सुस्त मांग की वजह से देश में स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घट गई. मात्रा के लिहाज से शाओमी शीर्ष स्थान पर रही जबकि बिक्री मूल्य में सैमसंग सबसे आगे रही. वैश्विक शोध फर्म काउंटरपॉइंट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अप्रैल-जून तिमाही में बिकने वाले स्मार्टफोन में 5जी उपकरणों की



हिस्सेदारी 77 प्रतिशत रही जो अबतक का सर्वाधिक अनुपात है. एक और खास बात यह है कि मूल्य के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार ने जून तिमाही का अपना सर्वाधिक आंकड़ा हासिल किया. इसमें प्रीमियम उत्पादों को लेकर जारी चलन की अहम भूमिका रही. रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में स्मार्टफोन बिक्री में अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट आई है. यह गिरावट गर्मी, मौसम-जनित सुस्ती और मंदी और धीमी मांग के कारण रही. हालांकि, स्मार्टफोन कंपनियों ने अपने स्टॉक को निकालने के लिए जून तिमाही में कई बिक्री प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किए. वरिष्ठ शोध विश्लेषक शिल्पी जैन ने इन आंकड़ों पर कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में आलोच्य तिमाही में तेज गर्मी पड़ने से दुकानों तक ग्राहक कम पहुंचे. इसके अलावा गर्मी से बचने के लिए ऑफलाइन चैनल में कम ग्राहक आए और स्मार्टफोन की खरीदारी में देरी हुई क्योंकि उपभोक्ताओं ने एयर-कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर जैसे उपकरणों को प्राथमिकता दी. पिछली तिमाही में शाओमी 23 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ शीर्ष स्थान पर रही. कुल बिक्री में उसकी हिस्सेदारी 18.9 प्रतिशत रही जबकि वीवो 18.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही. हालांकि, मूल्य के मामले में सैमसंग 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में सबसे आगे रही. उसके बाद वीवो और एप्पल का स्थान रहा.

### डेमलर इंडिया ने बजाज फाइनेंस के साथ की साझेदारी




**मुंबई ।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता डेमलर इंडिया ने अपने ग्राहकों और डीलर दोनों को विशेष वाहन वित्तपोषण विकल्प प्रदान करने के लिए बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी की है. डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स (डीआईसीवी) ने कहा कि रणनीतिक साझेदारी से ग्राहक-केंद्रित वित्त समाधान की पेशकश की जाएगी. इसमें ऋण अनुमोदन के लिए तेजी से, सुव्यवस्थित क्रेडिट मूल्यांकन प्रक्रियाएं और विभिन्न ग्राहक आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित वित्तपोषण विकल्प शामिल होंगे. डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स के अध्यक्ष एवं मुख्य व्यवसाय अधिकारी श्रीराम वेंकटेश्वरन ने कहा, यह साझेदारी हमारे ग्राहकों को आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय बढ़ाने और नए बाजार अवसरों का लाभ उठाने में मदद करेगी. बजाज फाइनेंस के उप प्रबंध निदेशक अनूप साहा ने कहा, हम एकल ट्रक मालिकों से लेकर बेड़े संचालकों तक विभिन्न ग्राहकों के लिए विशेष समाधान पेश कर रहे हैं,

### ईएसआईसी ने 1,221 चिकित्सक नियुक्त किये

**नयी दिल्ली ।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने पिछले दो माह में 1,221 चिकित्सक (डॉक्टर) नियुक्त किये हैं. बुधवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर में 1,930 पदों को भरने के लिए यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) ने परीक्षा आयोजित की है.

## सेबी के आदेश को चुनौती दे सकती है ओमैक्स

**नयी दिल्ली ।** रियल स्टेट कंपनी ओमैक्स बाजार नियामक सेबी के उसके खिलाफ दिए आदेश को चुनौती देने पर विचार कर सकता है. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ओमैक्स और उसके चेयरमैन रोहतास गोयल, प्रबंध निदेशक मोहित गोयल तथा तीन अन्य को कंपनी के वित्तीय विवरणों में अनियमितता बरतने के मामले में मंगलवार को दो साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था. जिन अन्य लोगों को प्रतिभूति बाजारों में भाग लेने से रोका गया है उनमें सुधांशु एस बिस्वाल, अरुण कुमार पांडे और विमल गुप्ता शामिल हैं. इसके अतिरिक्त इन पांच लोगों को दो साल की अवधि के लिए किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय पद लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया है. सेबी के आदेश का कंपनी के शेयर की कीमतों पर नकारात्मक असर पड़ा. बुधवार को बीएसई पर कंपनी का शेयर 4.99 प्रतिशत गिरकर 152.20 रुपये पर आ गया, जो इसकी निचली सर्किट सीमा है. एनएसई पर यह पांच प्रतिशत गिरकर 154.19 रुपये की निचली सर्किट सीमा को छू गया. ओमैक्स के प्रवक्ता ने कहा, कंपनी को सेबी से कोई आदेश नहीं मिला है.

दिया सुझाव | जीटीआरआई ने बुधवार को बयान जारी कर कहा

## कार्बन कर पर भारतीय कंपनियों को अधिक मदद नहीं मिलेगी

एजेंसी । नयी दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) का भारत को उसे कार्बन कर का भुगतान करने के बजाय अपना स्वयं का तंत्र विकसित करने का सुझाव घरेलू कंपनियों के लिए अधिक मददगार साबित नहीं होगा, क्योंकि वे अब भी यूरोपीय संघ को अपने निर्यात पर शुल्क देने के लिए उत्तरदायी होंगे. आर्थिक शोध संस्थान थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बुधवार को बयान कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि कार्बन की कीमतें आमतौर पर किसी देश की आर्थिक स्थिति पर आधारित होती हैं, इसलिए केवल स्थानीय कर जोड़ने से समग्र कर का बोझ काफी कम नहीं होगा. खबरों के अनुसार, यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत को सुझाव दिया है कि भारत अपना स्वयं का कार्बन कर लागू कर सकता है और कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकता है. जीटीआरआई ने कहा कि यद्यपि यूरोपीय संघ उच्च कार्बन कीमतों को वहन कर सकता है, लेकिन भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह सतत उपाय नहीं हो सकता.

आर्थिक शोध संस्थान ने कहा कि वर्तमान में वैश्विक औसत कार्बन मूल्य करीब छह अमेरिकी डॉलर प्रति टन सीओ2 है. यदि भारत उत्सर्जन व्यापार प्रणाली (ईटीएस) स्थापित करता है या कार्बन मूल्य निर्धारित करता है, तो यह 10 अमेरिकी डॉलर प्रति टन सीओ2 से कम होने की



उम्मीद है. यूरोपीय संघ ने सीबीएएम या कार्बन कर लगाने का फैसला किया है जो एक जनवरी 2026 से लागू होगा. हालांकि इस साल अक्टूबर से इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, एल्यूमीनियम और हाइड्रोकार्बन उत्पादों सहित सात कार्बन-गहन क्षेत्रों की घरेलू कंपनियों को यूरोपीय संघ के साथ कार्बन उत्सर्जन के संबंध में डाटा साझा करना होगा.

शोध संस्थान के अनुसार, ईयू-सीबीएएम के पूर्ण रूप से क्रियान्वित होने पर भारतीय कंपनियों पर 20-35 प्रतिशत आयात कर लगेगा और घरेलू उद्योग को सभी संयंत्र तथा उत्पादन विवरण ईयू के साथ साझा करना होगा. इसने कहा गया, साथ ही बड़ी कंपनियों को दो उत्पादन लाइन चलाने की जरूरत पड़ सकती है. यूरोपीय संघ के देशों को निर्यात के लिए उत्पाद बनाने और बाकी दुनिया के लिए सामान्य उत्पाद बनाने के लिए यह महंगा लेकिन पर्यावरण के अनुकूल है. सीबीएएम विश्व व्यापार को बड़े पैमाने पर बाधित करेगा. भारत ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है तथा वह इस मुद्दे पर यूरोपीय संघ के साथ बातचीत कर रहा है.

जीटीआरआई ने यह भी कहा कि भारत में प्रति टन सीओ2 के लिए 10 अमेरिकी डॉलर से अधिक की उच्च कार्बन कीमत निर्धारित करने से कई नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं. जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, इससे इस्पात और एल्युमीनियम जैसे उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ेगी, जो जीवाश्म ईंधन पर बहुत अधिक निर्भर हैं, जिससे वस्तुओं तथा सेवाओं की कीमतें बढ़ जाएंगी. इससे भारतीय कंपनियां कम कार्बन मूल्य निर्धारण वाले या बिना कार्बन मूल्य निर्धारण वाले देशों की तुलना में कम प्रतिस्पर्धी हो सकती हैं.

## मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ 47% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** देश की प्रमुख वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 3,650 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. कंपनी ने बुधवार को कहा कि लागत में कटौती के प्रयासों, अनुकूल जिंस कीमतों तथा विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ की वजह से उसके मुनाफे में बढ़ोतरी हुई. इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,485 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध बिक्री बढ़कर 33,875 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 30,845 करोड़ रुपये थी. आलोच्य तिमाही में कंपनी ने 5,21,868 वाहन बेचे, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है. पहली तिमाही में कंपनी की घरेलू बाजार में बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 4,51,308 इकाई रही.

## सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का मुनाफा बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 4.48 करोड़ रुपये हो गया. कंपनी बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में उसका मुनाफा 4.10 करोड़ रुपये था. कुल राजस्व सालाना आधार पर 79.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 112.44 करोड़ रुपये हो गया. एकल आधार पर कंपनी का मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़कर 4.74 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में 4.04 करोड़ रुपये था. पहली तिमाही में राजस्व 43 प्रतिशत बढ़कर 97.75 करोड़ रुपये हो गया. यह पिछले साल समान तिमाही में 68.39 करोड़ रुपये था. संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक रमन भाटिया ने कहा, हमने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया. हम अपने बिक्री तथा विपणन प्रयासों का भी विस्तार कर रहे हैं. एनएसई-सूचीबद्ध सर्वोटेक पावर सिस्टम्स इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर, सौर समाधान तथा 'पावर-बैकअप' समाधानों की अग्रणी विनिर्माता है.

## टोयोटा महाराष्ट्र में लगाएगी विनिर्माण संयंत्र

**नयी दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बुधवार को कहा कि वह महाराष्ट्र में करीब 20,000 करोड़ रुपये के निवेश से एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी. टीकेएम ने बयान में कहा कि महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में एक नए विनिर्माण संयंत्र की स्थापना की पड़ताल के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं. टीकेएम की पहले से ही बेंगलुरु के पास बिडदी में दो विनिर्माण इकाइयां मौजूद हैं जिनकी स्थापित उत्पादन क्षमता 3.42 लाख वाहन की है. कर्नाटक में टोयोटा ने अपनी समूह कंपनियों को मिलाकर 16,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और इससे करीब 86,000 नौकरियां पैदा हुई हैं. महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में संयंत्र के लिए 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की जानकारी दी. टीकेएम के सीईओ मसाकाजू योशिमुरा ने कहा, इस एमओयू के साथ हम भारत में वृद्धि के अगले चरण में कदम रख रहे हैं.

## अंबुजा सीमेंट्स का लाभ 789.63 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली ।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 789.63 करोड़ रुपये रहा. अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में उसका मुनाफा 1,135.46 करोड़ रुपये था. समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय 8,311.48 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 8,712.90 करोड़ रुपये थी. एसीएल के अनुसार, तिमाही, पिछली तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के वित्तीय परिणामों में सांघी के परिणाम शामिल हैं, जिसे उसने पिछले साल अगस्त में अधिग्रहित किया था. इसमें एसीसीपीएल के परिणाम भी शामिल हैं, जिसे इसकी अनुषंगी कंपनी एसीसी ने अधिग्रहित किया था. उसने कहा, चालू तिमाही, पिछली तिमाही और 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के परिणाम की 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के साथ तुलना नहीं की जा सकती.

भूस्खलन से तबाह हुए मुंडक्कई गांव में बचाव अभियान के दौरान हृदय विदारक दृश्य आए सामने, 158 लोगों की मौत, 191 लापता, 200 से अधिक लोग घायल

# वायनाड त्रासदी : मलबे में दबे कुछ शव बैठे और लेटे हुए अवस्था में निकाले गए

एजेंसी। वायनाड/तिरुवनंतपुरम

केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से तबाह हुए मुंडक्कई गांव में बुधवार सुबह बचाव अभियान फिर से शुरू किया गया. अभियान के दौरान कई क्षतिग्रस्त मकानों के मलबे में दबे शवों को उसी अवस्था में बाहर निकाला गया, जिस अवस्था में वह दुर्घटना के वक्त घर में थे. बचाव दल ने कुछ शवों को बैठे और लेटे हुए अवस्था में क्षतिग्रस्त घरों से बाहर निकाला, जो हृदय विदारक था. बचावकर्मी बुधवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे क्योंकि मुख्य मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के कारण इस इलाके का संपर्क मुख्य इलाकों से टूट गया था. एक टीवी चैनल पर प्रसारित दृश्यों में सेना के जवानों को कीचड़ में धंसे एक घर की छत को तोड़ते हुए देखा जा सकता है. जवानों को रस्सियों के सहारे घर के अंदर जाते और मलबे में दबे हुए शवों को बाहर निकालते हुए देखा जा सकता है. एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि उसने मिट्टी से सने हुए शवों को कुर्सियों पर बैठे और खाटों पर पड़े हुए देखा. उसने कहा, "मंगलवार तड़के जब यह हादसा हुआ तब मृतक व्यक्ति बैठे या लेटे हुए होंगे." अधिकारियों ने हालांकि अभी तक इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है. विभिन्न बचाव एजेंसियां इस घटना में लापता लोगों का पता लगाने में जुट गई हैं. भूस्खलन से प्रभावित इलाकों से 158 लोगों के शव बरामद किए हैं और करीब 191 लोग लापता हैं. मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने बुधवार को कहा कि वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित इलाकों से 200 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और इस पर्वतीय जिले के भूस्खलन से तबाह हुए इलाकों से 5,592 लोगों को बचाया गया है. उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसके अलावा बच्चों और गर्भवती महिलाओं समेत 8,017 लोगों को जिले में 82 शिविरों में स्थानांतरित किया गया है. जिला प्रशासन के अनुसार, सैकड़ों लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है जिससे मृतक संख्या बढ़ सकती है. वायनाड में मंगलवार तड़के मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में मूसलाधार बारिश के बाद बड़े पैमाने पर भूस्खलन की घटनाएं हुई थीं.



चेन्नई में बुधवार को स्कूली छात्रों ने केरल के वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना की. प्रेट्र

### मौसम संबंधी चेतावनी पर संसद में बोले शाह, विजयन ने दिया जवाब

**नयी दिल्ली।** वायनाड त्रासदी पर राज्यसभा में बुधवार को बोलते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही केरल सरकार को भारी बारिश की चेतावनी दी थी, लेकिन राज्य सरकार ने चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया. उन्होंने कहा कि 23 जुलाई को ही चेतावनी दी गई थी तो पिनरई विजयन सरकार ने वहां से लोगों को क्यों नहीं हटाया? वायनाड भूस्खलन की घटना को लेकर उन्होंने कहा कि आमतौर पर कई राज्य ऐसी चेतावनियों पर ध्यान देते हैं, लेकिन केरल सरकार ने इसे नजरअंदाज किया, जिसका परिणाम वायनाड के मासूम लोगों को झेलना पड़ा है. केरल सरकार ने केंद्र सरकार के अलर्ट को हल्के में लिया. केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने शाह के दावे पर कहा कि यह एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का वक्त नहीं है. राज्य को समय पर मौसम संबंधी चेतावनियां दी गयी थीं, लेकिन भूस्खलन से पहले वायनाड के लिए अत्यधिक बारिश का कोई 'रेड अलर्ट' जारी नहीं किया गया था.

### शोकाकुल परिवारों ने प्रियजनों की पहचान की, किया अंतिम संस्कार

वायनाड जिले में हुए जबरदस्त भूस्खलन में मारे गए प्रियजनों की पहचान करने और उनके अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों की दुख और निराशा से भरी हृदय विदारक चीखें सुन कर हर आंख नम हो गई. प्राकृतिक आपदा में मारे गये सभी लोगों के शव मेप्पाडी परिवार स्वास्थ्य केंद्र और नीलांबुर सरकारी अस्पताल में ताबूत रेफ्रिजरेटर में रखे गए थे. सभी लोग अपने प्रियजनों के शवों को पहचानते हुए और आखिरी बार उन्हें देख कर बदहवास और बेसुध होकर रोते बिलखते देखे गए. इसी तरह के दृश्य श्मशानों में भी देखे गए, जहां शवों को एक-दूसरे के करीब दफनाया गया अथवा उनका दाह संस्कार किया गया. वायनाड जिला प्रशासन ने लकड़ी और गैस आधारित दाह संस्कार भट्टियों में एक-दूसरे के बगल में कई शवों के अंतिम संस्कार किए जाने की तस्वीरें भी जारी कीं. जिला प्रशासन के अनुसार, जिले के मुंडक्कई और चूरलमाला इलाकों में हुए भूस्खलन के बाद 180 से अधिक लोग लापता हैं और 300 से अधिक घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं. जिला प्रशासन ने बताया कि मृतकों में से 75 की पहचान हो चुकी है और 123 का पोस्टमार्टम कराया जा चुका है.

### सिद्धरमैया ने कॉरपोरेट्स से दिल खोल कर दान देने की अपील की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कॉरपोरेट जगत से पड़ोसी राज्य केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास के लिए उदारतापूर्वक योगदान देने की अपील की. सिद्धारमैया ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया. मुख्यमंत्री ने पत्र लिख कर कहा, 'आपदा के पैमाने के कारण समाज के सभी क्षेत्रों, विशेषकर कॉर्पोरेट संस्थाओं से समन्वित एवं उदार प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है, जो हमेशा जरूरत के समय साथ खडे.रहते हैं. कर्नाटक विशेष रूप से राहत कार्यों और पुनर्निर्माण प्रयासों तथा खाद्य आपूर्ति, विशेष रूप से लंबे समय तक खराब होने वाले खाद्य पदार्थों और कपड़ों की सुविधा के लिए वित्तीय सहायता की तलाश कर रहा है. यह एक साथ खड़े होने और एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने का अवसर है.' कहा कि कॉरपोरेट्स की भागीदारी और योगदान न केवल तत्काल राहत प्रदान करेगा बल्कि प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास में भी मदद करेगा. कर्नाटक सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी योगदानों का प्रभावी ढंग से और पारदर्शी तरीके से उपयोग किया जाए.

## ब्रीफ खबरें

### हिप्र : कांग्रेस विधायक से जुड़े परिसरों पर रेड

**शिमला।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आयुष्मान भारत योजना में कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस विधायक आरएस बाली और कुछ निजी अस्पतालों व उनके प्रवर्तकों के परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की. नगरोटा सीट से विधायक बाली और कांगड़ा में फोर्टिस अस्पताल के अलावा कांगड़ा में बालाजी अस्पताल और उसके प्रवर्तक राजेश शर्मा के परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है. अधिकारियों के मुताबिक, शर्मा को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का 'करीबी' माना जाता है.

### पांच वर्ष पुराने मामले में आजम खान बरी

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक अदालत ने यहां डूंगरपुर इलाके में लोगों को उनकी जमीन से जबरन बेदखल करने और घरों को तोड़ने के पांच वर्ष पुराने मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान को बुधवार को बरी कर दिया. राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद खान और पांच अन्य लोगों के खिलाफ वर्ष 2019 में मुकदमा दर्ज किया गया था. आजम पर आरोप था कि उन्होंने लोगों को उनके घरों से बेदखल किया और मकानों को ध्वस्त करने का काम किया. हालांकि अदालत से राहत मिलने के बावजूद खान सीतापुर जेल में ही रहेंगे.

### इंदौर के लोस सांसद के निर्वाचन को चुनौती

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने इंदौर के लोकसभा सांसद के तौर पर भाजपा के उम्मीदवार शंकर लालवानी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया. उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने पूर्व वायु सैनिक धर्मेंद्र सिंह झाला की याचिका पर निर्वाचन आयोग के साथ ही राज्य निर्वाचन आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी और लालवानी को भी नोटिस जारी किया. एकल पीठ ने इस याचिका पर अगली सुनवाई के लिए दो सितंबर की अगली तारीख तय की है.

हमास ने राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख की मौत के लिए इजराइल को ठहराया जिम्मेदार

# ईरान में हमास नेता हनियेह की हत्या

- ईरान के नये राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में गडकरी समेत 70 नेताओं सेग दिखा था हनियेह

एजेंसी। बेरूत

ईरान के नये राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद हमास नेता इस्माइल हनियेह की हत्या कर दी गई. ईरान और उग्रवादी समूह हमास ने बुधवार तड़के यह जानकारी दी. ये पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ जब भारत के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी खुद ईरान की राजधानी तेहरान में मौजूद थे. हनियेह गडकरी समेत 70 नेताओं के साथ दिखा था. दरअसल, गडकरी भी ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे.

हमास ने अपने राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख की मौत के लिए इजराइल के हवाई हमले को जिम्मेदार ठहराया. वहीं, ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने कहा कि वह हनियेह की हत्या की जांच कर रहा है. उसने यह नहीं बताया कि हत्या कैसे हुई और हनियेह को किसने मारा. फिलहाल किसी ने भी हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इसका शक इजराइल पर है, जिसने सात अक्टूबर को देश में हुए अप्रत्याशित हमले को लेकर हनियेह और हमास के विभिन्न कमांडरों को मारने का संकल्प लिया था. इजराइल ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है. हमास ने बताया कि हनियेह समूह के अन्य अधिकारियों और हिजबुल्ला तथा सहयोगी समूहों के अन्य अधिकारियों के साथ ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए तेहरान में था. उसने बताया कि हनियेह तेहरान में अपने आवास पर यहूदी हवाई हमले में मारा गया.



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई (दाएं) के साथ इस्माइल हनियेह. प्रेट्र

### ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और नए राष्ट्रपति मसूद ने लिया इजराइल से बदला लेने का संकल्प

**बेरूत।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को इजराइल से हमास नेता इस्माइल हनियेह की मौत का बदला लेने का संकल्प लिया. खामेनेई ने कहा कि ईरान की राजधानी तेहरान में तड़के हुए हवाई हमले में इस्माइल हनियेह के मारे जाने के बाद इजराइल ने 'अपने लिए कठोर सजा खुद तैयार कर ली है.' उन्होंने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा, 'उसका बदला लेना हमारा कर्तव्य है. हनियेह हमारी सरजमीं पर एक प्रिय मेहमान थे.' ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने भी तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनियेह की हत्या की बुधवार को निंदा की. पेजेशकियान ने सोशल मीडिया मंच ' 'एक्स' ' पर एक पोस्ट में कहा कि उनका देश अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा और (हनियेह की मौत के लिए) जिम्मेदार लोगों को ऐसा जवाब देगा कि उन्हें अपनी करतूत पर पछतावा होगा.

### इजराइली हमले में मारा गया हिज्बुल्लाह कमांडर फौद शुकुर

**बेरूत।** लेबनान के उग्रवादी समूह हिज्बुल्लाह ने बुधवार को कहा कि वह बेरूत में इजराइल के हवाई हमले में मारे गए अपने एक शीर्ष सैन्य कमांडर के शव की अभी भी तलाश कर रहा है. इजराइल द्वारा हिज्बुल्लाह कमांडर फौद शुकुर को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले के बाद यह ईरान समर्थित उग्रवादी समूह की पहली टिप्पणी है. शुकुर को निशाना बनाए जाने से एक दिन पहले हमास नेता इस्माइल हनियेह की तेहरान में एक हवाई हमले में मौत हो गई थी. हिज्बुल्लाह ने हमास नेता की मौत पर कोई टिप्पणी नहीं की. इजराइल ने मंगलवार को बेरूत पर एक अप्रत्याशित हमले के बाद शुकुर को मार गिराने का दावा किया. उसका कहना है कि शुकुर इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के मजदल शम्स शहर में गत सप्ताहांत हुए रॉकेट हमले में शामिल था, जिसमें 12 लोग मारे गए थे. हिज्बुल्लाह ने कहा, नागरिक सुरक्षा कर्मी अभी भी उस इमारत के मलबे के नीचे शुकुर और अन्य लोगों के शव की तलाश कर रहे हैं, जिसे इजराइल ने निशाना बनाया है. एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि उनका निशाना हिज्बुल्लाह का एक शीर्ष सैन्य कमांडर फौद शुकुर था, जिसे अमेरिका लेबनान की राजधानी में 1983 के घातक बम विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का दोषी मानता है. शुकुर पर अन्य हमलों में भी शामिल होने का संदेह है, जिनमें इजराइली नागरिक मारे गए थे.



इसी इमारत में मारा गया फौद शुकुर

हमास ने एक बयान में कहा, 'हमास फलस्तीन के महान लोगों और अरब तथा इस्लामिक देशों के लोगों तथा दुनियाभर के सभी आजाद लोगों के लिए भाई इस्माइल हनियेह को शहीद घोषित करता है.' हमास के अधिकारियों ने अभी इस पर और कोई टिप्पणी नहीं की है. वेस्ट बैंक में फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हनियेह की हत्या की निंदा करते हुए इसे 'कायरतापूर्ण कृत्य और खतरनाक घटनाक्रम' बताया.

म्यांमार में अबतक 26 लाख लोग विस्थापित

## म्यांमार में विद्रोहियों ने एक और शहर पर कब्जा जमाया



एजेंसी। म्यांमार

म्यांमार में महीनों से चल रहे गृह युद्ध के दौरान एक बड़ी खबर सामने आयी है. न्यूज पोर्टल म्यांमार नाउ के अनुसार म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी ने लैशियो शहर पर भी कब्जा कर लिया है. म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी उन अल्पसंख्यक विद्रोही समूहों में से है, जो सेना को उन क्षेत्रों से हटाने के लिए लड़ रहे हैं, जिन्हें वे अपना क्षेत्र मानते हैं. इसके लिए विद्रोहियों ने एक आंदोलन चलाया, जिसने जुंटा के शासन को कमजोर किया गया. धीरे-धीरे यह लड़ाई गृहयुद्ध में बदल गई. संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इस युद्ध में म्यांमार के 26 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं. वहीं, कई लोग मारे भी जा चुके हैं.

**सेना हार मानने को तैयार नहीं है :** म्यांमार में यह लड़ाई असल में 2021 के बाद से शुरू हुई. यहां म्यांमार की सेना ने अस्थायी लोकतंत्र के बाद 2021 में सत्ता में वापसी की. अब यह युद्ध पूरे देश को तबाह कर रहा है, लेकिन सेना हार मानने को तैयार नहीं है. सेना जुंटा ने अपने विरोधियों को आतंकवादी कहा है. चीनी विदेश मंत्रालय ने भी इसमें हस्तक्षेप किया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ.

### ड्रोन हमले में बाल-बाल बचा सूडान का शीर्ष कमांडर

**काहिरा।** सूडान की सेना ने बुधवार को कहा कि उसके शीर्ष कमांडर जनरल अब्देल-फत्तह बुरहान देश के पूर्वी हिस्से में एक सैन्य समारोह को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में बाल-बाल बचे. हालांकि, सेना ने बताया कि इस हमले में पांच लोग मारे गए. सैन्य समारोह के समापन के बाद पूर्वी सूडान के गेबेइट शहर में दो ड्रोन से हमला किया गया. सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, हमले में सेना प्रमुख बुरहान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. सूडान में सेना और एक शक्तिशाली अर्धसैनिक समूह, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज़ के बीच एक साल से अधिक समय से युद्ध जारी है.

## उप्र विधानभवन में हुआ जलभराव

एजेंसी। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में बुधवार दोपहर करीब दो घंटे की मूसलाधार बारिश से शहर के कई स्थानों समेत राज्य विधानभवन में भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है और विपक्ष ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधा है.

राजधानी में करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से शहर के प्रमुख स्थल हजरतगंज चौराहे पर पानी भर गया और पास में ही स्थित विधानभवन भी जलभराव से नहीं बच सका. उन्होंने बताया कि इस वक्त राज्य विधानमंडल का मानसूत्र सत्र चल रहा है. सूत्रों के मुताबिक भारी बारिश से विधानभवन के निचले हिस्सों में स्थित गलियारों और दफ्तरों में करीब कई इंच तक पानी भर गया. समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में कर्मचारी वाइपर तथा बाल्टी की मदद से पानी निकालते देखे गये. समाजवादी पार्टी (सपा) महासचिव और विधायक शिवपाल सिंह यादव ने विधानभवन में हुए जलभराव के दो वीडियो सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर साझा करते हुए सरकार पर तंज किया. उन्होंने कहा, 'बजट की सबसे अधिक आवश्यकता प्रदेश विधानसभा को है. एक मूसलाधार बारिश में यह हाल है तो बाकी प्रदेश भगवान भरोसे है.'



### नोएडा में झुग्गी में आग तीन बच्चियों की हुई मौत

**नोएडा।** नोएडा के फेस-वन थानाक्षेत्र में बुधवार तड़के एक झुग्गी में आग लग गई जिससे तीन बच्चियों की मौत हो गयी. पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रामबदन सिंह ने बताया कि तड़के करीब तीन बजकर 40 मिनट पर फेस-वन थाना क्षेत्र में सेक्टर आठ में दौलत राम की झुग्गी में आग लग गयी. उन्होंने बताया कि इस घटना में दौलत राम (32), उसकी तीन बेटियां आस्था (10), नैना (सात) एवं आराध्या (पांच) बुरी तरह से झुलस गए. उन्होंने बताया कि चारों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने नैना, आस्था और आराध्या को मृत घोषित कर दिया.

## हैरिस ने अपना नामांकन किया पक्का

- **राष्ट्रपति पद :** भारतवंशी नेता अर्हता प्राप्त करने वाली एकमात्र डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनीं

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पक्का कर लिया है, क्योंकि वह देश भर से पार्टी के प्रतिनिधियों से 'वर्चुअल रोल कॉल' वोट के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली एकमात्र उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं. डेमोक्रेटिक पार्टी ने आधिकारिक समय सीमा समाप्त होने के बाद मंगलवार रात घोषणा की कि देश भर से 3,923 प्रतिनिधियों ने हैरिस के डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से नामांकन के लिए आवेदन दिए थे और उन्हें भाग लेने वाले 99 प्रतिशत प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हुआ. डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी (डीएनसी) के अध्यक्ष जैमे हैरिसन और डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन कमेटी (डीएनसीसी) की अध्यक्ष मिनियन मूर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि कोई भी अन्य उम्मीदवार मतपत्र के लिए अर्हता प्राप्त करने के संबंध में 300 प्रतिनिधि हस्ताक्षर की सीमा को पूरा नहीं कर सका. बयान में कहा गया कि 'वर्चुअल रोल कॉल' पर वोटिंग एक अगस्त को शुरू होगी और पांच अगस्त को समाप्त होगी. यह वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से हैरिस आधिकारिक रूप से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बन जाएंगी. इस बीच, हैरिस ने जॉर्जिया के अटलांटा शहर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बहस के लिए चुनौती देते हुए कहा है कि उन्हें जो भी कहना है, वह उनके सामने कहें.



**सीपीपी की बैठक** कांग्रेस नेता ने दिया पार्टी नेताओं को जीत का मंत्र, मोदी ने लोस चुनाव में हार से नहीं लिया कोई सबक

# माहौल कांग्रेस के पक्ष में, अति आत्मविश्वास में न रहें : सोनिया

एजेंसियां। नयी दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि देश में माहौल पार्टी के पक्ष में है, लेकिन अति आत्मविश्वास व आत्मसंतुष्टि नहीं होनी चाहिए तथा एकजुट होकर काम करना है. उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में भाजपा और आरएसएस पर तीखे प्रहार किए और आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार लोकसभा चुनाव में लगे झटके से सबक लेने के बजाय आज भी विभाजन और डर फैलाने की अपनी नीति पर कायम है. सीपीपी की बैठक की शुरुआत में, केरल के वायनाड में भूस्खलन में मारे गए लोगों के और बीते सप्ताह के आखिर में दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में बारिश के पानी में डूबने के कारण जान गंवाने वाले तीन विद्यार्थियों के सम्मान में कुछ देर मौन रखा गया. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए सांसदों से कहा, हमें नियमित रूप से संसद में मौजूद रहना चाहिए, हर समय सतर्क रहना चाहिए और अपनी समिति के कार्यों को गंभीरता से लेना चाहिए. बैठक के बाद कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने बताया कि एक प्रस्ताव पारित कर सोनिया गांधी को अधिकृत किया गया कि वह सीपीपी के पदाधिकारियों की नियुक्ति करें.



**मोदी सरकार जाति जनगणना नहीं कराएगी :** सोनिया गांधी ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार का जाति जनगणना कराने का कोई इरादा नहीं है. इसका मतलब यह भी है कि कम 12 करोड़ नागरिक 2013 के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित हैं. उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों का हवाला देते हुए कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में बेहद परेशान करने वाली खबर है. पिछले कुछ हफ्तों में अकेले जम्मू क्षेत्र में कम से कम 11 आतंकी हमले हुए हैं.

### भाजपा व आरएसएस पर किए तीखे हमले

संसदीय दल के प्रमुख के तौर पर दिए गए अपने भाषण में सोनिया गांधी ने मोदी सरकार, भाजपा एवं आरएसएस पर तीखे हमले किए. उन्होंने कहा, हमें लगता था कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में लगे बड़े झटके से सही सबक लेगी. इसके बजाय, वह समुदायों को विभाजित करने तथा भय और शत्रुता फैलाने की अपनी नीति पर कायम है. सोनिया गांधी ने यूपी में कांवर यात्रा के मार्ग में दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के शासनादेश से जुड़े विवाद का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा कि सौभाग्य से सुप्रीम कोर्ट ने सही समय पर हस्तक्षेप किया.

### तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए भरा जोश

सोनिया गांधी ने महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव की संभावना के मद्देनजर पार्टी नेताओं में जोश भरने का प्रयास किया. कहा, कुछ ही महीनों में चार राज्यों में चुनाव होने हैं. हमें लोस चुनाव में बनी स्थिति को बरकरार रखना चाहिए. हमें आत्मसंतुष्ट व अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए. माहौल हमारे पक्ष में है, लेकिन हमें लक्ष्य को ध्यान में रखने की भावना के साथ एकजुट होकर काम करना होगा. यदि हम आगामी चुनावों में भी बेहतर प्रदर्शन करती है, तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा.

### बजट में किसान-युवा किए गए नजरअंदाज

उन्होंने कहा, मैं दोनों सदनों के हमारे नेता प्रतिपक्ष और हमारे सहयोगियों को बधाई देती हूं जिन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी गठबंधन इंडिया के सहयोगी दलों के साथ-साथ हमारी पार्टी के विचारों को जोरदार तरीके से व्यक्त किया. सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में किसानों और युवाओं की मांगों को नजरअंदाज किया गया है. प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और अन्य लोगों द्वारा बजट और इसकी तथाकथित उपलब्धियों के बारे में बात करने के बावजूद व्यापक निराशा हुई है. केंद्र सरकार का शीर्ष नेतृत्व भ्रम की स्थिति में है.

## भारत में लड़ाकों की भर्ती करना चाहता है आईएसआईएल-के

- **संरा की रिपोर्ट :** अपने आकाओं के जरिए अपनी योजनाओं को अंजाम देना चाहता आतंकी समूह

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूह 'इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवंत-खोरासान' (आईएसआईएल-के) भारत में बड़े पैमाने पर हमले न कर पाने के बावजूद इस देश में स्थित अपने आकाओं के माध्यम से ऐसे लड़ाकों की भर्ती करना चाहता है जो अकेले ही हमलों को अंजाम दे सकें.

आईएसआईएल, अल-कायदा और उससे जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के बारे में विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की 34वीं रिपोर्ट मंगलवार को यहां जारी की गई. इसमें कहा गया है कि सदस्य देशों ने चिंता जतायी है कि अफगानिस्तान से पैदा होने वाला आतंकवाद क्षेत्र में असुरक्षा का कारण बनेगा. रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत में बड़े पैमाने पर हमले न कर पाने के बावजूद आईएसआईएल-के देश में अपने आकाओं के जरिए ऐसे लोगों की भर्ती करना चाहता है जो अकेले हमलों को अंजाम दे सके और उसने उर्दू में हिंदू-मुस्लिम द्वेष को बढ़ाने वाली तथा भारत के संबंध में अपनी रणनीति को रेखांकित करने वाली एक पुस्तिका जारी की है.'

कहा गया है कि आईएसआईएल-के इस क्षेत्र में सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है, जो अफगानिस्तान से परे आतंक फैला रहा है, जबकि 'अल-कायदा रणनीतिक संयम बरतता है' और तालिबान के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)